Weather Report
अधिकतम तापमान: 32.0c
न्यूनतम तापमान: 21.0c
हवा गति: 11 कि./घं.
जयपुर सूर्योदय समय
सुबह: 6.06

दैनिक
# संजीवनी टुडे
sanjeevnitoday.com
समय के साथ बढ़ता अखबार

वर्ष: 11 अंक: 74
जयपुर, शनिवार, 24 अगस्त 2024
पृष्ठ:8 मूल्य: ‘1.50

अब होगी खुशियों की बात संजीवनी टुडे के साथ
जन्मदिवस, वैवाहिक वर्षगांठ एवं नियुक्ति बधाई संदेश
मात्र 1100/- में
साईज 8X8 cm
संजीवनी टुडे
e-mail: sanjeevnitoday@gmail.com

### मोदी ने जेलेंस्की को भारत आने का न्योता दिया: बोले

# मैंने पुतिन की आंख से आंख मिलाकर कहा, यह युद्ध का समय नहीं

■ संजीवनी टुडे

कीव। रूस और यूक्रेन में ढाई साल से जारी जंग के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को यूक्रेन पहुंचे। यहां राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की के साथ बैठक में मोदी ने कहा, ''भारत हमेशा से शांति के पक्ष में रहा है। मैं कुछ दिन पहले रूस के राष्ट्रपति पुतिन से मिला था। तब मैंने मीडिया के सामने उनकी आंख से आंख मिलाकर कहा था कि यह युद्ध का समय नहीं है। मोदी और जेलेंस्की के बीच यूक्रेन के मैरिंस्की पैलेस में करीब 3 घंटे बैठक हुई। उन्होंने जेलेंस्की को भारत आने का न्योता दिया। बैठक के बाद विदेश मंत्री एस जयशंकर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि दोनों नेताओं ने भारत के रूस से तेल खरीदने पर भी बात की। जयशंकर ने कहा, ''तेल खरीदी का फैसला मार्केट की हालत के हिसाब से लिया जाता है। इसके पीछे कोई राजनीतिक कारण नहीं है। इससे पहले मोदी जेलेंस्की के साथ यूक्रेन नेशनल म्यूजियम पहुंचे, जहां उन्होंने जंग में मारे गए बच्चों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने बच्चों के मेमोरियल पर डॉल भी रखी। इससे पहले पीएम मोदी 21 और 22 अगस्त को दो दिन के पोलैंड दौरे पर गए थे। यहां उन्होंने एक बार फिर यूक्रेन संकट का समाधान बातचीत के जरिए निकालने की बात कही थी। पीएम मोदी 22 अगस्त को देर रात एक स्पेशल ट्रेन से यूक्रेन के लिए रवाना हुए थे।



## जेलेंस्की बोले- पुतिन को रोक सकता है भारत

यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने पीएम मोदी के यूक्रेन दौरे को लेकर मीडिया से बात की। उन्होंने कहा कि भारत एक बड़ा देश है, उसका प्रभाव अधिक है। जेलेंस्की ने कहा कि भारत पुतिन को रोक सकता है। उन्होंने कहा कि भारत अपनी भूमिक निभाएगा। प्रधानमंत्री मोदी यूक्रेन का दौरा पूरा हो गया है। वे राजधानी कीव से शाम 7 बजकर 30 मिनट पर ट्रेन से पोलैंड के लिए रवाना हो गए हैं। यहां से फ्लाइट के जरिए भारत लौटेंगे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने इसकी जानकारी दी है। यूक्रेन के दौरे पर जाने वाले पीएम मोदी पहले भारतीय प्रधानमंत्री हैं। 1991 में यूक्रेन की स्थापना के बाद से कोई भी भारतीय प्रधानमंत्री यूक्रेन नहीं गया था। यूक्रेन दौरा पूरा करने के बाद पीएम मोदी शुक्रवार शाम 7 बजकर 30 मिनट पर कीव से पोलैंड के लिए रवाना हुए। वे यूक्रेन जाने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री हैं। 1991 में सोवियत संघ के टूटने के बाद यूक्रेन का गठन हुआ था।

## पीएम मोदी ने कीव में यूक्रेनी बच्चों से मुलाकात की

प्रधानमंत्री मोदी ने कीव के स्कूल ऑफ ओरिएंटल स्टडीज में हिंदी सीख रहे यूक्रेनी बच्चों से मुलाकात की। मोदी ने कहा, ''भारत के लिए संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान सबसे जरूरी है। मैं कुछ दिन पहले रूस के राष्ट्रपति पुतिन से मिला था। तब मैंने उनकी आंख से आंख मिलाकर कहा था कि यह युद्ध का समय नहीं है। घ्र मोदी ने कहा कि शांति के हर प्रयास में भारत सक्रिय भूमिका निभाने के लिए तैयार है। अगर व्यक्तिगत तौर मैं कोई योगदान कर सकता हूं, तो एक मित्र की तरह मैं यह जरूर करना चाहूंगा। तब से आज तक किसी भी भारतीय प्रधानमंत्री ने यूक्रेन का दौरा नहीं किया था। दोनों देशों के बीच 1992 में राजनयिक संबंध स्थापित हुए थे। पीएम मोदी ने कहा, ''हम जंग पर कभी भी तटस्थ नहीं रहे हैं। हम पहले दिन से शांति के पक्ष में रहे हैं। हम बुद्ध की धरती से आए हैं, जहां युद्ध का कोई स्थान नहीं है। हम महात्मा गांधी की धरती से आते हैं, जिन्होंने पूरी दुनिया को शांति का संदेश दिया है। पीएम मोदी ने कहा कि 140 करोड़ भारतीयों की भावना मानवता से भरी है। मैं यूक्रेन की धरती पर शांति का संदेश लेकर आया हूं। पीएम मोदी ने कहा, ''म्यूजियम में जंग के दौरान मारे गए बच्चों के बारे में जानकारी मिलने के बाद मेरा दिल भर आया है। मैं इससे बेहद दुखी हूं। किसी भी सभ्य समाज में युद्ध में बच्चों के मारे जाने जैसी घटना को स्वीकार नहीं किया जा सकता है।

### जेडीए में तहसीलदार, जेईएन समेत 7 लोग रिश्वत लेते गिरफ्तार

# पटवारी के पति ने की डील, पैसे अलमारी के पीछे फेंके, कपड़ों के अंदर छुपाए

■ संजीवनी टुडे

जयपुर। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने शुक्रवार शाम तहसीलदार, जेईएन, पटवारी समेत 7 लोगों को रिश्वत लेते गिरफ्तार किया। इएउ की टीम ने जयपुर विकास प्राधिकरण के जोन नंबर-9 में छापेमारी की। टीम ने आरोपियों के कब्जे से रिश्वत के 1.50 लाख रुपए भी जब्त किए हैं। बताया जा रहा है कि आरोपियों ने पीड़ित से करीब 13 लाख रुपए की डिमांड की थी। अंत में 1.50 लाख रुपए में डील तय हुई। एडिशनल एसपी हिमांशु कुलदीप ने बताया- तहसीलदार लक्ष्मीकांत गुप्ता, जेईएन खेमराज मीणा, पटवारी रविकांत शर्मा, पटवारी विमला मीणा, गिरदावर रुक्मणी (पटवारी का चार्ज), गिरदावर श्रीराम शर्मा और दलाल महेश मीणा को पकड़ा है। महेश पटवारी विमला का पति है, जो पूरी डील करवा रहा था। इनके पास से रिश्वत के 1.50 लाख रुपए मिले हैं। इसमें तहसीलदार को 50 हजार, जेईएन को 40 हजार और बाकी अन्य सभी में बांटे गए थे। एसीबी टीम को एक लाख रुपए अलग से भी मिले हैं। इन सभी आरोपियों के घरों पर तलाशी चल रही है। लैंड (भूमि) कंवर्जन के काम को लेकर पीड़ित से सितंबर 2023 से रुपए की मांग की जा रही थी। पीड़ित ने जोन नंबर-9 के तहसीलदार, जेईएन,



पटवारी, गिरदावर से कई बार मुलाकात कर काम करने की रिक्वेस्ट की। इसके बाद रुपए की मांग को लेकर लगातार उसे परेशान किया जा रहा था। इस दौरान पटवारी विमला मीणा के पति महेश (जेडीए में एजेंट का काम करता है) ने काम कराने के लिए 12 से 13 लाख रुपए की डिमांड रखी। कई बार बात करने के बाद 1.50 लाख रुपए में डील तय हुई। पीड़ित ने एसीबी ऑफिस में शिकायत दी। इसके बाद एसीबी ने 20 से अधिक टीमें बनाईं। जेडीए के जोन-9 की जांच करनी शुरू की। मामला सही पाए जाने पर शुक्रवार शाम 6 बजे पीड़ित को रिश्वत के 1.50 लाख रुपए लेकर भेजा गया। रिश्वत की राशि सभी को बंटने के बाद एसीबी ने रेड मारी। एसीबी टीम को देखकर घूसखोरों ने रुपए अलमारी के पीछे दीवार की तरफ और अपने अंडरगारमेंट्स में छुपा लिए।

### यूपी की बस नेपाल में नदी में गिरी

# 27 यात्रियों की मौत, 40 से ज्यादा लोग सवार थे, पोखरा से काठमांडू जाते समय हादसा

■ संजीवनी टुडे

गोरखपुर/काठमांडू। उत्तर प्रदेश के गोरखपुर की एक बस शुक्रवार (23 अगस्त) को नेपाल की मार्स्यांग्डी नदी में गिर गई। हादसे में 27 यात्रियों की मौत हो गई है। 10 घायल हैं। घायलों को पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बस में 40 से ज्यादा यात्री सवार थे। बस नेपाल के पोखरा से काठमांडू जा रही थी। तभी तनहुन जिले के आइना पहाड़ा में सुबह 11.30 बजे हाईवे से लगभग 500 फीट नीचे नदी में गिर गई। बस में सवार यात्री महाराष्ट्र में भुसावल के रहने वाले थे। सभी नेपाल घूमने गए थे। तनहुन के मुख्य जिला अधिकारी जनार्दन गौतम ने बताया कि कुछ घायलों ने इलाज के दौरान दम तोड़ा। नेपाल पुलिस, सशस्त्र पुलिस बल और नेपाल सेना सर्च और रेस्क्यू ऑपरेशन चला रही है। सशस्त्र पुलिस बल के 45 जवानों की एक टीम भी घटनास्थल पर मौजूद है। नेपाल सेना का एक एमआई-17 हेलिकॉप्टर मेडिकल टीम को लेकर काठमांडू से तनहुन पहुंचा। 12 गंभीर घायल यात्रियों को एयर लिफ्ट कर काठमांडू लाया गया। बस के ड्राइवर और कंडक्टर, दोनों की बस हादसे में मौत हो गई। यूपी के राहत आयुक्त ने बताया कि 16 लोगों बचाया गया है। नेपाली सेना, पुलिस और सशस्त्र पुलिस बल सर्च और रेस्क्यू ऑपरेशन



चला रही है। सड़क से नीचे गिरने के कारण बस की छत उड़कर अलग हो गई। नेपाल पुलिस ने घायलों को रेस्क्यू किया। तनहुन पुलिस के मुताबिक, बस में फंसे लोगों का रेस्क्यू किया गया है। सड़क से नदी की गहराई लगभग 500 फीट बताई जा रही है। रोपवे की मदद से घायलों को सड़क की तरफ पहुंचाया जा रहा है। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नेपाल बस हादसे में मदद के निर्देश दिए हैं। रिलीफ कमिश्नर जीएस नवीन ने नेपाल सरकार के अधिकारियों से बात की। नेपाल में तैनात भारतीय पुलिस के सीनियर अधिकारियों के साथ कोऑर्डिनेट किया जा रहा है। यूपी सरकार के रिलीफ कमिश्नर ने बताया कि यह एक ट्रैवलर बस थी। इसलिए बस में यूपी और दूसरे राज्यों के लोगों के होने की भी संभावना है। नेपाल के अधिकारियों से संपर्क करके लोगों की जानकारी जुटाई जा रही है। महाराजगंज के एसडीएम को नेपाल भेजा गया है।

## महाराष्ट्र से 3 बसें नेपाल यात्रा पर गई थीं

गोरखपुर डीएम कृष्णा करुणेश ने बताया कि हादसे का शिकार हुई बस गोरखपुर के केसरवानी टूर एंड ट्रेवल्स एजेंसी की है। यह गोरखपुर के धर्मशाला बाजार इलाके में रहने वाले सौरभ केसरवानी की पत्नी शालिनी केसरवानी के नाम पर रजिस्टर्ड है। महाराष्ट्र से करीब 4 महीने पहले केसरवानी ट्रेवल्स की 3 बसों की नेपाल जाने के लिए बुकिंग हुई थी। तीनों बसें 20 अगस्त को नेपाल पहुंचीं। 10 दिन इन्हें नेपाल में घूमना था। एक बस आज नदी में गिर गई। बताया जा रहा है कि दूसरी बसों में सवार लोग नेपाल के मुगलिंग में रुके हुए हैं। उनसे संपर्क स्थापित करने की कोशिश की जा रही है। बस के मालिक विष्णु केसरवानी ने बताया कि हमारी तीन बसें गोरखपुर से नेपाल गईं थीं। इनमें महाराष्ट्र के लोग थे। हमने सभी को इलाहाबाद से पिक किया था। यहां से चित्रकूट ले गए। फिर अयोध्या आए थे। अयोध्या से गोरखपुर होते हुए सुनौली और लुंबिनी गए थे। वहां से पोखरा गए थे।

### यौन शोषण केस में बृजभूषण सिंह कोर्ट में पेश हुए

# अदालत बोली, महिला पहलवान सहज नहीं, उनके बयान खुले तौर पर नहीं होंगे

■ संजीवनी टुडे

पानीपत। भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण पर यौन शोषण का आरोप लगाने वाली पहलवानों की सुरक्षा हटाने पर दिल्ली पुलिस ने जवाब दिया। कोर्ट में दिल्ली पुलिस ने कहा कि 'पहलवानों की सुरक्षा वापस नहीं ली गई है। यह निर्णय लिया गया कि भविष्य में हरियाणा पुलिस से सुरक्षा की जिम्मेदारी संभालने का आह्वान किया जाए, क्योंकि जिन्हें सुरक्षा मुहैया कराई गई है वे आमतौर पर हरियाणा में ही रहते हैं। दिल्ली पुलिस ने कहा- सुरक्षा में नियुक्त दिल्ली पुलिस के निजी सुरक्षा अधिकारियों ने इस निर्णय को गलत तरीके से समझा और पहलवानों की सुरक्षा के लिए आज देरी से पहुंचे। इसे सुधार लिया गया है। लगातार सुरक्षा मुहैया कराई जा रही है। इससे पहले सुनवाई के दौरान कोर्ट ने महिला पहलवानों को बयान दर्ज करवाने के 2 विकल्प दिए। इसमें कहा कि अगर वह कोर्ट रूम में गवाही देने में सहज हैं तो इसकी खुली सुनवाई करेंगे। अगर वे सहज नहीं हैं तो फिर उन्हें 'कमजोर गवाह' मानकर उनके बयान दर्ज किए जाएंगे। फैसला पहलवानों पर निर्भर करता है। इसके बाद कोर्ट ने पहलवानों की सहमति पर कहा कि उनकी गवाही जज के सामने होगी।




## कौन होता है 'कमजोर गवाह'

सुप्रीम कोर्ट ने करीब 2 साल पहले 'कमजोर गवाह' की परिभाषा के दायरे का विस्तार किया था। पहले इसमें 18 साल से कम उम्र के किशोर हुआ करते थे, लेकिन विस्तार के बाद इसमें उम्र की बंदिश हटा दी गई। इसमें यौन उत्पीड़न और मानसिक बीमारी से पीड़ित गवाह भी शामिल कर लिए गए। सुप्रीम कोर्ट ने तय किया कि इन कमजोर गवाहों की गवाही दर्ज करने के लिए सुरक्षित और किसी तरह के विघ्न से दूर माहौल वाली सुविधाएं दी जाएं। इसमें बृजभूषण के वकील भी शामिल नहीं होंगे। यह बयान कोर्ट रूम के साथ वाले कमरे में होंगे। इस पर बृजभूषण के वकील ने कोर्ट को कहा कि महिला पहलवानों की गवाही जज के आगे जरूर हो, लेकिन कोर्ट रुम में गवाह के अलावा दूसरा कोई न हो। सुनवाई के दौरान बृजभूषण भी कोर्ट में हाजिर रहे। जनवरी 2023 में दिल्ली के जंतर-मंतर पर बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ बजरंग पूनिया, विनेश फोगाट, साक्षी मलिक समेत कई पहलवानों ने धरना-प्रदर्शन शुरू किया था। गुरुवार (22 अगस्त) को मुकदमा करने वाली 3 महिला पहलवानों की सिक्योरिटी हटा लेने पर अदालत ने दिल्ली पुलिस को फटकार लगाई थी। महिला रेसलर्स ने दिल्ली की अदालत में याचिका दायर कर आरोप लगाया था कि शुक्रवार को एक पहलवान की कोर्ट में गवाही होनी है, लेकिन इस गवाही से एक दिन पहले दिल्ली पुलिस ने उनकी सुरक्षा वापस ले ली। अदालत ने इस याचिका पर पहल के आधार पर सुनवाई की।

# केजरीवाल की जमानत याचिका पर सुनवाई 5 सितंबर तक टली

■ संजीवनी टुडे

## सीबीआई ने जवाब दाखिल करने के लिए सुप्रीम कोर्ट से समय मांगा

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने शराब नीति केस से जुड़े एउक्रकेस में एख्र केजरीवाल की जमानत याचिका पर सुनवाई 5 सितंबर तक के लिए टाल दी है। कोर्ट ने 14 अगस्त की सुनवाई में जांच एजेंसी से जवाब मांगा था। सीबीआई ने कोर्ट में बताया कि एक मामले में जवाब दाखिल कर दिया है जबकि दूसरे केस में जवाब देने के लिए उसे और समय चाहिए। केजरीवाल के वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा- एक केस में एउक्र का जवाब बुधवार रात 8 बजे मिला है। एजेंसी की अपील पर कोर्ट ने सीबीआई को एक हफ्ते का समय दिया है। उधर सीबीआई ने शुक्रवार को कहा- उन्हें शराब नीति मामले में अरविंद केजरीवाल और आप विधायक दुर्गेश पाठक पर केस चलाने की मंजूरी मिल गई है।



सीबीआई ने दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में मंजूरी के दस्तावेज दिए। मामले की अगली सुनवाई 27 अगस्त को होगी। केजरीवाल के खिलाफ ईडी और सीबीआई का केस चल रहा है। ईडी मामले में उन्हें पहले ही जमानत मिल चुकी है। वहीं सीबीआई केस में वह जेल में बंद हैं। केजरीवाल के वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कोर्ट से कहा- दिल्ली के मुख्यमंत्री को मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट की धारा 45 के सख्त प्रावधानों के बावजूद तीन बार जमानत मिल चुकी है। उन्होंने 10 मई और 12 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट द्वारा दी गई अंतरिम जमानत आदेशों और 20 जून को पीएमएलए मामले में ट्रायल कोर्ट द्वारा दिए गए नियमित जमानत का भी हवाला दिया। सिंघवी ने कहा- ऐसे में केजरीवाल को जमानत देनी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने क्कके मनी लॉन्ड्रिंग केस में अरविंद केजरीवाल को 12 जुलाई को जमानत दे दी थी। जमानत देते हुए जस्टिस संजीव खन्ना ने कहा था कि केजरीवाल 90 दिन से जेल में हैं।

### हैड कांस्टेबल बाबूलाल बैरवा मामले पर सरकार ने सादी चुप्पी, वार्ता हेतु नहीं पहुंचा सरकार का कोई भी प्रतिनिधि

# दो करोड़ व दो सरकारी नौकरी देने की कि मांग, डिप्टी सीएम प्रेमचंद बैरवा मुर्दाबाद के लगे नारे

■ संजीवनी टुडे

जयपुर। हैड कांस्टेबल बाबूलाल बैरवा की आत्महत्या का मामला गहराता जा रहा है, जिसके बाद उनके परिजनों ने न्याय की मांग करते हुए सवाई मानसिंह चिकित्सालय की मोर्चरी के बाहर धरना शुरू कर दिया है जहां हजारों की भीड़ प्रदर्शन मे जुटी हुई है वही अब इस मामले की गूंज राजनैतिक गलियारों में भी सुनाई देने लगी है। धरना स्थल पर धरना दे रहे सामाजिक कार्यकर्ता रवि मेघवाल,धर्मेद्र जाटव व गीगराज जोड़ली ने बताया कि यह आत्महत्या नहीं हत्या है। दो दिन बीत जाने के बाद भी सरकार का कोई नुमाइंदा अभी तक धरना स्थल पर नहीं पहुंचा है जिससे प्रदर्शन कर रहे लोगों मे आक्रोश है यहां तक कि मृतक बाबूलाल बैरवा के क्षेत्रिय विधायक व सूबे के उप मुख्यमंत्री प्रेम चंद बैरवा ने भी अभी तक मामले की सुध नहीं ली है और न ही वे धरना स्थल तक पहुंचे है।

इस दौरान लोगो ने अपना आपा खो दिया व प्रेमचंद बैरवा मुर्दाबाद के नारे लगाने लगे। इसी दौरान उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा अधिकारियों के साथ अपनी मीटिंग लेते रहे लेकिन धरना स्थल पर जाने की तो दूर उन्होनें मामले पर कुछ भी नहीं कहा




जिससे लोगों मे आक्रोश व्याप्त है। इस दौरान भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी के नेता व सीकर सासंद अमराराम ,कांग्रेस विधायक अमीन कागजी,पूर्व मंत्री ममता भूपेश,कांग्रेस नेता अभिषेक चौधरी, विनोद जाखड़ सहीत अन्य नेता पहुंचे और परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने परिजनों को आश्वासन दिया कि वे उनके साथ खड़े हैं और इस मामले में न्याय दिलाने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व सांसद चंद्रशेखर आज़ाद ने पीड़ित परिवार से बात कर सांत्वना दी है व उचित कार्रवाई का भरोसा दिलाया है व साथ ही सहा कि अगर जरूरत पड़ी तो वे खुद धरना स्थल पर आयेंगे।

बाबूलाल बैरवा के परिजनों का आरोप है कि कार्यस्थल पर हो रहे मानसिक तनाव के कारण बाबूलाल ने आत्महत्या की। वे पुलिस विभाग में व्याप्त समस्याओं और दबाव की निष्पक्ष जांच की मांग कर रहे हैं। इस घटना के बाद भांकरोटा क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। स्थानीय लोग भी इस धरने में शामिल होकर परिजनों के साथ अपनी एकजुटता दिखा रहे हैं। जनता और नेताओं का आक्रोश बढ़ता जा रहा है, जिससे सरकार और पुलिस प्रशासन पर भी दबाव बढ़ रहा है।

मामले की गंभीरता को देखते हुए धरना जारी है, और उम्मीद की जा रही है कि सरकार और पुलिस प्रशासन जल्द ही इस पर उचित कार्रवाई करेंगे। यह मामला स्थानीय स्तर पर ही नहीं, बल्कि व्यापक स्तर पर भी ध्यान आकर्षित कर रहा है, जिससे सरकार पर मामले की जांच के लिए दबाव बढ़ता जा रहा है। इससे पहले बाबूलाल बैरवा के पुत्र तनुज गोठवाल ने चार नामजद लोगों पर भांकरोटा थाने मे मुकदमा दर्ज करवाया जिनमे एडिशनल डीसीपी जगदीश व्यास, एसीपी अनिल शर्मा, सब इंस्पेक्टर आशुतोष सिंह व पत्रकार कमल देगडा़ के नाम शामिल है। मामले की जांच एसीपी अमीर हसन को सौपी है।

### कोलकाता रेप-मर्डर केस, आरोपी समेत 6 का पॉलीग्राफी टेस्ट होगा

# इनमें पूर्व प्रिंसिपल और पीड़ित के साथ डिनर करने वाले 4 डॉक्टर भी शामिल

■ संजीवनी टुडे

नई दिल्ली। कोलकाता में ट्रेनी डॉक्टर का रेप-मर्डर करने वाले आरोपी संजय रॉय समेत 6 का पॉलीग्राफी टेस्ट होगा। इनमें कॉलेज के पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष के अलावा पीड़ित डॉक्टर के साथ 8 अगस्त की रात डिनर करने वाले 4 डॉक्टर भी शामिल हैं। शुक्रवार (23 अगस्त) को एउक्र ने मुख्य आरोपी संजय रॉय को सियालदह की स्पेशल कोर्ट ने पेश किया। जहां कोर्ट ने उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। सुनवाई के दौरान ही संजय पॉलीग्राफी टेस्ट के लिए भी तैयार हो गया था। आरजी कर मेडिकल कॉलेज में 9 अगस्त को एक ट्रेनी डॉक्टर से रेप और मर्डर के विरोध में कोलकाता के डॉक्टर्स आज 15वें दिन (23 अगस्त) भी हड़ताल पर हैं। उन्होंने कहा- हमें न्याय नहीं मिला है। इसलिए काम पर नहीं लौटेंगे। इधर, दूसरे संगठनों यूनाइटेड डॉक्टर्स फ्रंट एसोसिएशन, रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन, फ़ेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया मेडिकल एसोसिएशन ने हड़ताल खत्म कर दी। भाजपा कार्यकर्ताओं ने पश्चिम बंगाल के पूर्व मेदिनीपुर जिले के नंदीग्राम पुलिस थाने का घेराव किया।

## इन सवालों को लेकर जांच कर रही सीबीआई




डॉक्टर रेप-मर्डर केस की जांच कर रही सीबीआई की जांच के घेरे में कई सवाल हैं। सीबीआई इस बात की जांच कर रही है कि इस अपराध को बिना किसी बाधा के सेमिनार हॉल में अंजाम दिया गया। उस हॉल के दरवाजे का टॉवर बोल्ट टूटा हुआ मिला। शुरुआती जांच में पता चला है कि टॉवर बोल्ट टूटने के कारण दरवाजा कुछ समय से खराब था। सीबीआई यह भी पता लगाने की कोशिश में है कि क्या कोई दूसरा शख्स सेमिनार हॉल के बाहर तैनात था। इसकी पुष्टि के लिए सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है। अधिकारी इसकी जांच भी कर रहे हैं कि जब घटना को अंजाम दिया जा रहा था, तो सेमिनार हॉल के अंदर से कोई आवाज क्यों नहीं सुन सका। भाजपा समर्थकों ने चिनसुरा, सिउरी, मिदनापुर और बांकुरा पुलिस थानों का भी घेराव किया। कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने कपिल सिब्बल को ट्रेनी डॉक्टर रेप मर्डर केस से हटने की सलाह दी है।

## खबरें फटाफट

### जिला मजिस्ट्रेट ने प्रत्याहरित की निषेधाज्ञा

■ संजीवनी टुडे

उदयपुर। जिला मजिस्ट्रेट अरविन्द पोसवाल ने उदयपुर शहर में शांति, सौहार्द और कानून व्यवस्था बनाए रखने को लेकर गत 16 अगस्त को लागू की गई निषेधाज्ञा शुक्रवार को प्रत्याहरित करने के आदेश जारी किए। आदेश के अनुसार 16 अगस्त को शहर के सूरजपोल थाना क्षेत्र में घटित घटना को दृष्टिगत रखते हुए जिले में सांप्रदायिक सद्भाव एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा असामाजिक, अवांछित एवं बाधक तत्वों की गतिविधियों को नियंत्रित करने व लोक शांति बनाए रखने के लिए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 (पुरानी धारा 144) के अंतर्गत निषेधाज्ञा लागू की गई थी। आदेश में कहा कि वर्तमान में जनजीवन सामान्य होने से लागू किए गए प्रतिबंधों को शुक्रवार 23 अगस्त 2024 को तत्काल प्रभाव से प्रत्याहरित किया जाता है।

### सौ दिवसीय विशेष जागरूकता अभियान आयोजित



■ संजीवनी टुडे

डूंगरपुर। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा सौ दिवसीय विशेष जागरूकता अभियान के तहत कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। 10 वें सप्ताह के तहत महिला अधिकारिता विभाग द्वारा सेण्टपॉल मित्र निवास स्कूल में ब्लॉक स्तरीय आत्म रक्षा प्रशिक्षण में भाग ले रही शारीरिक शिक्षिकाओं को जेण्डर स्पेशलिस्ट श्री राकेश वैष्णव ने महिला केनद्रित योजनाओं की जानकारी प्रदान की। साथ ही महिलाओं के साथ हो रहें लैंगिक भेदभाव की रोकथाम हेतु विभाग द्वारा संचालित मिशन शक्ति योजना और अन्य विभागीय प्रयासों की जानकारी प्रदान की । ओएससी, एमएसएसके के बारे में बताया गया जिससे कि भविष्य में उनको अगर किसी भी प्रकार की समस्या होती है, तो वे इन केंद्रों के माध्यम से सहायता प्राप्त करके अपनी समस्या का समाधान प्राप्त कर सकते हैं।

### पशु प्रजनन प्रबंधन पर निर्भर पशु उत्पादन



■ संजीवनी टुडे

उदयपुर। पशुपालन प्रशिक्षण संस्थान में पशु प्रजनन प्रबंधन विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। उपनिदेशक डॉ. सुरेन्द्र छंगाणी ने कहा कि पशु उत्पादन में वृद्धि के लिये पशुओं का प्रजनन प्रबंधन उपयुक्त होना चाहिए। छंगाणी ने कहा कि पशुपालक अपने क्षेत्र में पशुपालन का कार्य करें तब पशु प्रजनन को गंभीरता से लें। पशु ब्याने के पश्चात पुनः 3-4 महिने के अन्दर दोबारा गर्भधारण करना अच्छी प्रजनन क्षमता दर्शाता है। संस्थान के वरिष्ठ प्रशिक्षण अधिकारी डॉ. पदमा मील ने बताया कि पशुओं की उत्तम प्रजनन क्षमता एवं उनकी उत्पादन क्षमता बनाए रखने हेतु उनके आहार में पोषक तत्वों का उचित मात्रा व सही अनुपात में होना आवश्यक है। स्थान के वरिष्ठ प्रशिक्षण अधिकारी डॉ. सुरेश शर्मा ने प्रजनन संबंधित रोगों के प्रति सतर्कता बरतने को कहा जिससे उत्पादन की निरंतरता बनी रहे।

### हिंदुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स राजस्थान राज्य की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक सम्पन्न



■ संजीवनी टुडे

उदयपुर। हिंदुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स राजस्थान राज्य की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक आज 23 अगस्त 2024 को मंथन सभागार शिक्षा संकुल जयपुर में आयोजित हुई। राज्य सचिव नरेंद्र औडिच्य ने बताया कि राज्य मुख्य आयुक्त एवं शासन सचिव स्कूल शिक्षा कृष्ण कुणाल की अध्यक्षता में हुई बैठक में राज्य आयुक्त स्काउट एवं निदेशक माध्यमिक शिक्षा आशीष मोदी ,संयुक्त शासन सचिव शिक्षा ग्रुप 2 मनीष गोयल भी उपस्थित रहे इसके साथ-साथ राज्य के समस्त पदाधिकारी एवं राज्य मुख्यालय आयुक्त लेखा और वरिष्ठ लेखा अधिकारी शासन सचिवालय भावना संतलानी भी उपस्थित रही। आगामी आयोजित होने वाले शिविरों में गतिविधियों पर चर्चा एवं अनुमोदन किया गया। इस अवसर पर राज्य संगठन आयुक्त आरडी गिल, राज्य प्रशिक्षण आयुक्त प्रदीप मेघवाल, राज्य संगठन आयुक्त कविता जैन, सहायक राज्य संगठन आयुक्त जयपुर मनोज त्रिवेदी, सहायक राज्य संगठन आयुक्त उदयपुर विशाल सेन और संघठन के अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। यह जानकारी हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड के उदयपुर संभाग आयुक्त गोपाल मेहता मनोरिया ने दी।

# उदयपुर में जीएसटी भवन का किया उद्घाटन, आइस टैब एप भी किया लाँच

■ संजीवनी टुडे

उदयपुर। केंद्रीय वित्त और कॉर्पोरेट कार्य मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमन ने शुक्रवार को उदयपुर में हिरणमगरी सेक्टर 14 में नवनिर्मित जीएसटी भवन का दीप प्रज्ज्वलित कर तथा फ़ीता काटकर लोकार्पण किया। लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि करदाताओं की सहूलियत के लिए 2019 से ही जीएसटी के कार्यालयों को सुविधाजनक बनाया जा रहा है। इससे करदाताओं के मन में कोई सवाल हो या कोई समस्या हो तो आसानी से जा कर उनका समाधान करा सके। उन्होंने कहा कि अधिकारी और करदाताओं के बीच माहौल सकारात्मक होने से समस्या के समाधान करने में दिक़्क़त नहीं आएगी। जीएसटी कौंसिल में भी अधिकारी और मंत्री समस्याओं का तत्काल समाधान कर रहे है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि यहाँ के सीमेंट, टायर, फर्टिलाइजर्स, उद्योग एवं खनिज क्षेत्र का जीएसटी में बड़ा योगदान है लेकिन अब छोटे उद्योग भी विकसित हो रहे है। उन्होंने कहा कि अब मोबाइल एप के आने से एक्सपोर्ट-इम्पोर्ट में मदद मिली है। उदयपुर में सबसे ज्यादा जीएसटी रेवन्यू जिंक से आता है इसके अलावा कोल्ड ड्रिंक और पान मसाला से भी काफी मात्रा में जीएसटी आता है। उन्होंने कहा कि जीएसटी का प्रभावी क्रियान्वयन होना चाहिए और अधिकारी करतदाता के प्रति सकारात्मक रहे, जिससे कठोर कदम उठाने की आवश्यकता ही न पड़े। उन्होंने कहा कि आज जो आइस टैब एप लॉंच किया है, इससे आयातक निर्यातकों को माल तत्काल भेजने में सहायता मिलेगी।



वित्त मंत्री सीतारमन ने बताया कि उदयपुर में जो ये भवन बना है उसके लिये हमने 42 करोड़ रूपए की मंज़ूरी दी थी लेकिन यह लगभग 32 करोड़ रुपए में ही बन गया। उन्होंने कहा कि करदाताओं की समस्याओं का तत्काल समाधान होना चाहिए इससे शंका समस्या में नहीं बदलेगी । उन्होंने कहा कि जीएसटी अधिकारियों को ऐसी सोच रखनी चाहिए कि वो करदाताओं की मदद के लिए तत्पर रहे जिससे व्यवसाय को बढ़ावा मिलेगा । प्रारंभ में केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड के अध्यक्ष संजय अग्रवाल ने कहा कि इस भवन में हमने करदाताओं की सुविधा के लिए प्रावधान किये हैं एवं पर्यावरण का भी ध्यान रखा गया है। उन्होंने जीएसटी संग्रहण के बारे में अवगत करवाया। इस अवसर पर उदयपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद डॉ.मन्नालाल रावत ने कहा कि प्रधानमंत्री का विजन है कि 2047 तक विकसित भारत का सपना पूरा करने के लिए हमें तीन गुना गति से काम करना होगा। उन्होंने कहा कि उदयपुर में महाराणा प्रताप को केंद्र में रखकर पर्यटन हब बनाया जाए इसके लिए वित्तमंत्री से मदद करने का आग्रह किया। राज्यसभा सदस्य चुन्नीलाल गरासिया ने कहा कि देश में जीएसटी का संग्रहण लगातार बढ़ रहा है, जिससे देश आर्थिक उन्नति की ओर अग्रसर हो रहा है। उन्होंने वित्तमंत्री से आग्रह करते हुए कहा कि यह क्षेत्र खनिज का क्षेत्र है, खनिज क्षेत्र में सहयोग की आवश्यकता है। इस अवसर पर उदयपुर ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा, उदयपुर जिला कलेक्टर अरविन्द पोसवाल, महाराणा मेवाड़ फाउंडेशन के लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ भी उपस्थित रहे।

### केंद्रीय वित्त मंत्री से चित्रकार सूरज सोनी ने की भेंट

उदयपुर प्रवास पर आईं केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन से गुरूवार देर शाम होटल देवीगढ़ में सांसद डॉ.मन्नालाल रावत के नेतृत्व में शहर के युवा व्यवसायी और चित्रकार सूरज सोनी सहित अन्य युवाओं ने शिष्टाचार भेंट की। सांसद डॉ. रावत ने चित्रकार का परिचय कराया और मेवाड़ अंचल की चित्रशैलियों के बारे में जानकारी दी। केंद्रीय मंत्री श्रीनाथजी की पिछवाई देखकर बड़ी अभिभूत हुईं और उन्होंने इस छवि में शरद श्रृंगार को बहुत देर तक निहारकर चित्रकार के कलाकौशल की तारीफ की। इस दौरान केन्द्रीय मंत्री ने चित्रशैली की बारीकियाँ भी जानी। उन्होंने इस पिछवाई को अपने पूजा घर में रखने की बात कहते हुए चित्र को नमन किया। चित्रकार सोनी ने वित्त मंत्री को पिछवाई से संबंधित पुस्तकों के संग्रह के बारे में भी बताया, जिस पर उन्होंने बड़ी उत्सुकता से जानकारी प्राप्त की।

# जिला कलक्टर ने दूरस्थ रीछा में पहुंचकर सुनी परिवेदनाएं, निस्तारण के दिए निर्देश

■ संजीवनी टुडे

डूंगरपुर। जिला कलक्टर अंकित कुमार सिंह ने गुरुवार को साबला पंचायत समिति की ग्राम पंचायत रीछा पहुंच कर ग्राम वासियों की परिवेदनाओं को सुना तथा निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारीयों को दिशा निर्देश प्रदान किये। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय रीछा में आयोजित रात्रि चौपाल में ग्राम वासियों ने महात्मा गांधी नरेगा योजना अंतर्गत श्रमिकों के भुगतान, ग्राम पंचायत रीछा में विश्रांति ग्रह बनवाने, श्मशान घाट बनवाने, मछलियां से गनोडिया डामरीकरण सड़क बनवाने, अधूरे डामरीकरण सड़क को पूरा करवाने, रीछा से माता फला तक सड़क बनवाने, गमेला मानपरिया फला साजेला पुलिया से बामनिया तालाब खानन मोड मुख्य सड़क तक डामरीकरण करवाने, रीछा पीएचसी में चिकित्सा अधिकारी नियुक्त करवाने, झझुंआ तालाब के पीछे पुटण तक तथा राजगावाला कुआं से साजेला फुलिया तक पक्का धोरा निर्माण करवाने, विद्यालय में कक्षा कक्ष निर्माण करवाने तथा हेडपंप लगवाने, गनोडिया



माही नहर पुलिया (मछलिया गांव) को ऊंचा करवाने, सोलेज एनीकट की मरम्मत करवाने, आंगनवाड़ी भवन निर्माण कार्य शुरू करवाने, किसानों के सिंचाई संबंधित समस्याओं का निराकरण करवाने, भूखंड आवंटन को निरस्त करवाने आदि परिवेदनाएं प्राप्त हुई । जिला कलक्टर ने प्रत्येक परिवादी से तसल्ली से परिवेदनाओं के बारे में सुना तथा संबंधित विभाग के अधिकारी से तथ्यात्मक जानकारी लेते हुए उसके निराकरण के संबंध में मौके पर ही ग्राम वासियों को जानकारी प्रदान करवाई। जिला कलक्टर ने पटवारी को शीघ्र अतिक्रमण हटवाने, उप स्वास्थ्य केंद्र हेतु प्रस्ताव बनाकर भेजने, भूमि आवंटन निरस्तीकरण के प्रकरण में प्रस्ताव बनाकर भिजवाने आदि निर्देश प्रदान किये। उन्होंने खाद्य सुरक्षा में नाम जुड़वाने के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि प्रोसेसिंग हेतु पोर्टल कुछ केटेगरी में शुरू हुआ है जिसमें दिए गए दिशा निर्देशों के अनुसार पूर्व से प्राप्त आवेदनों का पहले निस्तारण किया जाएगा। ऐसे में प्रत्येक परिवेदना पर गंभीरता से निस्तारण किया जाएगा। उन्होंने रात्रि चौपाल में अनुपस्थित रहने वाले जिला स्तरीय अधिकारियों को नोटिस देने के भी निर्देश दिए। इस अवसर पर उन्होंने कक्षा 10वीं एवं 12वीं में उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं लोकेश पंचाल, काव्यांशी चौहान, उर्वशी पंचाल, चंदूलाल मीणा, रविराज एवं हिनूराज का माल्यार्पण कर एवं पेन व रजिस्टर देकर प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि दूरस्थ क्षेत्रों में संसाधनों के अभाव में भी बच्चों ने 80 से 90ः प्राप्त किए हैं, इस पर हम सब को गर्व है। उन्होंने अभिभावकों एवं शिक्षकों से भी अपील की कि बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करें तथा कैरियर के विभिन्न क्षेत्रों के बारें में जानकारी दें ।

# नकबजनी के मामले में एक अभियुक्त गिरफ्तार व एक बालक डिटेन

■ संजीवनी टुडे

सराडा। टीडी पुलिस ने नकबजनी के मामले में एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया व एक बालक को डिटेन किया। 20 को प्रार्थी प्रकाश चन्द्र लौहार पुत्र मांगीलाल लौहार निवासी टीडी पुलिस थाना टीडी जिला उदयपुर ने रिपोर्ट पेश की कि मे बस स्टेण्ड टीडी पर महालक्ष्मी ज्वेलर्स के नाम से सोने चांदी की दुकान चलाता हुँ। कल 19 को 8.30 पी.एम. पर दुकान बंद करके मैं पीछे स्थित मकान पर सोने चला गया।रात करीब 3 बजे मेरे पडोसी विधान रजंन का फोन आया व बताया की दुकान में कोई आवाज आ रही है।तब मैं नीचे जा कर देखा तो बाहर की तरफ कुछ नही दिखा। मैने पडोसी पन्नालाल को बुलाया फिर शटर खोल कर देखा तो मेरी दुकान का सामान अस्त व्यस्त पडा और गैस की टंकी चालू थी। छत की तरफ जाने वाले रास्ते पर देखा तो सीढीयों वाला किवाड़ खुला था।उसके बाद मैने सोने चांदी के जेवर चैक किये तो पैरो व हाथ में पहनने के चांदी के 8 नग वजन करीब 440 ग्राम व एक हैण्ड बैग जिसमें करीब 4000 (चार हजार) रुपये व कुछ कागजात थे को अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गये।वगैरा रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान प्रारम्भ किया गया। टीडी थानाधिकारी फैलीराम मय टीम द्वारा आसूचना व तकनीकी सहयोग से प्रकरण का खुलासा करते हुये उक्त नकबजनी के मामले में मुकेश पिता रूप लाल उर्फ रूपा



निवासी जावर फला वाडा पुलिस थाना टीडी जिला उदयपुर को बाद पुछताछ गिरफ्तार व एक बाल अपचारी को डिटेन किया जाकर चोरी किये गये पैरो में पहनने के चांदी के 2 नंग व हाथ में पहनने की जवला 4 जोडी, कुल 6 जोडी चान्दी के बरामद किये गये। प्रकरण में अग्रिम अनुसंधान जारी है।

# 993. 510 किलोग्राम अवैध डोडाचुरा सहित कंटेनर जब्त, चालक गिरफ्तार

■ संजीवनी टुडे

### निम्बाहेडा सदर थाना पुलिस की अवैध मादक पदार्थो के खिलाफ बडी कार्यवाही

चित्तौड़गढ़। निम्बाहेडा सदर थाना पुलिस ने सदर निम्बाहेडा थाना क्षेत्र में नाकाबंदी के दौरान अवैध मादक पदार्थों के ख़िलाफ़ बड़ी कार्यवाही करते हुए कुल 993.510 किलोग्राम अवैध डोडा चूरा सहित ट्रक कंटेनर को जब्त कर चालक को गिरफ्तार किया है । जिला पुलिस अधीक्षक श्री सुधीर जोशी ने बताया कि समस्त थानाधिकारियों को जिले में अवैध मादक पदार्थों की खरीद-फरोख्त व परिवहन एवं भण्डारण करने वाले तस्करों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने हेतु विशेष निर्देश दिए गये है म इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) परबत सिह व वृत्ताधिकारी वृत्त निम्बाहेड़ा बद्रीलाल के मार्गदर्शन में एवं थानाधिकारी संजय शर्मा पु.नि के निर्देशन में उदय लाल उपनिरीक्षक द्वारा जाप्ते सहित पुलिस थाने के सामने सरहद अहीरपुरा चित्तौड़गढ़-नीमच हाईवे पर नाकाबंदी की जा रही थी म नाकाबंदी के दौरान नीमच की तरफ से एक संदिग्ध कंटेनर आता हुआ दिखाई दिया, जिसे पुलिस जाप्ते ने रुकवाने का प्रयास किया, जिस



पर चालक ने कंटेनर को तेज गति से भगाने का प्रयास किया, जिसे पुलिस जाप्ते ने बड़ी मुश्किल से रोका म कंटेनर की नियमानुसार तलाशी ली तो कंटेनर में 43 काट्टों में भरा हुआ 993.510 किलोग्राम अवैध डोडा चूरा मिला म पुलिस ने नियमानुसार अवैध डोडाचूरा सहित ट्रक कंटेनर को जब्त कर चालक जोधपुर जिले के बिरामी निवासी राजूराम पुत्र चिमनाराम जाट उम्र 46 साल को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस थाना सदर निम्बाहेडा पर आरोपी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर अग्रीम अनुसंधान जारी है। संजय शर्मा पु.नि थानाधिकारी सदर निम्बाहेडा, उप निरीक्षक उदयलाल, सुन्दर पाल सउनि, कांस्टेबल सुरेन्द्र पाल , सुर्यभान, दयाराम, श्याम लाल, धर्मचन्द, जगदीश, सुरेश चन्द आदि रहे।

# संभागीय आयुक्त नीरज के पवन ने पत्थरबाजी घटनाओं को रोकने के लिए संभाग स्तर पर ली वीसी के माध्यम से ली बैठक, दिए दिशा निर्देश

■ संजीवनी टुडे

डूंगरपुर। संभागीय आयुक्त बांसवाड़ा श्री नीरज के पवन ने संभाग में पत्थरबाजी की घटनाओं को रोकने के संबंध में संभाग भर के अधिकारियों की वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये। शुक्रवार को आयोजित वीसी में संभागीय आयुक्त श्री पवन ने कहा कि पत्थरबाजी की घटनाओं को रोकने हेतु निषेधात्मक कार्यवाही के साथ-साथ जागरूकता हेतु व्यापक स्तर पर प्रयास करना होगा। संभागीय आयुक्त ने विद्यालयों, महाविद्यालयों, कोचिंग संस्थानों पर जागरूकता कार्यशालाएं आयोजित करने तथा कानूनी प्रावधानों की जानकारी देने के निर्देश दिए। साथ ही अभिभावकों से संपर्क करने, बच्चों के साथ ही अभिभावकों को भी कानूनी प्रावधानों की जानकारी देने, आक्रामक स्वभाव वाले बच्चों के अभिभावक को उसकी जानकारी देते हुए बच्चों की बात सुनने, समय देने, पढ़ाई पर फोकस करने हेतु प्रेरित करने की बात कही। उन्होंने कहा कि बच्चों एवं अभिभावक को इस बात हेतु भी जागरूक करना होगा कि अगर एक बार अपराध सिद्ध हो जाने पर कैरियर खराब हो सकता है। उन्होंने पुलिस विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि लोगों में यह भ्रम है कि यहां पर आईपीसी की धारा लागू नहीं होती है इस मिथक को तोड़ने तथा कानूनी प्रावधानों की जानकारी देने, ऐसे क्षेत्र जहां पर ज्यादा अंधेरा है तथा असामाजिक गतिविधियों की संभावना अधिक हो उनको चिन्हित कर सूची प्रशासन को उपलब्ध करवाने तथा रोशनी की समुचित व्यवस्था करवाने, नशा मुक्ति अभियान चलाने, पत्थरबाजी करने वालों पर सख्त कार्यवाही करने तथा उनको आश्रय देने वाले अथवा संलिप्त अन्य को भी कानूनी प्रावधानों के तहत सख्त




सजा देने के निर्देश दिए। साथ ही तेज रफ्तार वाहन चलाने एवं यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर भी सख्त कानूनी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हम सब की जिम्मेदारी है कि युवाओं को जागरुक कर जीवन में सही दिशा में आगे बढ़ने, पढ़ाई पर एवं कैरियर पर फोकस करने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने सभी जिलों में मुख्य कार्यकारी अधिकारियों को पांच एवं 20 सितंबर को ग्राम पंचायत में होने वाली बैठकों में लोगों को कानूनी प्रावधानों की जानकारी देने, पत्थरबाजी में पकड़े गए लोग तथा उन पर की गई कार्यवाही की रिपोर्ट देने, पत्थरबाजी को रोकने के लिए सहभागिता से प्रयास करने, ग्राम सुरक्षा समितियां को सक्रिय करने के निर्देश दिए। वीसी में डूंगरपुर जिला कलेक्टर अंकित कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि विद्यालयों के संस्था प्रधानों के साथ बैठक आयोजित करने, प्रार्थना सभा में जागरूकता हेतु कानूनी प्रावधानों की जानकारी देने तथा विद्यालयों, महाविद्यालयों में जागरूकता हेतु किए जा रहें प्रयासों की जानकारी दी। उन्होंने जिला पुलिस अधीक्षक मोनिका सेन के निर्देशन में पुलिस विभाग डूंगरपुर के द्वारा भी जागरूकता के लिए की जा रही कार्यशालाओं तथा तेज रफ्तार वाहनों पर की जा रही कार्यवाही के बारें में भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि तेज रफ्तार एवं यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर पांच हजार से अधिक वाहन जप्त किए गए हैं। इस पर संभागीय आयुक्त श्री पवन ने डूंगरपुर में किया जा रहें प्रयासों की सराहना की। वीसी में डूंगरपुर जिला कलक्टर अंकित कुमार सिंह, एडिशनल एसपी अशोक मीणा, मुख्य कार्यकारी अधिकारी मुकेश चौधरी सहित अन्य अधिकारी गण मौजूद रहे।

# केवड़ा की नाल के बोटेनिकल गार्डन में कैक्टस गार्डन का हुआ शुभारंभ

## लेकसिटी में इको टूरिज्म बढ़ाने राज्य सरकार की एक और सौगात, कैक्टस गार्डन इको टूरिज्म बढ़ाने की दिशा में अभिनव प्रयासः सांसद डॉ. रावत

■ संजीवनी टुडे

उदयपुर। वन एवं पर्यावरण के प्रति आमजन के जुड़ाव को प्रगाढ़ करने तथा इको टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार की ओर से निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में झीलों की नगरी उदयपुर के केवड़ा की नाल में विकसित किए जा रहे बॉटनिकल गार्डन में शुक्रवार को लोकसभा सांसद डॉ.मन्नालाल रावत के मुख्य आतिथ्य में कैक्टस गार्डन का शुभारंभ किया गया। सराड़ा वन रेंज के केवड़ा की नाल वन खण्ड अंतर्गत विकसित किए जा रहे बॉटनिकल गार्डन परिसर में सांसद डॉ.रावत ने फीता काट कर कैक्टस गार्डन का लोकार्पण किया। इस दौरान आयोजित समारोह में उदयपुर ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा, समाजसेवी तख्तसिंह शक्तावत, मुख्य वन संरक्षक सुनील छिद्री, सेवानिवृत्त मुख्य वन संरक्षक राहुल भटनागर, इंद्रपाल सिंह मथारू, डॉ. तरुण गुप्ता, पर्यावरणविद् डॉ.सतीश कुमार शर्मा, केवड़ा सरपंच कालूलाल तथा वन सुरक्षा समिति अध्यक्ष शंकर भाई भी बतौर अतिथि मंचासीन रहे। उप वन संरक्षक उदयपुर मुकेश सैनी व उप वन संरक्षक उत्तर अजय चित्तौड़ा आदि ने अतिथियों का स्वागत किया और इस कैक्टस गार्डन के बारे में जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद डॉ रावत ने कहा कि बॉटनिकल गार्डन और कैक्टस गार्डन अरावली की जैव विविधता को बचाए रखने के लिए कारगर सिद्ध होंगे। यहां जनजाति समाज के गौत्र के पेड़ लगाकर स्थानीय जनजातिजनों को जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। स्थानीय प्रजाति के पेड़ों को संरक्षित करने और इससे ग्रामीणों को जोड़ने की अच्छी पहल है। अरावली अंचल में वन संरक्षण-संवर्धन के लिए विभाग द्वारा जो भी कार्ययोजना तैयार की जाएगी उसे मूर्त रूप देने के लिए पुरजोर प्रयास किए जाएंगे।

बतौर विशिष्ट अतिथि संबोधित करते हुए उदयपुर ग्रामीण विधायक फूलसिंह मीणा ने कहा कि सरकार की तरफ से वन संरक्षण के हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं और केवड़ा



की नाल में इस बॉटेनिकल गार्डन व केक्टस गार्डन को तैयार करते हुए वन विभाग ने सराहनीय प्रयास किया है। उन्होंने केलेश्वर क्षेत्र में भी इको टूरिज्म की संभावनाएं तलाशने की बात कही। सेवानिवृत्त सहायक वन संरक्षक एवं पर्यावरणविद् डॉ.सतीश कुमार शर्मा ने बॉटनिकल गार्डन और केवड़ा की नाल वन क्षेत्र में उपलब्ध वनस्पति प्रजातियों की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन प्रदीपसिंह ने किया। इस अवसर पर डीएफओ विनोद राय, सेवानिवृत्त डीएफओ सोहेल मजबूर, पीडब्ल्यूडी के अतिरिक्त मुख्य अभियंता अशोक शर्मा, वीएस राणा, प्रतापसिंह चुण्डावत, डॉ. ललित जोशी, सत्यनारायणसिंह, सराड़ा क्षेत्रीय वन अधिकारी खेमराज मीणा, परसाद रेंजर सचिन शर्मा सहित बड़ी संख्या में वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी तथा क्षेत्र के ग्रामीण उपस्थित रहे। प्रारंभ में सांसद डॉ. रावत व विधायक मीणा सहित अन्य अतिथियों ने कैक्टस गार्डन का लोकार्पण करते हुए उसका अवलोकन किया। अतिथियों ने भांति-भांति के कैक्टस देखकर आश्चर्य जताया। इस दौरान उप वन संरक्षक मुकेश सैनी ने अवगत कराया कि कैक्टस गार्डन में 80 प्रजातियों के कैक्टस लगाए गए हैं, जो शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों के लिए बहुपयोगी साबित होंगे। उन्होंने बॉटनिकल गार्डन के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि बजट घोषणा के तहत केवड़ा की नाल वन क्षेत्र के 70 हैक्टेयर एरिया में बॉटनिकल गार्डन विकसित किया जा रहा है। इसके तहत दीवार निर्माण, वाच टावर, ट्रेल, चौकडेम, केक्टस गार्डन, पाथवे के निर्माण हो चुका है। इसमें 150 प्रजाति के वृक्ष जिसमें अरावली वन क्षेत्रों में पाये जाने वाले वृक्ष शामिल हैं। वहीं कुछ वृक्ष ऐसे भी है जो अरावली वन क्षेत्र से विलुप्त प्रायः हैं। इसमें 55 प्रजाति के झाडीनुमा पौधे, लगभग 60 प्रजाति के हर्ब, 40 प्रजाति की लताएँ एवं 12 प्रजाति की (मिलेट्स) मोटे अनाज के पौधे रोपित किये गये हैं। प्रत्येक वृक्ष की पहचान हेतु साइन बोर्ड लगाया गया है जिस पर क्यूआर कोड लगाया जा रहा है। क्यूआर कोड को स्कैन करने पर वृक्ष की प्रजाति से संबंधित जानकारी उपलब्ध होगी। सैनी ने यह भी बताया कि गार्डन में अरावली पहाड़ियों में पायी जाने वाली चट्टानों एवं खनिजों को भी प्रदर्शित किया जाएगा। इसके लिए आरएसएमएम हिन्दुस्तान जिंक व जिले के प्रतिष्ठित खनिज मालिकों का सहयोग लिया जा रहा है। डीएफओ श्री सैनी ने बताया कि यह गार्डन आदिवासी क्षेत्र में बनाया जा रहा है, इसलिये इस क्षेत्र में निवासरत आदिवासियों के गौत्र के पूजनीय वृक्षों का रोपण किये जाने हेतु निर्धारित किया गया है। इसकी शुरुआत उदयपुर सांसद डॉ. मन्नालाल रावत जिनका कटारा गौत्र है, के द्वारा कचनार का वृक्ष लगाकर की गई। इसी प्रकार राशि वन, जैन तीर्थकर और उनके केवती वृक्ष विभिन्न राज्यों के राज्य वृक्ष एवं राज्य पुष्प के पौधों को रोपित किया जाना है।

# बीएलओ का कार्य कर रहे विद्यालय सहायक एवं पंचायत शिक्षकों ने विभिन्न मांगों को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा

■ संजीवनी टुडे

घासा।मावली उपखंड क्षेत्र के मावली ब्लॉक में बीएलओ का कार्य कर रहे विद्यालय सहायक व पंचायत शिक्षकों ने निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी मनसुख राम डामोर को जिलाध्यक्ष दिनेश सिंह राव के नेतृत्व में विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। इसमें बताया कि विधानसभा के समस्त विद्यालयों में विद्यालय सहायक और पंचायत शिक्षक कार्यरत है। यह शिक्षण कार्य व बीएलओ का कार्य भी कर रहे हैं, लेकिन उपार्जित अवकाश का लाभ नहीं मिल पा रहा है। संघ के पदाधिकारियों की ओर से रविवार के साथ राजपत्रित अवकाश के दिन का क्षतिपूर्ति अवकाश दिलाने की मांग की गई। इस दौरान ज्ञापन देने में मावली ब्लॉक अध्यक्ष लक्ष्मण गायरी, दिनेश सिंह, जितेश सेन, प्रेम सिंह, जगदीश गुर्जर, बाबूलाल मीणा,



कैलाश प्रजापत, पप्पू दास आदि मौजूद थे। नयागांव ╸ खेरवाड़ा उपखंड में राजस्थान पंचायतीराज एवं माध्यमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष अरविंद मीणा के नेतृत्व में उपखंड अधिकारी को पांच सूत्रीय मांग सौंपा गया। शिक्षा विभाग में पिछले सालों से कई व्यवस्थाएं ठप पड़ी हुई है। चार सत्रों से शिक्षक संवर्ग की डीपीसी नहीं हो रही है। स्कूलों में वरिष्ठ अध्यापक व्याख्याता, प्रधानाचार्य कार्यालयों में शिक्षा अधिकारियों के आधे से ज्यादा पद खाली चल रहे हैं। पिछले छह सालों से शिक्षकों के तबादले नहीं किए जा रहे हैं, यहां तक तृतीय श्रेणी शिक्षक स्थानांतरण पर भी सरकार अभी तक कोई डेडलाइन तय नहीं कर पाई है कि कब शिक्षक अपने गृह जिलों में स्थानांतरित किए जाएंगे। हजारों अधिशेष शिक्षक दो सालों से समायोजन की बाट जोह रहे हैं। उनका समायोजन नहीं किया जा रहा है। इन शिक्षकों को समय पर वेतन नहीं मिल रहा है। कला कृषि वाणिज्य स्नातक शिक्षकों के 25 सालों की सर्विस पर भी पदोन्नति नहीं मिल पाती है। शिक्षकों को बीएलओ सहित सभी प्रकार के गैर शैक्षणिक कार्यों से मुक्त करने जैसी ज्वलंत पांच सूत्री मांगों को लेकर 22 अगस्त को खेरवाड़ा उपखंड पर धरना-प्रदर्शन कर खेरवाड़ा उपखंड अधिकारी जवाहरराम चौधरी के माध्यम से मुख्यमंत्री व मुख्य सचिव को ज्ञापन दिया गया। इसमें भैरुलाल गरासिया, देवेन्द्र डामोर, राकेश दामा, राकेश गरासिया, गणेश अहारी, हुकसिंह गरासिया, बाबूलाल बोदर, नितिन व्यास, अशोक गरासिया, निकेश मसार, शांतिलाल मलावत, नरेश गरासिया मौजूद रहे। बासड़ा ╸ पंचायतीराज एवं माध्यमिक शिक्षक संघ भींडर ने एसडीएम को मुख्यमंत्री के नाम विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन दिया। ब्लॉक अध्यक्ष विजेंद्र चौधरी ने बताया कि संघ ने शिक्षकों की विभिन्न मांगों को लेकर उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा, जिसमें शिक्षकों के विगत वर्षों की डीपीसी करवाने, स्थानांतरण जल्दी से जल्दी करने, टीएसपी से नॉन टीएसपी में आए शिक्षकों का उनके गृह जिले में समायोजन करवाने, अधिशेष शिक्षकों की काउंसलिंग करने आदि मांगों को लेकर ज्ञापन दिया। इस दौरान संरक्षक फणीश्वर, मुकेश रैगर, सुभाष बिजारणिया, मनोज धोबी, राम सियाग, ओमप्रकाश बिश्नोई, मुकेश आदि मौजूद रहे।

## नाबालिग छात्रा के साथ छेड़छाड़ का मामला दर्ज, जांच शुरू

■ संजीवनी टुडे

वल्लभनगर। थाना क्षेत्र में एक स्कूली नाबालिग छात्रा के साथ छेड़छाड़ का मामला दर्ज हुआ है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। सीआई दीपिका राठौड़ ने बताया कि राजकीय माध्यमिक विद्यालय इंटाली की एक छात्रा है, जिसके साथ 15 अगस्त को स्कूल का प्रोग्राम खत्म होने के बाद स्कूल के पीछे दो लड़कों ने मिलकर छेड़छाड़ की, जिसमें एक लड़का नाबालिग है तथा दूसरा बालिग है। इस घटना के बाद स्कूली छात्रा ने यह बात अपने परिजनों को बताई तो छेड़छाड़ करने वाले लड़कों के परिजनों ने पीड़ित लड़की के परिवार वालों के साथ भी मारपीट कर दी, पिछले दो साल से यह लड़के इस लड़की को परेशान कर रहे थे तथा डर के मारे स्कूली छात्रा अपने घर वालों को भी कुछ भी नहीं कहा, लेकिन 15 अगस्त को स्कूल का प्रोग्राम खत्म होने के बाद स्कूल के पीछे स्कूली छात्रा के साथ छेड़छाड़ करने से छात्रा परेशान होकर यह बात अपने परिवार वालों को बताई और थाने पर नाबालिग लड़की के पिता की ओर से मामला दर्ज कराया गया, जिसमें पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। नाबालिग के बयान दर्ज कर लिए हैं तथा उनके परिवार वालों के भी बयान दर्ज किए हैं और मामले में अनुसंधान जारी है। पुलिस ने कुल पांच आरोपी बनाए हैं।

## खबरें फटाफट

### नेशनल स्पेस डे मनाया




■ संजीवनी टुडे

उदयपुर। केंद्र व राज्य सरकार के आदेश की पालना में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट उदयपुर के तत्वावधान में जिले के विभिन्न विद्यालयों में शुक्रवार को ॢनेशनल स्पेस डेॢ मनाया गया। प्रधानाचार्य चंद्रशेखर जोशी के अनुसार अन्य शैक्षणिक संस्थानों के साथ ही डाइट के शैक्षिक प्रौद्योगिकी प्रभाग द्वारा विभिन्न गतिविधियों का आयोजन जिला स्तर पर किया गया। प्रभागाध्यक्ष बीना कंवर राजपूत व हरिदत्त शर्मा के निर्देशन में आयोजित इन गतिविधियों में ॢभारत की अंतरिक्ष में उपलब्धिॢ विषय पर निबंध, नेशनल स्पेस डे पर चार्ट निर्माण तथा कविता पाठ ऑडियो रिकॉर्डिंग में स्वयं की आवाज में शामिल रही जिसमे ˙ संस्थान की आर्यन राठौड़, जयदेव सिंह पंवार, प्रीति मीणा, ज्योति लौहार, अभय सिंह मीणा, आशीष जोशी, गायत्री मेघवाल, ममता कुमावत तथा सुमन चंदेल सहित समस्त छात्राध्यापकों ने भाग लिया।

### धनाऊ पुलिस की शानदार पहल से बचेगी बेसहारा पशुओं की जान



■ संजीवनी टुडे

धनाऊ। धनाऊ तहसील मुख्यालय पर भारत माला रोड पर आए दिन पशुओं का अंधेरे में कई बार दुर्घटनाएं हो चुकी है। इसको लेकर धनाऊ पुलिस थानाधिकारी गोविंदराम मेघवाल के नेतृत्व में मुख्यालय पर शुक्रवार शाम को बेसहारा पशुओं के गले में रेडियम लगाने का अभियान शुरू किया गया हैं। बहुत ही सराहनीय है इसने रात्रि कालीन में रोड के आसपास बैठे हुए पशुओं पर गाड़ी वालो को नजर पड़ेगी तो वाहन चालक गति भी धीमी करेगा। वही पशुओं की दुर्घटना पर अंकुश लगेगा। इन पुलिस कर्मियों की सराहनीय पहल से प्रत्येक ग्रामीण प्रेरित होगा। थानाधिकारी गोविंदराम मेघवाल ने बताया, पशु पक्षियों की सेवा करना हमारा कर्तव्य बनता है, धनाऊ में आए दिन रोड पर गायों की दुर्घटना को देखते हुए पुलिस कर्मियों टीम द्वारा रेडियम लगा कर गायों को बचाने के लिए पहल की शुरुआत की गई।

### मोहिनी अग्रवाल को पीएचडी की उपाधि

■ संजीवनी टुडे

जयपुर। आईआईएस (डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी)की ओर से यूनिवर्सिटी की मैनेजमेंट स्टडीज डिपार्टमेंट की स्टूडेंट मोहिनी अग्रवाल



को एन इम्प्रिकल स्टडी ऑन जॉब सैटिस्फैक्शन अमॅन्ग मेल एंड फिमेल एम्पलोईज ऑफ सेलेक्टेड ऑर्गेनाइज्ड रिटेल सेक्टर विषय पर पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। शोधार्थी ने अपना शोध कार्य डॉ.नेहा माथुर व डॉ.अंकिता जैन के निर्देशन में पूरा किया है।

### आंचल एन्ड्रयुज को पीएचडी की उपाधि

■ संजीवनी टुडे

जयपुर। आईआईएस (डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी)की ओर से यूनिवर्सिटी की



माइक्रोबायोलॉजी एंड बायोटेक्नोलॉजी डिपार्टमेंट की स्टूडेंट आंचल एन्ड्रयुज को इमर्जिंग मार्केट इकॉनोमिस : इन्वेस्टिगेशन इनटू देयर ग्रोथ ट्रैजेक्ट्री विषय पर पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। शोधार्थी ने अपना शोध कार्य प्रो. दीपा पारीक के निर्देशन में पूरा किया है।

### एमडी ड्रग्स तस्करी का आरोपी गिरफ्तार

■ संजीवनी टुडे

उदयपुर। सूरजपोल थाना पुलिस ने एमडीएमए ड्रग्स तस्करी के आरोपी को निंबाहेड़ा से गिरफ्तार किया। थानाधिकारी सुनील चारण ने बताया कि भूपालपुरा थाना पुलिस ने 29 जून को सेवाश्रम पुलिया के नीचे रजा कॉलोनी, मल्लातलाई निवासी मोहम्मद रफीक को गिरफ्तार कर 41 ग्राम एमडी जब्त की। आरोपी ने कालका माता रोड निवासी इमरान डायर से ड्रग्स खरीदना बताया। इसे गिरफ्तार किया। इसने निंबाहेड़ा निवासी सलमान खान उर्फ वलि से ड्रग्स खरीदकर लाना बताया। सूरजपोल थाना पुलिस ने आरोपी को निंबाहेड़ा से गिरफ्तार किया। शुक्रवार को आरोपी को कोर्ट में पेश किया।

## नवोदय विद्यालय में नाट्य कार्यशाला का शुभारंभ



■ संजीवनी टुडे

राजसमंद। शिक्षा में कला के अंतर्गत विद्यार्थियों के सह शैक्षणिक विकास के अंतर्गत नवोदय विद्यालय समिति द्वारा प्रदत्त प्रदर्शन कला कार्यशाला की श्रृंखला में पी एम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय राजसमंद के सभागार में एक माह तक आयोजित होने वाली रंगमंच- नाट्य कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। प्राचार्य घनश्याम मीणा ने बताया कि नई शिक्षा नीति के अंतर्गत खेल - खेल में शिक्षा हेतु शिक्षा में कला द्वारा विद्यार्थियों में रचनात्मक कला का विकास करने हेतु प्रतिवर्ष नवोदय विद्यालयों में प्रदर्शन एवं दृश्य कला कार्यशाला आवंटित की जाती है, जिसमें सत्र 2024-25 हेतु रंगमंच कार्यशाला आवंटित की गई। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में आये दीपक भारद्वाज प्राचार्य नाथद्वारा ने नाटक कला की बारिकियों से विद्यार्थियों को अवगत कराते हुए हिन्दी साहित्य के विकास में नाट्य कला के योगदान को प्रतिबंधित कर विद्यार्थियों को अभिनय-कला के गुर सिखाए। कार्यशाला संयोजक परमानन्द भट्ट -संगीत शिक्षक ने बताया कि रंगमंच कार्यशाला में नाट्य विधा में प्रवीण प्रशिक्षकों द्वारा एक माह तक लगभग 50 विद्यार्थियों को प्रशिक्षण प्रदान कर संभाग स्तरीय सांस्कृतिक कला समागम में प्रस्तुति दी जायेगी।

## जन्माष्टमी व दधिका महोत्सव पर कानून व्यवस्था के लिए कार्यपालक मजिस्ट्रेट नियुक्त

■ संजीवनी टुडे

उदयपुर। जिला मजिस्ट्रेट अरविंद कुमार पोसवाल के निर्देशानुसार जिले में आगामी 26, 27, 28 को जन्माष्टमी व दधिका महोत्सव (मटकी फोड़) को दृष्टिगत रखते हुए कानून व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए कार्यपालक मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए हैं। अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट राजीव द्विवेदी ने एक आदेश जारी कर पुलिस थाना क्षेत्र सूरजपोल, भूपालपुरा प्रतापनगर, हिरणमगरी, हाथीपोल के लिए तहसीलदार गिर्वा, पुलिसथाना घंटाघर, धानमंडी, अंबामाता, सुखेर व बड़गांव के लिए तहसीलदार बड़गांव, पुलिस थाना गोवर्धन विलास, नाई व सविना के लिए पंजीयन एवं मुद्रण विभाग के उप पंजीयक को कार्यपालक मजिस्ट्रेट लगाया है। वहीं मल्लातलाई स्थित सुभाष चौराहा पर 25 अगस्त को आयोजित होने वाले श्री कृष्ण दधिकोत्सव (मटकी फोड़) कार्यक्रम के लिए उपखंड मजिस्ट्रेट बड़गांव, जगदीश चौक पर 26, 27 व 28 को आयोजित होने वाले श्री कृष्ण दधिकोत्सव (मटकी फोड़) कार्यक्रम के लिए उदयपुर विकास प्राधिकरण के तहसीलदार तथा बेकनी पुलिया युनिवर्सिटी मार्ग पर 26 अगस्त को आयोजित श्री कृष्ण दधिकोत्सव (मटकी फोड़) कार्यक्रम के लिए उपखंड मजिस्ट्रेट गिर्वा को कार्यपालक मजिस्ट्रेट नियुक्त किया है। आदेश के तहत संबंधित उपकरण मजिस्ट्रेट अपने-अपने उपखंड क्षेत्र में कानून व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे और अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट नगर से निरंतर संपर्क बनाए रखते हुए महत्वपूर्ण घटना की सूचना से तुरंत अवगत कराएंगे।

## अनजान व्यक्तियों से बढ़ते अपराध के खतरे को लेकर थाना प्रभारी को सौंपा ज्ञापन



■ संजीवनी टुडे

कानोड।उदयपुर जिले के कानोड़ थाना क्षेत्र के हिंदू संगठनों सहित जनप्रतिनिधियों ने सैकड़ों हस्ताक्षर युक्त कानोड़ थाना प्रभारी को देर रात ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि पिछले कुछ समय से कानोड़ नगर में अनेक अनजान व्यक्तियों का आना-जाना एवं ठहरना देखा जा रहा है एवं उनके की ओर से अनेक संदिग्ध गतिविधियां देखने को मिल रही है। उन्हें देखकर ऐसा लगता है कि यह लोग प्रवासी मजदूर बनकर कानोड़ के हर क्षेत्र में लगातार बढ़ रहे हैं। स्थानीय नगर राज्य देश के निवासी नहीं हो सकते हैं कि वो बांग्लादेशी घुसपैठियों में से भी हो सकते है, जिससे आने वाले समय में उनकी ओर से शांति एवं कानून व्यवस्था भंग होने की पूरी आशंका है। ज्ञापन में बताया कि 7 दिनों में उनके खिलाफ कानूनी कार्यवाही नहीं की जाती है तो समस्त हिंदू समाज धरना-प्रदर्शन करेगा। उग्र आंदोलन करेगा। थाना प्रभारी मुकेश कुमार को बताया कि अनजान व्यक्तियों को चिह्नित करके उनका मूल निवास प्रमाण पत्र एवं पुलिस सत्यापन जांच कर उन्हें संबंधित मकान मालिक को पाबंद करावे।

## सिक्किम के राज्यपाल माथुर कल आएंगे, सुखाड़िया रंगमंच पर होगा अभिनंदन

■ संजीवनी टुडे

उदयपुर। सिक्किम के नव नियुक्त राज्यपाल ओमप्रकाश माथुर रविवार को उदयपुर आएंगे। नगर निगम के सुखाड़िया रंगमंच में शाम 5 बजे अभिनंदन समारोह में राज्यपाल माथुर का स्वागत होगा। पूर्व पार्षद विजय प्रकाश विप्लवी ने बताया कि कार्यक्रम में टीएडी मंत्री बाबूलाल खराड़ी, राजस्व मंत्री हेमंत मीणा, सहकारिता मंत्री गौतम दक, वन एवं पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा बतौर अतिथि शामिल होंगे। ऐसे ही कार्यक्रम की अध्यक्षता शहर विधायक ताराचंद जैन करेंगे। इसके अलावा मेयर जीएस टांक, सांसद डॉ. मन्नालाल रावत व राज्यसभा सांसद चुनीलाल गरासिया जैसे जनानिनिधि सांसद चुन्नीलाल गरासिया जैसे जनप्रतिनिधि भी मंचासीन होंगे। मावली के पूर्व विधायक धर्मनारायण जोशी की अध्यक्षता में आयोजन एवं स्वागत समिति की ओर से कार्यक्रम को लेकर तैयारियों को अंतिम रूप दिया। इस कड़ी में उदयपुर देहात भाजपा उपाध्यक्ष चंद्रशेखर जोशी को जिला संयोजक की भी जिम्मेदारी सौंपी गई है। देहात जिलाध्यक्ष डॉ. चंद्रगुप्तसिंह चौहान ने बताया कि प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ के निर्देश पर अभियान के प्रदेश संयोजक डॉ. अरुण चतुर्वेदी ने जोशी के नाम की घोषणा की है। इसके अलावा 4 सदस्य भी बनाए हैं। अभियान की शुरुआत 1 सितंबर को पीएम नरेंद्र मोदी करेंगे।

## पूर्व साझेदारों ने माल हड़पा, तकाजे पर हत्या की धमकी

■ संजीवनी टुडे

उदयपुर।हिरणमगरी थाना क्षेत्र में अहमदाबाद से आया फर्म मालिक का तैयार माल पूर्व साझेदारों ने बेच दिया और 5.35 लाख रुपए हड़प लिए। तकाजा करने आरोपियों ने जान से मारने की धमकी देकर पैसे देने से इनकार कर दिया। पुलिस के अनुसार सेंट्रल एरिया, आवरी माता रोड स्थित इंटीग्रिटी इंजीनियर्स के प्रोपराइटर चंद्रेश शर्मा ने इस्तगासा पेश किया। इसमें कलड़वास स्थित रॉक माइनिंग टूल्स के पार्टनर कुलदीप शर्मा, ज्योत्सना शर्मा, शारदा शर्मा, मंजू शर्मा, बिंदु शर्मा, घनश्याम शर्मा, राजेंद्र शर्मा और देवेंद्र शर्मा पर आरोप लगाए। बताया कि रॉक माइनिंग टूल्स फर्म में वह पार्टनर थे। मनमुटाव होने पर उन्होंने इंटीग्रिटी इंजीनियर्स नाम से अपनी फर्म शुरू की। उन्होंने अहमदाबाद की गुंजन एलॉय प्राइवेट लिमिटेड से 5 लाख 35 हजार 362 रुपए का कच्चा माल खरीदा। इसे लेबर जॉब के लिए वापस अहमदाबाद भेजा, जिसका 8 लाख 28 हजार 89 रुपए बिल बना। माल तैयार होकर रॉक माइनिंग टूल्स में पहुंच गया। गत 25 फरवरी को वह फैक्ट्री पर गए तो माल नहीं मिला। फर्म की पार्टनर ज्योत्सना शर्मा के पति घनश्याम ने माल बेच देना बताया और इससे मिले 17 लाख 48 हजार 432 रुपए हड़प लिए। उन्होंने गत 1 अप्रैल को आरोपियों को नोटिस भेजा। फिर भी उन्होंने पैसे नहीं चुकाए। बार-बार तकाजा करने पर आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी। पुलिस और एसपी को रिपोर्ट देने के बाद भी कार्रवाई नहीं हुई। अब कोर्ट के आदेश पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# सर्व समाज नवयुवक हेल्प टीम ने स्कूली बच्चों को दी अध्ययन सामग्री

■ संजीवनी टुडे

बसवा(दौसा) सर्व समाज नवयुवक हेल्प टीम ऐसी टीम हैं जो हमेशा समाजसेवा के लिए समर्पित रहती हैं। इस टीम ने स्वतंत्रता दिवस से लेकर अब तक लगभग 20 राजकीय विद्यालयों में बालकों की जरूरतों के अनुसार अध्ययन सामग्रियों का वितरण कर चुकी हैं। यह टीम समाजसेवा, पर्यावरण संरक्षण, बेजुबान जानवरों की सेवा के साथ साथ शैक्षणिक क्षेत्र में भी बढ़ चढ़कर भाग लेती है और अहम भूमिका निभा रही हैं। इस सप्ताह धपावन खुर्द, चांदेरा, मुही, जैतपुरा, बसवा, ऐंचेडी, करनावर के राजकीय विद्यालयों में अध्ययन सामग्री वितरित की हैं। सुखदेवा मास्टर करनावर और हरिओम जरासी ने बताया कि आज 23 अगस्त 2024 को टीम के द्वारा झरवालों की ढाणी, बालोतों की ढाणी बसवा के राजकीय विद्यालय में अध्ययन सामग्री बांटी गई और बच्चों को शिक्षा के लिए मोटीवेट किया। इस अवसर पर गुरुजनों, विद्यार्थियों, ग्रामवासियों के साथ- साथ टीम के वरिष्ट सदस्य व सलाहकार मुकेश तलाई




करनावर, रत्तीराम धपावन, नरसी रेलवे जगसोली(कोषाध्यक्ष), सीताराम आसन, हरिराम बंदावडी, मुंशी टी स्टॉल, खेमराज एलआईसी, राजू, दीपचंद सैनी, रामफूल मीना जरासी,प्रकाश चन्द झरवाल,कल्याण सहाय,जनसी राम झरवाल, कैलाशी आदि मौजूद रहे। टीम ब्लॉक अध्यक्ष पिंटू कुमार ऐंचेडी और उपाध्यक्ष विष्णु शर्मा ने बताया कि यह टीम हमेशा समाजसेवा के लिए समर्पित रहती हैं। इसके साथ संबंधित विद्यालय की अध्यापिका अदिति कुमारी,ज्योती सैनी,नेहा सेन, सुमन यादव ने टीम के सभी सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित करने के साथ-साथ टीम के कार्यों की सराहना की।

## तालाब में डूबते बेटे को बचाने के प्रयास में पिता ने गंवा दी जान, शव बरामद

■ संजीवनी टुडे

कोटड़ा। तालाब के पानी में डूबते बेटे को बचाने के प्रयास में पिता ने अपनी जान गंवा दी। इससे पूरे क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई। नागरिक सुरक्षा विभाग की टीम ने बड़ी मशक्कत के बाद शव को तालाब के बाहर निकाला। घटना बेकरिया थाना क्षेत्र के कालीबोर बांध की है। कालीबोर निवासी देवाराम 42 और उसका बेटा पालतू पशुओं को जंगल में चरा रहे थे। इसी दौरान भैंस के साथ एक बछड़ा तालाब में उतर गया और डूबने लगा, जिस पर देवाराम का बेटा भैंस के बछड़े को बचाने के लिए तालाब में कूद पड़ा, लेकिन वह तालाब की झाड़ियां में फंस गया और जोर-जोर से चिल्लाने लगा। जिस पर पिता देवाराम ने बिना समय गंवाया। तालाब में छलांग लगा दी और बेटे को तो बचा लिया, लेकिन वह खुद झाड़ियां में फंस गया और पानी में डूब गया। सूचना मिलते ही गांव के ग्रामीण व बेकरियां पुलिस का जाब्ता मौके पर पहुंचा और शव को निकालने का प्रयास किया, लेकिन सफलता हाथ नहीं लगी। इस पर उदयपुर नागरिक सुरक्षा विभाग की टीम को सूचना दी, जिस पर टीम के वाहन चालक एवं बोट ऑपरेटर कैलाश मेनारिया, गोताखोर विजय नकवाल, विपुल चौधरी, सचिन कंडारा, भवानी शंकर वाल्मीकि व प्रकाश राठौड़ मौके पर पहुंचे, जहां टीम ने करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद शव को तालाब से निकालने में सफलता मिली। इसके बाद टीम ने शव को बेकरिया पुलिस के सुपुर्द किया। पुलिस ने शव को अस्पताल की मोर्चरी रखवाया, जहां परिजनों से मिली रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनों को सौंप दिया।

# सीएम भजनलाल शर्मा की बेहतरीन पहल: घायल को अस्पताल पहुंचाने वाले भले आदमी को मिलेंगे दस हजार

## घायल व्यक्ति को इलाज मुहैया कराने हेतु मुख्यमंत्री आयुष्मान जीवन रक्षा योजना का किया गठन

■ संजीवनी टुडे

अलवर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में संवेदनशील एवं जवाबदेह शासन सुनिश्चित करने की दिशा में राज्य सरकार की ओर से मुख्यमंत्री आयुष्मान जीवन रक्षा योजना का गठन किया गया है। सडक दुर्घटनाओं में घायल व्यक्तियों की जीवन रक्षा के लिए घायल व्यक्ति को न्यूनतम समय में (गोल्डन ऑवर) चिकित्सकीय उपचार उपलब्ध कराने के दृष्टिगत आमजन को प्रेरित एवं प्रोत्साहित करने के लिए पूर्व में जारी दिशा-निर्देशों का अतिक्रमण करते हुए राज्य सरकार की ओर से यह व्यवस्था की गई है। अतिरिक्त मुख्य सचिव (वित्त) अखिल अरोड़ा द्वारा जारी आदेश के अनुसार, सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को निकटतम चिकित्सा संस्थान (हॉस्पिटल/ट्रोमा सेंटर आदि) में पहुंचाने वाले भले व्यक्ति को दस हजार रुपए की राशि देय होगी। योजना का क्रियान्वयन चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से किया जाएगा। योजना हेतु सम्पूर्ण बजट समर्पित सड़क सुरक्षा कोष द्वारा वहन किया जाएगा। सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को समय से राज्य के सरकारी एवं निजी अस्पताल में पहुंचाने वाले भले व्यक्ति इस योजना से लाभान्वित होंगे। घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाने वाला भला व्यक्ति स्वेच्छा से अपनी पहचान आदि देने तथा योजना लाभ लेने को तैयार होने की स्थिति में अस्पताल के ईमरजेंसी रूम में कार्यरत केजुअल्टी मेडिकल ऑफिसर द्वारा उसका नाम, उम्र, लिंग, पता, मोबाईल नम्बर, पहचान पत्र, बैंक खाता संख्या, आईएफएससी कोड, एमएलसी नंबर इत्यादि परिशिष्ट-1 में अंकित किये जाएंगे।

''भले व्यक्ति'' द्वारा स्वेच्छा से अपनी पहचान आदि देने तथा योजना का लाभ लेने को तैयार होने की स्थिति में कैजुअल्टी मेडिकल ऑफिसर के अलावा घटना के समय घटनास्थल अथवा चिकित्सालय में मौजूद सम्बन्धित थानाधिकारी/उपखण्ड मजिस्ट्रेट द्वारा भी एनेक्जर- क्रमें सूचना अंकित की जा सकेगी। यह भी निर्देश जारी किए गए हैं कि सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को निकटतम के चिकित्सा संस्थान में पहुंचाने वाले भले व्यक्ति के साथ सम्मान पूर्वक व्यवहार किया जाए। ?से भले व्यक्ति को उसकी इच्छानुसार तत्काल अस्पताल छोड़ने की अनुमति दी




जाए। यदि घायल व्यक्ति, गंभीर श्रेणी का है तो उसकी मदद करने वाले भले व्यक्ति को दस हजार रूपये एवं प्रशस्ति पत्र दिया जाएगा। एक से अधिक भले व्यक्ति होने की स्थिति में सभी को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार राशि समान रूप से विभाजित कर दी जाएगी। गंभीर घायल व्यक्ति से तात्पर्य है कि घायल जिसे उपचार हेतु तुरन्त अथवा रैफर करने पर भर्ती करने की आवश्यकता हो। इसका निर्णय कैजुअल्टी मेडिकल ऑफिसर के विवेकानुसार किया जाएगा। यदि घायल व्यक्ति, सामान्य घायल की श्रेणी के अंतर्गत आता है तो उसको अस्पताल पहुंचाने वाले भले व्यक्ति को केवल प्रशस्ति पत्र दिया जाएगा। अस्पताल प्रशासन/उपखण्ड मजिस्ट्रेट अथवा थानाधिकारी द्वारा भले नागरिक को पुरस्कार राशि एवं/अथवा प्रशस्ति पत्र दिये जाने की अनुशंषा निदेशक (जन स्वास्थ्य), चिकित्सा एवं जन स्वास्थ्य सेवाएं, जयपुर को तीन दिवस के भीतर ई-मेल के माध्यम से संलग्न परिशिष्ट- क्रमें भेजी जाएगी। निदेशक (जन स्वास्थ्य), चिकित्सा एवं जन स्वास्थ्य सेवाएं, जयपुर द्वारा अनुशंषा प्राप्त होने पर दो कार्यदिवस के भीतर ही भले व्यक्ति के खाते में पुरस्कार राशि सीधे ही (डी.बी.टी. द्वारा) स्थानान्तरित की जाएगी एवं प्रशस्ति पत्र भले व्यक्ति के पते पर स्पीड पोस्ट के माध्यम से अथवा ई-सर्टिफिकेट ईमेल या वॉट्सएप के जरिए प्रेषित किया जाएगा। प्रशस्ति पत्र को मुख्यमंत्री आयुष्मान जीवन रक्षा योजना पोर्टल से ऑन लाईन डाउनलोड भी किया जा सकेगा। 108 एंबुलेंस, 1033 एंबुलेंस, निजी एंबुलेंस के कर्मचारियों, पीसीआर वैन एवं ड्यूटी पर तैनात पुलिस कार्मिकों तथा घायल व्यक्ति के सगे-संबंधियों को इस योजना का लाभ देय नहीं होगा। योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु समर्पित सड़क सुरक्षा कोष का एक भाग शासन सचिव, चिकित्सा एव स्वास्थ्य विभाग के अधीन किया जायेगा। शासन सचिव, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा निदेशक (जन स्वास्थ्य) चिकित्सा एवं जन स्वास्थ्य सेवाएं, जयपुर को बजट अग्रिम आवंटित किया जायेगा। योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए प्रति वर्ष राशि 5 करोड़ रुपए सड़क सुरक्षा कोष से निदेशक, जन स्वास्थ्य विभाग को अग्रिम आवंटित किये जाएंगे। यह राशि व्यय होने पर आवश्यकतानुसार एवं वित्त विभाग के निर्देशानुसार सड़क सुरक्षा कोष से अतिरिक्त राशि उपलब्ध करवाई जाएगी, जिसके लिए पृथक से अन्य किसी स्वीकृति की आवश्यकता नहीं रहेगी। जिला स्तर पर योजना के संबंध में किसी भी शिकायत का निवारण मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा शिकायत प्राप्त होने के 15 दिवस में किया जाएगा। प्रकरण का निवारण नहीं होने की स्थिति में संयुक्त निदेशक, (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं) संभागीय स्तर पर अतिम अपीलीय प्राधिकारी होंगे।

सम्पादक की कलम से....

## सम्पादकीय

# भ्रष्टाचार के विरुद्ध नरेन्द्र मोदी की हुंकार



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में पल-बढ़ रहे सबसे बड़े रोग भ्रष्टाचार को लेकर चिंता जाहिर की है और फिर से देशवासियों का ध्यान इस ओर आकर्षित किया है। भ्रष्टाचार एक दीमक की तरह है जो देश को, उसकी अर्थव्यवस्था को, विकासमूलक कार्यों को और कुल मिलाकर नैतिकता एवं मूल्यों को खोखला कर रहा है। यह उन्नत एवं मूल्याधारित समाज के विकास में बड़ी बाधा है। शासन व्यवस्था की भ्रष्टता सशक्त भारत निर्माण का बड़ा अवरोध है। हाल में ट्रांसपरेंसी इंटरनेशनल की ओर से जारी भ्रष्टाचार अवधारणा सूचकांक में भारत को दुनिया भर के 180 देशों की सूची में 85वां स्थान मिला है। जाहिर है, यह तस्वीर कोई संतोषजनक नहीं है और देश में सत्ता से लेकर विपक्षी दलों और जनता तक के स्तर पर सभी पक्षों को सक्रिय रूप से भ्रष्टाचार के खिलाफ ठोस कदम उठाना होगा, भ्रष्टाचार का मुद्दा चुनावी मुद्दा भी बनना चाहिए एवं पांच राज्यों में हो रहे विधानसभा चुनावों में इसकी खनक सुनाई देनी चाहिए। खासतौर पर राजनीतिक पार्टियों के भीतर इस बेहद जटिल समस्या से निपटने के लिए ईमानदार इच्छाशक्ति की जरूरत है।

आजादी का अमृत महोत्सव मनाते हुए एक बड़ा एवं कड़वा सच यह है कि इस समस्या से देश लंबे समय से पीड़ित है और इसका खामियाजा आखिरकार जनता को भुगतना पड़ता है। स्वाभाविक ही इसका सीधा असर देश के विकास पर पड़ा, जिसके आईने में हम पिछले सात दशक से ज्यादा के आजादी के सफर को आंकते हैं। बड़े पदों पर आसीन अधिकारियों एवं मंत्रियों-राजनेताओं के भ्रष्टाचार ज्यादा बड़ी समस्या है क्योंकि उनके उजागर होने, उजागर हो जाने पर उन्हें दबा दिये जाने की त्रासद स्थितियां अधिक चुनौतीपूर्ण है, उन पर लगाम लगाना ज्यादा जटिल है। यह बात हाल ही में भ्रष्टाचार के आरोप में गैस अथारिटी आफ इंडिया लिमिटेड के मार्केटिंग निदेशक ईएस रंगनाथन की गिरफ्तारी बताती है। सवाल है कि आखिर कौन-सी वजहें रहीं कि तमाम जद्दोजहद के बावजूद लंबे समय से यह समस्या न केवल ज्यों की त्यों बनी है, बल्कि कई स्तरों पर पहले के मुकाबले जटिल भी हुई है। क्या सरकार से लेकर आम लोगों के भीतर भ्रष्टाचार की समस्या से निपटने की इच्छाशक्ति में कमी रही या दायित्वबोध का अभाव रहा, जिसके चलते आज भी इस पर फिक्र जतानी पड़ती है? सरकार के तमाम दावों के बावजूद भ्रष्टाचार पर प्रभावी लगाम नहीं लग पा रही है। पिछले दिनों भ्रष्टाचार का एक अन्य मामला भी चर्चा में रहा है जिसमें नेशनल सिक्योरिटी गार्ड के डिप्टी कमांडेंट प्रवीण यादव को 131 करोड़ रुपये से अधिक की धोखाधड़ी के मामले में गिरफ्तार किया गया है। इस अधिकारी ने कितने बड़े पैमाने पर अपनी धोखाधड़ी का जाल फैला रखा था इसका पता इससे चलता है कि उसके करीब 45 खाते फ्रीज किए गए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ईमानदार एवं भ्रष्टाचारमुक्त शासन देने के संकल्प के साथ कहा गया वाक्य कि न खाऊंगा और न खाने दूंगा, का असर मंत्रियों, सांसदों पर तो ऊपरी तौर पर दिख रहा है, लेकिन विभिन्न सरकारी कम्पनियों में भ्रष्टाचार व्यापकता से आज भी पसरा है, गैल का ताजा भंडाफोड इसका उदाहरण है।

प्रधानमंत्री ने भी यह कहा कि हमें अपने कर्तव्यों को प्राथमिकता देते हुए मिल कर शीघ्र ही भ्रष्टाचार से मुक्ति पानी है। इसके लिए आने वाले दशकों तक या अनिश्चितकाल तक इंतजार करने की जरूरत नहीं है। केन्द्र के साथ-साथ विभिन्न राज्य सरकार को इसकी अनदेखी नहीं करनी चाहिए कि अधिकारियों और कारोबारियों, अधिकारियों एवं गैर सरकारी संगठनों के बीच साठगांठ के चलते बड़े पैमाने पर टैक्स चोरी भी हो रही है और सरकारी धन सेवा के नाम पर किन्हीं खास लोगों एवं संगठनों तक पहुंच रहा है। यह टैक्स चोरी या किन्हीं खास लोगों-संगठनों को स्व-लाभ की शर्तों पर लाभ पहुंचाना भी भ्रष्टाचार का ही रूप है। लिहाजा सरकार भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिए नए उपायों पर विचार करे और प्रधानमंत्री लम्बे समय से इसके लिये प्रयासरत है। उनके प्रयासों का असर दिख भी रहा है। लेकिन इसके लिये प्रशासनिक, राजनीतिक एवं जनक्रांति की अपेक्षा है। इसकी एक बड़ी मुश्किल यह है कि देश में ऐसे तमाम लोग हैं, जो भ्रष्टाचार को एक गंभीर समस्या मानते हैं, उसके पीड़ित भी हैं, लेकिन लंबे समय से इसका सामना करने की वजह से शायद वे इसके अभ्यस्त हो गए हैं और इसीलिए इसके प्रति उदासीन दिखते हैं। हालांकि देश की ज्यादातर आबादी इस पर लगाम लगाने के लिए ठोस कदम उठाने की अपेक्षा करती है। आसान शब्दों में कहें तो भ्रष्टाचार उन लोगों के द्वारा जिनमें पॉवर होती है एक प्रकार का बेईमान या धोखेबाज आचरण को दर्शाता है। यह समाज की बनावट को भी खराब एवं भ्रष्ट करता है। यह लोगों से उनकी आजादी, स्वास्थ्य, धन और कभी-कभी उनके जीवन को ही खत्म कर देता है। किसी ने सही कहा है कि भ्रष्टाचार एक मीठा जहर है। भारत में हर साल खरबों की राशि या तो रिश्वतखोरी या फिर भ्रष्ट तरीकों की भेंट चढ़ जाती है जिससे कानून के शासन की अहमियत तो कम होती ही है, साथ ही स्वस्थ शासन व्यवस्था का सपना चकनाचूर होता है। प्रधानमंत्री के नया भारत एवं सशक्त भारत के निर्माण में भ्रष्टाचार एक बड़ी समस्या है।

## आज का राशिफल

यह राशिफल जन्म राशि पर आधारित है। व्यक्ति के जन्म के समय चंद्रमा जिस राशि पर थे, वही उसकी जन्म राशि होती है। यदि राशि की जानकारी आपको नहीं है तो अपने नामाक्षर से राशिफल देखें।




**मेष (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ) :** आज भाग्य से कोई नया प्रस्ताव मिल सकता है। सरकारी काम आसानी से बन जाएंगे। अधिकारी सहयोग करेंगे। किसी चैरिटी आदि में धन खर्च करेंगे। मित्रों के साथ पार्टी में जा सकते हैं।

**वृषभ (ई,उ,ए,ओ,वा,वी,वू,वे,वो) :** सुख-सुविधाओं पर खर्च होगा। व्यक्तिगत मामलों में गलतफहमी को जन्म देने वाली कोई बात हो सकती है। परिवार के साथ पार्टी में जा सकते हैं। कोई नया प्रस्ताव यदि आज मिलता है।

**मिथुन (क,की,कू,घ,ङ, छ, के,को, ह) :** कार्यों को मन लगाकर पूरा करेंगे। आपकी बढ़ते प्रभाव से कुछ लोगों को परेशानी हो सकती है। आज की गई मेहनत का पूरा फल नहीं मिलेगा। व्यक्तिगत मामलों को सावधानी से हल करें।

**कर्क (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो) :** किसी योजना का क्रियान्वयन हो जाएगा। अधूरे काम भी किसी न किसी सहयोग से आज पूरे हो जाएंगे। धैर्यपूर्वक निर्णय लेने पड़ेंगे। भाग-दौड़ बनी रहेगी, परंतु यात्रा करना आज ठीक नहीं रहेगा।

**सिंह (मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे) :** परिवार के बड़े सदस्यों की आज्ञा मान कर चलेंगे तो फायदे में रहेंगे। लाभ के एक से अधिक अवसर सामने होंगे। चाहा गया सहयोग नहीं मिलने से काम खुद ही पूरे करने पड़ेंगे। बड़े भाई से लाभ होगा।

**कन्या (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो) :** आज घर और बाहर दोनों जगह आपके काम की सराहना होगी। काम के घंटे बढ़ जाएंगे अतः पिछले छूटे कामों को पहले पूरा कर लें। अधिकारी वर्ग प्रसन्न रहेगा। विद्यार्थी वर्ग लाभ में रहेगा।

**तुला (रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते) :** आज काम बनने में थोड़ी असुविधा हो सकती है। विरोधियों से सावधान रहना होगा। प्रोपर्टी के खरीदने या बेचने से संबंधी बात हो सकती है। पुराने मित्रों से मुलाकात होने की संभावना है।

**वृश्चिक (तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू) :** व्यावसायिक कार्यों का विस्तार करने के लिए अतिरिक्त परिश्रम करना पड़ेगा। सहयोग मिल जाने से थोड़ी आसानी हो जाएगी। व्यक्तिगत संबंधों में सौहार्द्र की भावना बढ़ने से मन प्रसन्न होगा।

**धनु (ये, यो, भ, भी, भू, धा, फा, ढा, भे) :** आज का दिन महत्वपूर्ण काम करने के लिए नहीं है। निजी समस्याओं को अपने ऊपर हावी न होने दें। परिवार के साथ समय बिताना आवश्यक है, चाहें तो कहीं आउटिंग के लिए जा सकते हैं।

**मकर (भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, ग, गी) :** आज स्वास्थ्य का ध्यान रखना होगा, परंतु काम फिर भी आसानी से बन जाएंगे। लाभ की कोई नई योजना बनाकर उस पर अमल करेंगे। मित्र विशेष सहयोगी बनकर सामने आएंगे।

**कुंभ (गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा) :** आज घर की बुजुर्ग स्त्री की सलाह काम आएगी, महत्वपूर्ण निर्णय लेते समय उसको नजरअंदाज ना करें। यात्रा करना हित में नहीं रहेगा, बहुत जरूरी हो तो पहले मंदिर जाएं फिर यात्रा करें।

**मीन (दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची) :** आज योग्यता दिखाने का उचित अवसर मिलेगा। लाभ देने वाली छोटी यात्रा की संभावना है। बडी प्रतिस्पर्धा में भी विजयी होंगे। वाहन धीमी गति में चलाएं, अन्य कामों में भी जल्दबाजी ना करें।

# मदर टेरेसाः सचमुच वे मां थी



'शांति की शुरुआत मुस्कुराहट से होती है'-इस विचार में विश्वास रखने वाली मदर टेरेसा मदर टेरेसा की जन्म जयन्ती 26 अगस्त को मनाते हुए उनके मानवता के प्रति योगदान को पूरी दुनिया स्मरण करती है। वे आधुनिक संत साथ-साथ बीमार और असहाय लोगों के प्रति अपने करूणामयी व्यवहार के लिए भी जानी जाती हैं। लेकिन जब हम उनके बारे में बात करते हैं तो हम उनके सबसे महत्वपूर्ण कार्यों में से एक कार्य को याद करते हैं, जो थी कुष्ठता के कलंक के खिलाफ उनकी लड़ाई। मदर टेरेसा ने भारत में कार्य करते हुए यहां की नागरिकता के साथ सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न प्राप्त (1980) किया। समाज में दिए गए उनके अद्वितीय योगदान की वजह से उन्हें पद्मश्री (1962), नोबेल शांति पुरस्कार (1979) और मेडल ऑफ फ्रीड़ा (1985) प्रदान किए गए। उन्होंने भारत के साथ-साथ पूरे विश्व में अछूतों, बीमार और गरीबों की सेवा की। मदर ने नोबेल पुरस्कार की धन-राशि को भी गरीबों की सेवा के लिये समर्पित कर दिया। मदर टेरेसा ने कुष्ठ रोग से पीड़ित लोगों के प्रति अपनों जैसा व्यवहार किया। इस तरह की उनकी दया और करूणा की भावना ने दुनिया का एक सीख दी है। इस दृष्टि से वे सचमुच मां थी। माँ शब्द जुबान पर आते ही सबसे पहले उनका नाम आता है। कलियुग में वे मां का एक आदर्श प्रतीक थी जो आज भी प्रेम, सदभावना, मातृत्व के लिये सभी के दिलों में जीवित हैं। माँ दुनिया का सबसे अनमोल शब्द है। एक ऐसा शब्द जिसमें सिर्फ अपनापन, सेवा, समर्पण, दया, करूणा और प्यार झलकता है। मदर टेरेसा ने यूगोस्लाविया से निकल कर भारत में अपने सेवाभाव से जुड़े कार्यक्रम की शुरुआत की और विश्व भर में इसके सफल संचालन से लोगों के बीच मां का दर्ज़ा पाया।

मदर टेरेसा ने 12 वर्ष की अवस्था में ही अपने हृदय की आवाज पर समाज को अपना जीवन समर्पित करने का फैसला कर लिया था। वे मानव बनकर संसार में आई, लेकिन अपने सतत गतिशील मानव सेवा के कामों से महामानव बन गयी। उनके जीवन की कहानी आकाश की उड़ान नहीं है। उनके स्वर कल्पना की लहरियों से नहीं उठे थे, बल्कि अनुभूति की कसौटी पर खरे उतरकर हमारे सामने आए थे। जिसकी पृष्ठभूमि में विजय का संदेश है। वह विजय थी-अंधकार पर प्रकाश की, असत पर सत की, मानव उत्थान की और पीडित मानव मन पर मरहम की। वे दया और करूणा का शंखनाद थी। मदर टेरेसा यानी एग्नेस गोंझा बोयाजीजू का जन्म यूगोस्लाविया के एक साधारण व्यवसायी निकोला बोयाजीजू के घर 26 अगस्त 1910 में हुआ था। वह 18 वर्ष की आयु में 1928 में भारत के कोलकाता शहर आईं और सिस्टर बनने के लिए लोरेटो कान्वेंट से जुड़ीं और इसके बाद अध्यापन कार्य शुरू किया। उन्होंने 1946 में हुए सांप्रदायिक दंगे के दौरान अपने मन की आवाज पर लोरेटो कान्वेट की सुख सुविधा छोड़ बीमार, दुखियों और असहाय लोगों के बीच रह कर उनकी सेवा का संकल्प लिया। उन्होंने एक दशक तक कोलकाता के झुग्गी में रहने वाले लाखों दीन दुखियों की सेवा करने के बाद वहां के धार्मिक स्थल काली घाट मंदिर में एक आश्रम की शुरुआत की। उस वक्त उनके पास सिर्फ पांच रुपये ही थे लेकिन उनका आत्मबल ही था जिससे उन्होंने 'मिशनरीज ऑफ चौरिटी' की शुरुआत की और आज 133 देशों में इस संस्था की 4,501 सिस्टर मदर टेरेसा के बताए मार्ग का अनुसरण कर लोगों को अपनी सेवाएं दे रही हैं। मदर टेरेसा ने 'निर्मल हृदय' और 'निर्मला शिशु भवन' के नाम से आश्रम खोले। 'निर्मल हृदय' का ध्येय असाध्य बीमारी से पीड़ित रोगियों व गरीबों का सेवा करना था जिन्हें समाज ने तिरस्कृत कर दिया हो। 'निर्मला शिशु भवन' की स्थापना अनाथ और बेघर बच्चों की सहायता के लिए हुई। समाज के सबसे दलित और उपेक्षित लोगों के सिर पर अपना हाथ रख कर उन्होंने उन्हें मातृत्व का आभास कराया और न सिर्फ उनकी देखभाल की बल्कि उन्हें समाज में उचित स्थान दिलाने के लिए भी प्रयास शुरू किया। सच्ची लगन और मेहनत से किया गया काम कभी असफल नहीं होता, यह कहावत मदर टेरेसा के साथ सच साबित हुई। उनके आश्रम का दरवाजा हर वर्ग के लोगों के लिए हमेशा खुला रहता था। उन्होंने अपने कार्यक्रम के जरिए गरीब से गरीब और अमीर से अमीर लोगों के बीच भाईचारे और समानता का संदेश दिया था। उन्होंने किसी भी धर्म के लोगों के बीच कोई भेद नहीं किया। युगों से भारत इस बात के लिये धनी रहा है कि उसे लगातार महापुरुषों का साथ मिलता रहा है। इस देश ने अपनी माटी के सपूतों का तो आदर-सत्कार किया ही है लेकिन अन्य देशों के महापुरुषों को न केवल अपने देश में बल्कि अपने दिलों में भी सम्मानजनक स्थान दिया और उनके बताए मार्गों पर चलने की कोशिश की है। हमारे लिए मदर टेरेसा भी एक ईश्वरीय वरदान थीं। भारतीय जनमानस पर अपने जीवन से उदाहरण के तौर पर उन्होंने ऐसे पदचिन्ह छोड़े हैं, जो सदियों तक हमें प्रेरणा एवं पाथेय प्रदत्त करते रहेंगे। क्या जात-पांत, क्या ऊंच-नीच, क्या गरीब-अमीर, क्या शिक्षित-अनपढ़, इन सभी भेदभावों को ताक पर रख कर मदर ने हमें यह सिखाया है कि हम सभी इंसान हैं, ईश्वर की बनाई हुई सुंदर रचना हैं और उनमें कोई भेद नहीं हो सकता। उनका विश्वास था कि अगर हम किसी भी गरीब व्यक्ति को ऊपर उठाने का प्रयत्न करेंगे तो ईश्वर न केवल उस गरीब की बल्कि पूरे समाज की उन्नति के रास्ते खोल देगा। वे अपने सेवा कार्य को समुद्र में सिर्फ बूंद के समान मानती थीं। वह कहती थीं, 'मगर यह बूंद भी अत्यंत आवश्यक है। अगर मैं यह न करूं तो यह एक बूंद समुद्र में कम पड़ जाएगी।' सचमुच उनका काम रोशनी से रोशनी पैदा करना था।

मदर टेरेसा ने पटना के होली फॅमिली हॉस्पिटल से आवश्यक नर्सिंग ट्रेनिंग पूरी की और 1948 में वापस कोलकाता आ गईं और वहां से पहली बार तालतला गई, जहां वह गरीब बुजुर्गों की देखभाल करने वाली संस्था के साथ जुड़ गयी। उन्होंने मरीजों के घावों को धोया, उनकी मरहमपट्टी की और उनको दवाइयां दीं। धीरे-धीरे उन्होंने अपने कार्य से लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचा।

मदर टेरेसा ने समय-समय पर भारत एवं दुनिया के ज्वंलत मुद्दों पर असरकारक दखल किया, भ्रूण हत्या के विरोध में भी सारे विश्व में अपना रोष दर्शाया एवं अनाथ-अवैध संतानों को अपनाकर मातृत्व-सुख प्रदान किया। मदर शांति की पैगम्बर एवं शांतिदूत महिला थीं, वे सभी के लिये मातृरूपा एवं मातृहृदया थी। परिवार, समाज, देश और दुनिया में वह सदैव शांति की बात किया करती थीं। विश्व शांति, अहिंसा एवं आपसी सौहार्द की स्थापना के लिए उन्होंने देश-विदेश के शीर्ष नेताओं से मुलाकातें की और आदर्श, शांतिपूर्ण एवं अहिंसक समाज के निर्माण के लिये वातावरण बनाया। कहा जाता है कि जन्म देने वाले से बड़ा पालने वाला होता है। मदर टेरेसा ने भी पालने वाले की ही भूमिका निभाई। अनेक अनाथ बच्चों को पाल-पोसकर उन्होंने उन्हें देश के लिए उत्तम नागरिक बनाया। ऐसा नहीं है कि देश में अब अनाथ बच्चे नहीं हैं। लेकिन क्या मदर टेरेसा के बाद हम उनके आदर्शों को अपना लक्ष्य मानकर उन्हें आगे नहीं बढ़ा सकते? मदर टेरसा का जीवन एक खुली किताब की तरह था। उन्होंने अपनी शिष्याओं एवं धर्म-बहनों को भी ऐसी ही शिक्षा दी कि प्रेम की खातिर ही सब कुछ किया जायें। उनकी नजर में सारी मानव जाति ईश्वर का ही प्रतिरूप है। उन्होंने कभी भी अपने सेवा कार्य में धर्म पर आधारित भेदभाव को आड़े नहीं आने दिया।

### विचार बिन्दु

**मदर टेरेसा वास्तव में प्रेम और शांति की दूत थीं। उनका विश्वास था कि दुनिया में सारी बुराइयाँ व्यक्ति से पैदा होती हैं। अगर व्यक्ति प्रेम से भरा होगा तो घर में प्रेम होगा, तभी समाज में प्रेम एवं शांति का वातावरण होगा और तभी विश्वशांति का सपना साकार होगा। उनका संदेश था हमें एक-दूसरे से इस तरह से प्रेम करना चाहिए जैसे ईश्वर हम सबसे करता है। तभी हम विश्व में, अपने देश में, अपने घर में तथा अपने हृदय में शान्ति ला सकते हैं। उनके जीवन और दर्शन के प्रकाश में हमें अपने आपको परखना है एवं अपने कर्तव्य को समझना है।**



ललित गर्ग

# रक्षाबंधन पर्व का इतिहास, पौराणिक और सांस्कृतिक महत्व

भारत की सनातन परंपरा पर्व प्रधान है। ये पर्व सृष्टि के क्रमिक विकास के वार्षिक पड़ाव हैं। प्रति वर्ष आकर ये जीवन के विकासक्रम को संस्कारित करते हैं और आगे अपने धर्म के निर्वहन की प्रेरणा भी देते हैं। यह धर्म कोई मजहब या पंथ नहीं होता बल्कि मानव का होता है। इसमें राजा का धर्म, प्रजा का धर्म, पिता का धर्म, पुत्र का धर्म, भगिनी का धर्म, भाई का धर्म, पति का धर्म, पत्नी का धर्म, बड़ों का धर्म, छोटों का धर्म आदि निहित हैं। यह जीवन की संस्कृति का निर्माण करते हैं। इन पर्वों में से ही एक महत्वपूर्ण पर्व है रक्षा सूत्र बंधन। वैसे तो यह अत्यंत पौराणिक प्रचलन का पर्व है लेकिन आजकल इसे भाई बहन के पवित्र रिश्ते के साथ जोड़ कर देखा जाता है। यह पर्व हर साल आता है और अब इसे केवल भारत ही नहीं बल्कि दुनिया के कई देशों में भाई बहन के त्यौहार के रूप में मनाया जाने लगा है। आइये एक दृष्टि डालते हैं इसके प्राचीन स्वरूप से लेकर ऐतिहासिक और वर्त्तमान स्वरूप पर। यह पर्व प्रतिवर्ष श्रावण मास की पूर्णिमा के दिन मनाया जाता है। श्रावण (सावन) में मनाये जाने के कारण इसे श्रावणी (सावनी) या सलूनो भी कहते हैं। रक्षाबन्धन में राखी या रक्षासूत्र का सबसे अधिक महत्त्व है। राखी कच्चे सूत जैसे सस्ती वस्तु से लेकर रंगीन कलावे, रेशमी धागे तथा सोने या चाँदी जैसी मँहगी वस्तु तक की हो सकती है। राखी सामान्यतः बहनें भाई को ही बाँधती हैं परन्तु ब्राह्मणों, गुरुओं और परिवार में छोटी लड़कियों द्वारा सम्मानित सम्बंधियों (जैसे पुत्री द्वारा पिता को) भी बाँधी जाती है। कभी-कभी सार्वजनिक रूप से किसी नेता या प्रतिष्ठित व्यक्ति को भी राखी बाँधी जाती है। सभी धार्मिक अनुष्ठानों में रक्षासूत्र बाँधते समय कर्मकाण्डी पण्डित या आचार्य संस्कृत में एक श्लोक का उच्चारण करते हैं, जिसमें रक्षाबन्धन का सम्बन्ध राजा बलि से स्पष्ट रूप से दृष्टिगोचर होता है।

प्रातः स्नानादि से निवृत्त होकर लड़कियाँ और महिलाएँ पूजा की थाली सजाती हैं। थाली में राखी के साथ रोली या हल्दी, चावल, दीपक, मिठाई और कुछ पैसे भी होते हैं। लड़के और पुरुष तैयार होकर टीका करवाने के लिये पूजा या किसी उपयुक्त स्थान पर बैठते हैं। पहले अभीष्ट देवता की पूजा की जाती है, इसके बाद रोली या हल्दी से भाई का टीका करके चावल को टीके पर लगाया जाता है और सिर पर छिड़का जाता है, उसकी आरती उतारी जाती है, दाहिनी कलाई पर राखी बाँधी जाती है और पैसों से न्यौछावर करके उन्हें गरीबों में बाँट दिया जाता है। भारत के अनेक प्रान्तों में भाई के कान के ऊपर भोजली या भुजरियाँ लगाने की प्रथा भी है। भाई बहन को उपहार या धन देता है। इस प्रकार रक्षाबन्धन के अनुष्ठान को पूरा करने के बाद ही भोजन किया जाता है। प्रत्येक पर्व की तरह उपहारों और खाने-पीने के विशेष पकवानों का महत्त्व रक्षाबन्धन में भी होता है। आमतौर पर दोपहर का भोजन महत्त्वपूर्ण होता है और रक्षाबन्धन का अनुष्ठान पूरा होने तक बहनों द्वारा व्रत रखने की भी परम्परा है। पुरोहित तथा आचार्य सुबह-सुबह यजमानों के घर पहुँचकर उन्हें राखी बाँधते हैं और बदले में धन, वस्त्र और भोजन आदि प्राप्त करते हैं। यह पर्व भारतीय समाज में इतनी व्यापकता और गहराई से समाया हुआ है कि इसका सामाजिक महत्त्व तो है ही, धर्म, पुराण, इतिहास, साहित्य और फ़िल्में भी इससे अछूते नहीं हैं।

रक्षा सूत्र बंधन का त्योहार कब शुरू हुआ, इसकी कोई सटीक जानकारी नहीं मिलती लेकिन यह पर्व है अत्यंत प्राचीन, क्योंकि इसकी प्राचीनता के प्रमाण उपलब्ध हैं। भविष्य पुराण में वर्णन मिलता है कि देव और दानवों में जब युद्ध शुरू हुआ तब दानव हावी होते नज़र आने लगे। भगवान इन्द्र घबरा कर बृहस्पति के पास गये। वहां बैठी इन्द्र की पत्नी इंद्राणी सब सुन रही थी। उन्होंने रेशम का धागा मन्त्रों की शक्ति से पवित्र करके अपने पति के हाथ पर बाँध दिया। संयोग से वह श्रावण पूर्णिमा का दिन था। लोगों का विश्वास है कि इन्द्र इस लड़ाई में इसी धागे की मन्त्र शक्ति से ही विजयी हुए थे। उसी दिन से श्रावण पूर्णिमा के दिन यह धागा बाँधने की प्रथा चली आ रही है। यह धागा धन, शक्ति, हर्ष और विजय देने में पूरी तरह समर्थ माना जाता है। भविष्यपुराण के अनुसार इन्द्राणी द्वारा निर्मित रक्षासूत्र को देवगुरु बृहस्पति ने इन्द्र के हाथों बांधते हुए निम्नलिखित स्वस्तिवाचन किया।



## आज का इतिहास

### 02 अगस्त की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

1990 ईराक द्वारा कुवैत पर अधिकार एवं वहाँ के अमीर का सऊदी अरब पलायन।

1999 चीन ने लम्बी दूरी (8000 किमी.) की सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइल का परीक्षण किया।

2001 पाकिस्तान से भारत से चीनी आयात को मंजूरी दी।

2003 संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने लाइबेरिया में संघर्ष विराम लागू करने के लिए सेना भेजने की अनुमति दी।

2004 अमेरिका की लिंडसे डेवनपोर्ट ने रूस की मिस्कीनी की हराकर सान डियागो टेनिस चैम्पियनशिप का महिला एकल ख़िताब जीत लिया। पराग्वे की राजधानी आसुनसियोन में एक सुपर बाज़ार में आग लगने से 300 लोग मरे।

2007 जाफना के दक्षिणी द्वीप कियुशु में सुबह आये भयानक तूफ़ान उगासी ने व्यापक पैमाने पर क्षति पहुँचायी।

2008 सार्वजनिक क्षेत्र के यूनियन बैंक ने हांगकांग में अपनी पहली शाखा खोली। सुधीर कुमार चतुरर्वेदी ने पावर ग्रिड कार्पोरेशन के नये अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक के रूप में अपना कार्यभार संभाला।

2012 लंदन ओलम्पिक 2012 में भारत ने कुल 6 पदक जीते जिसमें 2 रजत और 4 कांस्य शामिल हैं। भारत इस प्रतियोगिता में 55वें नम्बर पर रहा। पदक तालिका में अमेरिका शीर्ष पर रहा जिसने 104 पदक जीते।

1861 प्रफुल्ल चंद्र राय - भारत के प्रसिद्ध वैज्ञानिक, जिन्हें 'रसायन विज्ञान का जनक' माना जाता है।

# साहित्य, जीवन की संवेदनात्मक अभिव्यक्ति और स्पंदन

### विचार बिन्दु



संजीव ठाकुर

**मनुष्य के जीवन में निराशा, आशंका का प्रादुर्भाव हमेशा से बना रहता है, और साहित्य जीवन में आशा, विश्वास एवं भविष्य की परिकल्पना उसे सुसज्जित रहता है।**

साहित्य सदैव मनुष्य के जीवन में संवेदना, संवेदनशीलता एवं मनुष्य में मानवता लाने का उत्कृष्ट कार्य करता है। हमार साहित्य, हमारी भाषा, हमें आत्मिक गौरव का सदैव अभिभाष कराती है। इसीलिए जीवन में साहित्यिक किताबों का विशेष महत्व है, सतसाहित्य और भाषा से जीवन गरिमा और गहरी संवेदना लिए हुए होता है। वस्तुत अच्छा साहित्य का वाचक, एक प्रशासक, एक अच्छा अभिनेता और एक अच्छा राजनेता बन सकता है, पर दूसरी तरफ एक अच्छा राजनेता, अच्छा प्रशासक, अच्छा अभिनेता बिना भाषा और साहित्यिक मनन के के अच्छा साहित्यकार या उत्कृष्ट मानव नहीं हो सकता है। इसके लिए मनुष्य के जीवन में साहित्य के अध्ययन, मनन और चिंतन की आवश्यकता होती है। क्योंकि साहित्य में मानवीय समाज के सुख-दुख, आशा निराशा,उत्थान और पतन का स्पष्ट परिवेश स्वमेव उपस्थित रहता है। साहित्य की इन्हीं सब खूबियों के कारण उसे समाज का प्रतिबिंब कहा जाता है। साहित्य सर्वमान रूप से एक स्वायत्त आत्मा ही है, और साहित्य का रचयिता खुद स्वयं यह नहीं बता सकता कि साहित्य किसके जीवन में कब और क्या क्या परिवर्तन ला सकता है। मूलतःसाहित्य सत्य के अन्वेषण की साधना और सौंदर्य की अभिव्यंजना भी है। विशुद्ध जीवन एवं उच्च सत साहित्य मानव और समाज की संवेदना और उसकी सहज व्यक्तियों को युगों तक आने वाली पीढ़ियों में संचारित करता रहता है।और यही वजह है कि शेक्सपियर, तुलसीदास की कृतियां आज भी लोगों के हृदय में राज करती है। वैश्विक स्तर पर मनुष्य कितने ही जाति, राजनीति और भौगोलिक तौर पर अनेक गुटों में बट जाए, पर साहित्यिक धरातल एवं परिसीमा में सब एक हैं,सभी का बराबरी का दर्ज़ा है। साहित्य मनुष्य को मानव और एक सहृदय व्यक्ति बनाना सिखाता है। दुनिया के सभी इंसान एक है,उनकी प्रवृतियां भी एक जैसी ही है। साहित्य सभी मानव में संवेदना भरकर करुणा, दया तथा परस्पर स्नेह के भाव पैदा करता है। साहित्य समय की धारा से अछूता नहीं रह सकता है। साहित्यकार उस समय काल की धारा में बैठकर उस समय की पीड़ा, संत्रास और उत्पीड़न को लेकर अपनी रचनाएं करता है, और समाज को एक परिष्कृत वातावरण बनाने के लिए प्रेरित करता है। जिस समाज में साहित्यिक परंपरा विशाल एवं समृद्ध है,वह समाज हमेशा से जीवंत और प्रगतिशील माना गया है। सत साहित्य सदैव मानवी सहज प्रवृत्तियों के साथ समय की धारा के साथ परिवर्तित एवं परिमार्जित होता रहा है। और यही कारण है कि एक अच्छा साहित्यकार एक अच्छा मनुष्य माना जाता है। और उसकी कृति युगों युगों तक जनमानस को प्रेरित, उत्प्रेरित तथा उत्साहित करती रहती है। साहित्य भविष्य की रूपरेखा वर्तमान को सामने रखकर सुनिश्चित करते हुए मानव के सोए हुए विवेक शक्ति को जागृत करने का प्रयास करता है। और श्रेष्ठतम साहित्य में मनुष्य के भीतर तथा बाहर के सार्वभौमिक मूल्यों,संदेशों और उद्देश्य को अंतर्निहित किए रहता है। यही कारण है की कबीरदास, रविंद्र नाथ टैगोर, जयशंकर प्रसाद, प्रेमचंद, शेक्सपियर, होमर,मिल्टन मानवीय चेतना के चितेरे साहित्यकार माने गए और उन्हें युगों युगों तक याद किया जाता रहेगा। वास्तव में जीवन साहित्य का आधार है, चाहे वह व्यक्ति विशेष का हो, परिवार का हो, समाज का हो, राज्य का हो या राष्ट्र का हो या संपूर्ण विश्व का जीवन के बिना साहित्य की कल्पना ही असंभव और साहित्य की समृद्धि बिना जीवंत समाज का सम्यक विकास असंभव है। साहित्य, भाषा, संवेदना जीवन का मेरुदंड है। जिंदगी में यथार्थवाद समाविष्ट रहता है और साहित्य आशावादी दृष्टिकोण से परिपूर्ण रहता है, इस तरह जीवन में यथार्थवाद और आशावाद एक दूसरे के पर्याय तथा पूरक हैं। साहित्य वैसे तो मानवीय जीवन में, जो है और जो होना चाहिए उसके बीच का एक जरिया ही है। साहित्य अपनी परिकल्पना उसे मानवीय समाज में मानवीय संबंधों के सुधार की जो आवश्यकता है, उस को रेखांकित करता है। और साहित्य समाज में व्यक्ति की जिंदगी में अपनी परिकल्पना से आल्हाद,उमंग और आनंद भी देता है, जिसकी मानव अपनी जिंदगी सर्वश्रेष्ठ पलों की कामना करता है। मूल रूप से अच्छा रचनाकार, बड़ा साहित्यकार, समय काल में समाज की ही देन होता है। और उसी समाज विशेष की भाषा, संस्कृति, परंपराओं और इतिहास के दायरे में उसकी रचनात्मकता परवान चढ़ती है। अतः जीवन में और साहित्य के मध्य जितना आदान-प्रदान होगा, वहां साहित्य एवं जीवन जीवंत, संवेदनशील और प्रभाव शाली होगा।

# शाकाहार

*शतम् जीवेत् सुखम् जीवेत्*

हैल्थ संवाददाता

**स्वास्थ्य ही धन है, ऐसे में आप किस तरह के आहार का सेवन करते हैं, उसपर आपका स्वास्थ्य निर्भर करता है। शाकाहारी भोजन आपको न केवल स्वस्थ रखता है, बल्कि कई गंभीर बीमारियों से बचाता है। शाकाहारी भोजन के सेवन से स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों के विभिन्न पहलुओं की पड़ताल करता आलेख। सच में यह कहा जाये, तो बिल्कुल गलत नहीं होगा, कि व्यक्ति का शरीर केवल शाकाहार भोजन खाने के लिए बना है। शाकाहार में शरीर के लिए जरूरी आयरन, प्रोटीन, फैट्स, विटामिन्स आदि होते हैं। लेकिन लोगों को यह लगता है कि नॉनवेज में प्रोटीन ज्यादा होता है, इसलिए नॉनवेज खाना चाहिए, लेकिन यह सही नहीं है। शाकाहार के सेवन से भी प्रोटीन की जरूरत को पूरा किया जा सकता है।**

## संतृप्त वसा व कोलेस्ट्रॉल की मात्रा कम



शाकाहारी भोजन में रेशे यानी फाइबर बहुतायत में पाये जाते हैं। इसमें विटामिन व लवणों की मात्र भी अपेक्षाकृत ज्यादा होती है। शाकाहारी भोजन में पानी की मात्र भी ज्यादा होती है, जिससे मोटापा कम होता है। मांसाहार की तुलना में शाकाहारी भोजन में संतृप्त वसा व कोलेस्ट्रॉल की मात्र कम होती है, जिससे यह हृदय रोगों की आशंका को कम करता है। अनाज, फली, फल व सब्जियों में रेशे व एंटीऑक्सीडेंट ज्यादा होते हैं, जो कैंसर जैसी खतरनाक बीमारी को दूर रखने में सहायक होते हैं।

## शाक से मिलता है प्रोटीन




शाकाहारी होना कतई हानिकारक नहीं है। मांसाहारियों को शरीर के लिए जरूरी तत्व जो मांस से मिलते हैं, वही जरूरी तत्व शाकाहारियों को कई प्रकार के शाक से मिलते हैं। प्रोटीन जो मछली, मांस और अंडे से प्राप्त होता है, वह वनस्पति से भी प्राप्त होता है।

## बनो शाकाहारी हो जाओ दीर्घायु

मानव शरीर के कार्य करने के लिए ऐसा कोई पौष्टिक व जरूरी तत्व नहीं है, जो वनस्पतियों से प्राप्त नहीं किया जा सकता। फोलेट के अत्यधिक मात्र में होने के कारण और न्यून मात्र में सैचुरेटेड फैट, कोलेस्ट्रॉल व एनिमल प्रोटीन मात्र के कारण शाकाहारी भोजन हमें खतरनाक और सामान्य रोगों से बचाता है।

## कौन सा विटामिन पाएं कहां से



**विटामिन 'ए':** (1) हरी सब्जियां (2) मक्खन (3) क्रीम (4) गाय का दूध (5) काडलिवर आयल

**विटामिन बी 1:** (1) गेहूं (2) ताजे मटर (3) अंकुरित बीज (4) सेम (5) खमीर आदि।

**विटामिन बी2:** (1) अंडा (2) टमाटर (3) दूध (4) खुमानी (5) हरी सब्जियां।

**विटामिन बी 6:** (1) अनाज के दाने (2) मछली (3) मांस (4) खमीर (5) चावल (6) फलियां

**विटामिन बी 12:** (1) हरी सब्जियां (2) दालें (4) अनाज (5) खमीर आदि।

**विटामिन सी:** (1) बंदगोभी (2) शलगम (3) सादे रसदार फल (4) टमाटर (5) नींबू आदि।

**विटामिन- डी:** (1) दूध (2) काड लिवर आयल (3) पनीर (4) घी (5) मक्खन

**विटामिन ई:** (1) गेहूं के अंकुर (2) पालक (3) हरी सब्जियां (4) बंदगोभी (5) टमाटर आदि।

## किसके लिये कौन सा विटामिन है फायदेमंद

- हमें आंखों के लिये विटामिन 'ए' तथा 'सी' की आवश्यकता है।
- मसूड़ों तथा दांतों की मजबूती के लिये विटामिन सी चाहिए।
- पाचन शक्ति बढ़ाने तथा हृदय को मजबूत करने के लिए विटामिन बी चाहिए।
- फेफड़ों की प्रतिरोधक शक्ति बढ़ाने के लिये विटामिन 'डी' की आवश्यकता होती है।
- बार-बार खांसी जुकाम हो तो विटामिन 'ए' लीजिए।
- पिण्डलियों का भारीपन तथा पांव का दर्द दूर करने के लिये विटामिन 'बी' चाहिए।
- खून की कमजोरी दूर करने के लिये विटामिन सी की आवश्यकता होती है।
- शरीर की हड्डियां टेढ़ी-मेढ़ी न हों, इसके लिए विटामिन 'डी' का सेवन करें।



**1977 से अमेरिका में विश्व शाकाहार दिवस मनाने की शुरूआत की**

**शाकाहारी भोजन में संतृप्त वसा और कोलेस्ट्रॉल की मात्रा कम होती है।**

# शाकाहार पूर्ण पौष्टिक भोजन है

हैल्थ संवाददाता

**आज की भौतिक दौड़ में हमने अपने खान-पान को भुला दिया है। आज कई लोग मांसाहारी हो गये हैं। संभवत: यही कारण है कि नयी-नयी बीमारियों का जन्म हो गया है। हमारा शरीर प्राकोंतिक तत्वों से मिलकर बना है। अत: मनुष्य को वही जन करना चाहिए, जिसमें सात्विक गुण हो, क्योंकि शरीर किसी बाह्य तत्व का बोझ सहन नहीं कर सकता। अब हमारा पौष्टिक भोजन क्या हो? विशेषज्ञों के अनुसार शाकाहार ही पौष्टिक भोजन है।**



शाकाहारी भोजन में उचित मात्रा में शक्तिवर्ध्दक तत्व होते हैं। शाकाहारी भोजन स्वस्थ, सबल और दीर्घायु बनाता है,जबकि मांसाहारी व्याधियों से घिरसे होते हैं। शाकाहार के संबंध में अनेक शोध भी होचुके हैं। इसका परिणाम स्वास्थ्य के लिए सकारात्मक ही पाया गया है। शाकाहारी मांसाहारियों की अपेक्षा सहनशील, शक्तिशाली और परिश्रमी होते हैं। इसके अलावा शाकाहारी भोजन का रासायनिक विश्लेषण मांसाहारी भोजन से कई मायनों में अधिक होता है। जैसे प्रति सौ ग्राम अंडों का विश्लेषण करने पर 13.3 प्रतिशत प्रोटीन, 0 प्रतिशत कार्बोहाइड्रेट्स, 13.3 फैट, 0 प्रतिशत फाइबर, 1.0 प्रतिशत मिनरल्स व 173 कैलोरी ऊर्जा प्राप्त होती है, जबकि प्रति सौ ग्राम सोयाबीन से 43.3 प्रतिशत प्रोटीन, 20.9 प्रतिशत कार्बोहाइड्रेट्स, 19.5 प्रतिशत फैट, 3.7 प्रतिशत फाइबर, 4.6 प्रतिशत मिनरल्स और 432 कैलोरी ऊर्जा प्राप्त होती है। ऐसे प्रति सौ ग्राम बकरे का मांस 21.4 प्रतिशत प्रोटीन, 0 प्रतिशत कार्बोहाइड्रेट्स, 23.6 प्रतिशत फैट, 0 प्रतिशत फाइबर, 1.1 प्रतिशत मिनरल्स, 118 कैलोरी ऊर्जा रखता है, जबकि प्रति सौ ग्राम मोट से 23.6 प्रतिशत प्रोटीन, 56.5 प्रतिशत कार्बोहाइड्रेट, 1.1 प्रतिशत फैट, 4.5 प्रतिशत फाइबर और 330 कैलोरी ऊर्जा प्राप्त होती है।

## मछली में है प्रचूर मात्रा में प्रोटिन

इसी प्रकार मछली की अनेक किस्मों में प्रति सौ भाग रासायनिक पौष्टिकता इस प्रकार है- प्रोटीन 8.9 से 76.1 प्रतिशत, फाइबर 0 प्रतिशत, मिनरल्स 0 से 27.5 प्रतिशत और ऊर्जा 59 से 413 कैलोरीज, जबकि मूंगफली व तरबूज के सौ ग्राम बीजों की पोषकता यूं हैं- 26.2 से 34.1 प्रतिशत प्रोटीन, 26.7 से 45 प्रतिशत कार्बोहाइड्रेट्स, 39.8 से लेकर 52.6 प्रतिशत फैट, 0.8 से लेकर 3.1 प्रतिशत फाइबर, 1.6 से लेकर 25 प्रतिशत मिनरल्स और 470 से लेकर 628 कैलोरी ऊर्जा।

## हरी सब्जियां में है विटामिन्स की खान

अब देखें फाइबर मांस में बिल्कुल नहीं है, जबकि रोगों से लड़ने की ताकत यही जुटाता है। इसके विपरीत हर शाकाहारी भोजन में फाइबर की उपस्थिति निश्चित है। इसके अतिरिक्त हरी सब्जियां तो विटामिन्स की खान है अगर कुछ विटामिन्स रह भी जाएं तो इसकी पूर्ति, दूध, दही व मक्खन से की जा सकती है। शाकाहार के संबंध में अमेरिका में हुए एक अध्ययन से पता चला है कि जो अमेरिका महिलाएं शाकाहारी होते हैं उन्हें छाती का कैंसर कभी न होने की संभावना होती है। शाकाहार में अंगूर, पपीते व हरी पत्तेदार सब्जियों का सेवन करने वालों को भोजन नली का कैंसर बहुत कम होने का खतरा रहता है। शाकाहार के संबंध में जर्मनी की इंस्टीट्यूट आफ सोशियल मेडिसन एंड एपिडेमिचोलोजी द्वारा भी सर्वेक्षण किये जा चुके हैं।



## शाकाहार से रक्तचाप रहता है सामान्य

इस संस्था के शोधकर्ताओं का मानना है कि शाकाहारियों के रक्त में यूरिक एसिड का मात्रा कम होती है। इससे रक्तचाप सामान्य रहता है, जबकि मांसाहारियों में इसकी अधिकता पायी जाती है। शाकाहार के बारे में कुछ जाने-माने सितारों का भी मत सकारात्मक है।

## विश्व प्रसिद्ध शाकाहारी

विश्व के प्रसिध्द महापुरुष शाकाहारी थे, जिनमें सर आईजक न्यूटन, टॉलस्टाय, मिल्टन, अरस्तु, बर्नार्ड शा आदि के नाम प्रमुख हैं। शाकाहार ने ही उनके बंद ज्ञान की पंखुड़ियों को खोलने में मदद की। महान वैज्ञानिक एलबर्ट आइन्सटाईन का कथन आज भी सत्य है। शाकाहार का हमारी प्रकृति पर गहरा प्रभाव पड़ता है। इससे तो इंसान का भाग्य पलट सकता है। कैंसर एंड अदर डिसीज फ्राम मीट कन्जंम्पशन पुस्तक के लेखक लियोनार्डो ब्लानचे ने कैंसर के अनेक मरीजों का इलाज किया है। उन्होंने पाया कि कुल संख्या का एक तिहाई भाग जिस कैंसर से पीड़ित मिला है, वह पेट का कैंसर ही था। उनके अनुसार, पेट में पूरी तरह न पचने राले खाद्य पदार्थों से ऐसा संभव हुआ है। मांस ऐसा भोजन है जो देर से पचता है, जबकि शाकाहार करने वाले ऐसी शिकायतें कम करते हैं।

## शाकाहार, मांसाहार की अपेक्षा अधिक सस्ता

आर्थिक दृष्टि से शाकाहार, मांसाहार की अपेक्षा अधिक सस्ता पड़ता है। शाकाहारी भोजन चाहे जितना ही भारी हो, लेकिन मांस से पहले पचता है। यह भूख को पूर्ण रूप से तृप्त करता है। इससे मोटापा आने के आसार बहुत कम होते हैं। शाकाहारी के शरीर में रक्त के संचार की गति तेज होती है। शाकाहार की महत्ता को गास्पल आफ जीसस क्राइस्ट में भी बताया गया है कि यदि तुम शाकाहारी भोजन को नियमित अपनाओगे तो तुम्हें नया जीवन व शक्ति मिलेगी।

मांसाहारी जिन मांस को खाते हैं, वह न जाने कैसे पशुओं का होता हैं। शहर में घूमते इन आवारा पशुओं को अनेक बीमारियां घेरे रहती हैं। जब इन्हें काटा जाता है तो क्या इनके शरीर की जांच की जाती है?

## मांसाहार मानव शरीर को करता विकृत

मांसाहार अवश्य ही मानव शरीर को विकृत करता है। शाकाहार वास्तव में मनुष्य के मन और शरीर को सुदृढ़ बनाता है। अत: निष्कर्ष के तौर पर कहा जा सकता है कि हर हाल में शाकाहार मांसाहार की अपेक्षा अत्यन्त लाभदायक होता है, फिर मनुष्य को प्रकृति में रहने की आदत है तो उसी के अनुरूप आचरण भी करना चाहिए।

## लहसुन उच्च रक्तचाप में राहत देता है

लहसुन सर्दियों से दुनिया भर में अनेक लोगों के भोजन का अंग रहा है, जो लोग इसे पसंद करते हैं, उनका कहना है कि लहसून से खाने का मजा बढ़ जाता है, लेकिन दुनिया के कई समाज इसे खाना अच्छा नहीं समझते, शायद तीखी गंध के कारण। आयुर्वेद में लहसुन का गुण-गान किया गया है। अब तो आधुनिक चिकित्सा पध्दति के विशेषज्ञ भी कई बीमारियों में इसे कारगर मानने लगे हैं। दमा, बहरेपन, खांसी-जुकाम, पेट में कीड़े आदि में लहसुन लेने की सलाह दी जाती है। छाती के रोगों में और सर्दी लग जाने पर लहसुन की दूध में उबाल कर लेना चाहिए। तपेदिक के मरीजों के लिए भी लहसुन बहुत मुफीद है। लहसुन की कली को पीसकर 250 ग्राम दूध में धीमी आंच पर उबालिये। एक चौथाई दूध रह जाने पर यह दवा बन जाएगी। इसे दिन में तीन बार लेना चाहिए। सुबह-सबेरे खाली पेट लहसुन की एक-दो कलियों को जरा-सा कूट कर पानी में निगल जाइए। उच्च रक्तचाप और पेट की बीमारियों में फायदा होगा। आंतों में जमा विषैला तत्व नष्ट हो जाता है।

लहसुन का सबसे बड़ा अवगुण इसकी बू है। जो लोग लहसुन नहीं ले सकते, वे लहसुन के कैप्सूल ले सकते हैं, जो बाजार में उपलब्ध हैं। लहसुन गुणों का भंडार है, लेकिन कुछ लोगों को नुकसान कर सकता है। इसकी तासीर गर्म होती है। जिनकी पाचन शक्ति कुछ ज्यादा ही गड़बड़ हो, गर्म चीजें खाने से जिनको तकलीफ बढ़ जाती है, उन्हें लहसुन से परहेज करना चाहिए।



# कैंसर को दूर रखने के लिए शाकाहार अपनायें

कई अध्ययनों से पता चला है कि शाकाहारी लोगों की रोग प्रतिरोधक क्षमता मांस खाने वाले लोगों की तुलना में मजबूत होती है। वहीं शाकाहारी लोगों को दिल से जुड़ी बीमारियां, कैंसर और मोटापा जैसी बीमारियां भी कम होती हैं। मांस, अंडे और डेयरी उत्पाद छोड़ देने से कम वसा, कम कोलेस्ट्राल और बहुत पौष्टिक खाना मिलता है। तो चलिये विस्तार से जानें कि शाकाहार कैसे हमें कैंसर व अन्य घातक बीमारियों से दूर रख सकता है।

## पौष्टिकता का खजाना है शाकाहार

शाकाहारी भोजन मनुष्य को फ्लू जैसी रोजमर्रा की बीमारियों के साथ कैंसर जैसी घातक बीमारियों को दूर रखने में मदद करता है। एक सर्वे के दौरान मिले तथ्यों के मुताबिक जानकार बताते है कि शरीर के लिए शाकाहारी खाना सबसे अच्छा है। मांस, अंडे और डेयरी उत्पाद छोड़ देने से कम वसा, कम कोलेस्ट्राल और बहुत पौष्टिक खाना मिलता है। सर्वे के मुताबिक शाकाहारी खाने में कोलेस्ट्राल नहीं होता और वसा भी कम होती है और यह कैंसर के खतरे को 40 फीसद कम करता है। शाकाहारी खाने में सोया दूध, अनाज, फल, सब्जियां, बादाम और जूस हमारी रोजमर्रा की विटामिन, कैल्शियम, फोलिक एसिड, प्रोटीन की जरूरतों को पूरा कर सकते हैं। जानकारों का मानना है कि शाकाहारी लोग फ्लू जैसी रोजमर्रा की बीमारियों से जल्दी प्रभावित नहीं होते हैं। मांसाहारी लोगों को शाकाहारी खाना खाने वालों की तुलना में मोटे होने का खतरा नौ गुना ज्यादा होता है।

# लुसाने डायमंड लीग : नीरज ने 89.49 मीटर भाला फेंक हासिल किया दूसरा स्थान

एजेंसी ▶▶| लुसाने

भाला फेंक के स्टार भारतीय खिलाड़ी नीरज चोपड़ा फिटनेस संबंधी चिंताओं के बावजूद यहां डायमंड लीग एथलेटिक्स प्रतियोगिता में अपने आखिरी प्रयास में 89.49 मीटर का सत्र का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए दूसरे स्थान पर रहे। पेरिस ओलंपिक में रजत पदक जीतने वाला यह 26 वर्षीय खिलाड़ी चौथे दौर तक चौथे स्थान पर चल रहा था। उन्होंने पांचवें प्रयास में 85.58 मीटर भाला फेंका। नीरज ने हालांकि अपना सर्वश्रेष्ठ आखिरी प्रयास के लिए बचा रखा था। गुरुवार को खेली गई इस पर प्रतियोगिता में नीरज ने अंतिम प्रयास में 89.49 मीटर भाला फेंका जो पेरिस ओलंपिक के 89.45 मीटर से थोड़ा बेहतर है।



### आखिर तक हार नहीं मानी

*'शुरू में अच्छा महसूस नहीं हो रहा था लेकिन मैं अपने थ्रो से खुश हूं, खासकर अपने आखिरी प्रयास में दूसरा (करियर का) सर्वश्रेष्ठ थ्रो करके। शुरुआत बहुत अच्छी नहीं रही लेकिन मैं वापसी करने में सफल रहा। मुझे खुशी है कि मैंने आखिर तक हार नहीं मानी। भले ही मेरा शुरुआती थ्रो 80-83 मीटर के आसपास था लेकिन आखिरी दो प्रयासों में दमदार प्रदर्शन करने में सफल रहा। इस तरह की शीर्ष प्रतियोगिता में मानसिक रूप से मजबूत रहना और अपना जज्बा बनाए रखना महत्वपूर्ण होता है।'*

– नीरज चोपड़ा



### पीटर्स शीर्ष पर

दो बार के विश्व चैंपियन और पेरिस ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स दूसरे दौर में 90.61 मीटर के प्रयास के साथ पहले स्थान पर रहे। जर्मनी के जूलियन वेबर ने 87.08 मीटर के साथ तीसरा स्थान हासिल किया।

### पीटर्स ने फेंकी 90 मीटर की दूरी

पिछले साल से फॉर्म में वापसी करने के लिए प्रयासरत पीटर्स यहां शुरू से लेकर आखिर तक पहले स्थान पर बने रहे। उन्होंने 90 मीटर की दूरी पार करके अपना पहला स्थान सुनिश्चित कर दिया था। उनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 93.07 मीटर है जो उन्होंने 2022 में हासिल किया था।

### 15 अंक से संयुक्त तीसरे स्थान पर

चोपड़ा यहां दूसरे स्थान पर रहने के बाद डायमंड लीग की तालिका में 15 अंक लेकर वेबर के साथ संयुक्त तीसरे स्थान पर हैं। पीटर्स 21 अंकों के साथ शीर्ष स्थान पर पहुंच गए। गुरुवार को यहां 82.03 मीटर के साथ सातवें स्थान पर रहने वाले चेक गणराज्य के जैकब वाडलेज्च 16 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं।

### नदीम ने नहीं लिया हिस्सा

पाकिस्तान के अरशद नदीम ने पेरिस में 92.97 मीटर के ओलंपिक रिकॉर्ड थ्रो के साथ चोपड़ा को हराकर स्वर्ण पदक जीता था। उन्होंने हालांकि यहां डायमंड लीग प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं लिया। चोपड़ा पिछले कुछ समय से कमर की चोट से परेशान रहे हैं जिसकी उन्हें सर्जरी करानी पड़ सकती है। उन्होंने हालांकि इस पर फैसला स्थापित करके इस प्रतियोगिता में भाग लिया था।

## खबर संक्षेप



### शाकिब के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश के स्टार आलराउंडर शाकिब अल हसन को हाल में बांग्लादेश में हुए विरोध प्रदर्शन और हिंसा के दौरान कथित हत्या के मामले में एक आरोपी के तौर पर दर्ज किया गया है। इस हिंसा के दौरान सैकड़ों लोग मारे गए थे। ईएसपीएनक्रिकइन्फो के अनुसार शेख हसीना के नेतृत्व वाली अवामी लीग सरकार में पूर्व सांसद और 37 वर्षीय बांग्लादेश के पूर्व कप्तान शाकिब अल हसन उन 147 लोगों में शामिल हैं जिनके खिलाफ अगस्त के शुरू में विरोध प्रदर्शनों के दौरान कथित हत्या के लिए आरोप दायर किए गए हैं।

### अदिति और दीक्षा की निराशाजनक शुरुआत



**सेंट एंड्रयूज।** भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर और अदिति अशोक ने एआईजी महिला ओपन के पहले दौर के आखिरी होल में बर्डी लगाकर कट में जगह बनाने की अपनी उम्मीदों को बनाए रखा। तेज हवा से प्रभावित पहले दिन के खेल के बाद अदिति चार-ओवर 76 का कार्ड खेलकर संयुक्त 79वें जबकि दीक्षा पांच ओवर 77 का कार्ड खेलकर संयुक्त 100वें स्थान पर है। अदिति ने पहले, दूसरे और 12वें होल में बोगी जबकि 13वें होल में डबल बोगी की। उन्होंने नौवें होल में बर्डी लगाकर चार ओवर का कार्ड बनाया। दीक्षा ने 10वें, 11वें, 13वें, 16वें और 17वें होल पर बोगी की।

### डी गुकेश और प्रज्ञानानंदा ने सिंकफील्ड कप में खेला ड्रॉ



**सेंट लुइस।** विश्व चैम्पियनशिप के चैलेंजर डी गुकेश यहां सिंकफील्ड कप के चौथे दौर में फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा के खिलाफ अच्छी स्थिति पर पहुंचने के बावजूद जीत दर्ज नहीं कर सके और उन्हें अंक बांटकर संतोष करना पड़ा। चीन के डिंग लिरेन के खिलाफ नवंबर में विश्व चैम्पियनशिप मैच खेलने के लिए तैयार गुकेश ने फिरोजा को कड़ी चुनौती दी। ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने भी होलैंड के अनीश गिरी के खिलाफ बाजी ड्रा कराई। अमेरिका के वेस्ले सो ने एकमात्र निर्णायक बाजी जीती। उन्होंने रूस के इयान नेपोमनियाच्ची को हराकर पूरे अंक जुटाए। इस तरह वेस्ले सो के फिरौजा की तरह 2.5 अंक हो गये हैं और दोनों चार दौर के बाद संयुक्त बढ़त बनाए हैं। उनके बाद अमेरिका के फैबियानो कारूआना, फ्रांस के मैक्सिम वाचियर लाग्रेव, नेपोमनियाच्ची, प्रज्ञानानंदा और गुकेश शामिल हैं। उज्बेकिस्तान के नोडिरबेक अब्दुसत्तारोव और गिरी 1.5 लेकर संयुक्त नौवें स्थान पर हैं।

## टेस्ट : जेमी स्मिथ ने 148 गेंदों पर बनाए 111 रन

# स्मिथ ने चौथे ही मैच में ठोका पहला शतक, तोड़ा 94 साल पुराना रिकॉर्ड

एजेंसी ▶▶| मेनचेस्टर

अपने करियर का चौथा टेस्ट मैच खेल रहे जेमी स्मिथ ने इंग्लैंड की ओर से 75 की स्ट्राइक रेट से 148 गेंदों पर 111 रन बनाए। श्रीलंका के खिलाफ अपनी इस पारी में उन्होंने 8 चौके और 1 छक्का लगाया। प्रभात जयसूर्या ने उनका विकेट चटकाया। इसके साथ ही जेमी स्मिथ टेस्ट शतक लगाने वाले सबसे कम उम्र के इंग्लैंड के विकेटकीपर बन गए हैं। उन्होंने 24 साल और 42 दिन की उम्र में यह कारनामा किया। उन्होंने लेस एम्स का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। विकेटकीपर लेस ने 1930 में पोर्ट ऑफ स्पेन में वेस्टइंडीज के खिलाफ 24 साल और 63 दिन की उम्र में टेस्ट शतक लगाया था।

इंग्लैंड और श्रीलंका के बीच इन दिनों 3 टेस्ट मैचों की सीरीज का पहला मुकाबला खेला जा रहा है। पहले टेस्ट के तीसरे दिन गुरुवार को श्रीलंका ने समाचार लिखे जाने तक दूसरी पारी में 3 विकेट खोकर 53 रन बना लिए हैं। इससे पहले श्रीलंका टीम टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पहली पारी में 236 रन पर सिमट गई थी। जवाब में इंग्लैंड ने पहली पारी में ऑलआउट होकर 358 रन बनाए। विकेटकीपर बल्लेबाज जेमी स्मिथ ने शतक ठोका। इसके साथ ही उन्होंने इतिहास रच दिया।



### जुलाई में किया था डेब्यू

जेमी स्मिथ दिसंबर 2022 के बाद शतक बनाने वाले इंग्लैंड के पहले विकेटकीपर-बल्लेबाज भी बने। ओली पोप ने 18 महीने पहले रावलपिंडी में पाकिस्तान के खिलाफ शतक बनाया था। जेमी स्मिथ ने इसी साल जुलाई में वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट डेब्यू किया था। उन्होंने पारंपरिक क्रिकेट शॉट्स खेले और विकेटों के बीच भागकर भी रन बटोरे। समय-समय पर उन्होंने बाउंड्री भी लगाईं। इंग्लैंड ने एक समय 187 के स्कोर पर 5 विकेट खो दिए थे। इसके बाद जेमी स्मिथ ने क्रिस वोक्स और गस एटकिंसन के साथ पारी को संभाला और टीम का स्कोर 350 के पार पहुंचा दिया।

### श्रीलंका-न्यूजीलैंड के पहले टेस्ट में होगा विश्राम दिवस

**दुबई।** अगले महीने गॉल में न्यूजीलैंड के खिलाफ श्रीलंका का शुरुआती टेस्ट मैच छह दिन का होगा, जिसमें इस द्वीपीय देश में राष्ट्रपति चुनाव के कारण एक दिन विश्राम का प्रावधान है। आईसीसी ने शुक्रवार को यहां जारी विज्ञप्ति में बताया कि 18 सितंबर को शुरू होने वाले टेस्ट में 'डेमोक्रेटिक सोशलिस्ट रिपब्लिक ऑफ श्रीलंका' के राष्ट्रपति चुनाव के कारण' 21 सितंबर को विश्राम का दिन होगा। दो दशकों से अधिक समय में यह पहली बार होगा कि श्रीलंका छह दिनों के टेस्ट मैच की मेजबानी करेगा। इससे पहले 2001 में कोलंबो में जिम्बाब्वे के खिलाफ खेले गए मैच में पोया डे (पूर्णिमा) के कारण एक दिन का विश्राम रखा गया था। दो मैचों की यह श्रृंखला मौजूदा आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप चक्र का हिस्सा है जिसका दूसरा टेस्ट 26-30 सितंबर तक उसी स्थान पर खेला जाएगा।

### श्रृंखला में अहम भूमिका निभाना चाहते हैं ग्रीन



**सिडनी।** न्यूजीलैंड के खिलाफ अपने बल्लेबाजी प्रदर्शन से उत्साहित ऑस्ट्रेलिया के ऑल राउंडर कैमरन ग्रीन भारत के खिलाफ 22 नवंबर से उनके घरेलू मैदान पर्थ में शुरू होने वाली पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला में बल्ले और गेंद दोनों से महत्वपूर्ण भूमिका निभाना चाहते हैं। ऑस्ट्रेलिया 2014-15 के बाद पहली बार बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी जीतने की कवायद में है। भारत ने पिछली चार श्रृंखलाएं जीती हैं। उसने इस बीच 2018-19 और 2020-21 में ऑस्ट्रेलिया को उसकी धरती पर हराया था। यह दोनों देश पिछले तीन दशक में पहली बार पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला

## टेनिस

# नवारो मॉन्टेरी ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचीं



एजेंसी ▶▶| मॉन्टेरी

अमेरिका की दूसरी वरीयता प्राप्त एम्मा नवारो ने पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करके पोलैंड की नौवीं वरीयता प्राप्त मैग्डेलेना फ्रेच को 6-7 (3), 6-0, 6-2 से हराकर मॉन्टेरी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

नवारो इस डब्ल्यूटीए 500 हार्ड-कोर्ट प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में चेक गणराज्य की छठी वरीयता प्राप्त लिंडा नोस्कोवा से भिड़ेंगी। नोस्कोवा ने यूक्रेन की पांचवीं वरीयता प्राप्त एलिना स्वितोलिना को 6-4, 6-4 से हराया। दूसरे सेमीफाइनल में रूस की तीसरी वरीयता प्राप्त एकातेरिना अलेक्जेंड्रोवा का सामना न्यूजीलैंड की लुलु सुन से होगा। अलेक्जेंड्रोवा ने चीन की सातवीं वरीयता प्राप्त यू युआन को 7-5, 7-6 (3) से और सुन ने रूस की एरिका एंड्रीवा को 6-4, 6-3 से हराया।

### चोटिल ओन्स जाबेउर अमेरिकी ओपन से हटी



**न्यूयॉर्क।** अमेरिकी ओपन में 2022 की उपविजेता ओन्स जाबेउर कंधे की चोट के कारण इस साल के टूर्नामेंट से हट गईं। सोमवार से शुरू होने वाले टूर्नामेंट में जाबेउर को 17वीं वरीयता मिलनी थी। अमेरिकी टेनिस एसोसिएशन ने कहा कि जाबेउर के हट जाने के बाद वरीयता प्राप्त करने के लिए पात्र अगली सर्वोच्च खिलाड़ी एलिस मर्टेंस को 33वीं वरीयता दी जाएगी। जाबेउर हाल में चोटों से जूझती रही है। उन्होंने मॉन्ट्रियल में अपने एकमात्र मैच में नाओमी ओसाका से हारने के बाद वाशिंगटन में हार्ड-कोर्ट टूर्नामेंट से नाम वापस ले लिया था।

## सैफ अंडर-20 चैंपियनशिप

# किपगेन के गोल से भारत ने सेमीफाइनल में बनाई जगह



एजेंसी ▶▶| काठमांडू

मांगलेनथांग किपगेन के अंत में किए गए गोल की बदौलत भारत ने शुक्रवार को यहां मालदीव पर 1-0 की रोमांचक जीत से सैफ अंडर-20 फुटबॉल चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। ग्रुप बी का अपना अंतिम मैच खेल रही भारतीय टीम को 95 मिनट तक मशक्कत करनी पड़ी जिसके बाद किपगेन ने शानदार गोल कर अपनी टीम को तालिका में शीर्ष पर पहुंचाया। भारत अब सोमवार को सेमीफाइनल में ग्रुप ए के उप विजेता और गत चैंपियन बांग्लादेश से भिड़ेगा।

### डुओंग और डीहार्ट में होगा खिताबी मुकाबला

**मुंबई।** अमेरिका के क्वांग डुओंग ने भारत के अरमान भाटिया को 2-0 से हराकर दूसरी मॉनसून पिकलबॉल चैंपियनशिप के पुरुष एकल वर्ग के फाइनल में प्रवेश किया जहां उनका सामना हमवतन रायलर डीहार्ट से होगा। डीहार्ट ने शुक्रवार को दूसरे सेमीफाइनल में फ्रांस के जे डिविलियर्स को 2-0 से हराया। महिला एकल स्पर्धा के फाइनल में ब्रिटेन की थाडिया लॉक और चीनी ताइपे की पेई चुआन काओ के बीच मुकाबला होगा। थैडिया ने सेमीफ़ाइनल में करीबी मुकाबले में एमिलिया श्मिट को 2-1 से जबकि पेई चुआन काओ ने निकोला को 2-0 से हराया।



### माइया टेनिस इन द लैंड खिताब से दो कदम दूर

**क्लीवलैंड।** ब्राजील की शीर्ष वरीयता प्राप्त बीट्रिज़ हद्दाद माइया ने गुरुवार को फ्रांस की क्लारा बुरेल को 6-2, 6-2 से हराकर टेनिस इन द लैंड टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सेमीफाइनल में विश्व में 23वें नंबर की खिलाड़ी हद्दाद मैया का सामना चेक गणराज्य की तीसरी वरीयता प्राप्त कतेरीना सिनियाकोवा से होगा, जिन्होंने अमेरिका की छठी वरीयता प्राप्त पेटन स्टर्न्स को 1-6, 6-3, 6-4 से हराया।दूसरे सेमीफाइनल में अमेरिका की मेकार्टनी केसलर रूस की पांचवीं वरीयता प्राप्त अनास्तासिया पोटापोवा से भिड़ेंगी। केसलर ने नीदरलैंड की अरांटेक्सा रस को 6-4, 6-2 से और पोटापोवा ने रोमानिया की एना बोगदान को 6-2, 6-1 से हराया।

# शाह आईसीसी अध्यक्ष बने तो बीसीसीआई सचिव पद के लिए कोई स्पष्ट दावेदार नहीं

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आंकड़े जय शाह को अगले आईसीसी चेयरमैन के रूप में चुनने के पक्ष में होंगे, लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि वह विश्व संचालन संस्था में शामिल होने का फैसला करेंगे या नहीं और इसके बाद भारतीय क्रिकेट बोर्ड सचिव के रूप में उनकी जगह कौन लेगा।

माना जा रहा है कि शाह को आईसीसी बोर्ड के 16 में से 15 सदस्यों का समर्थन प्राप्त है लेकिन वह इस पद पर आना चाहते हैं या नहीं, इसे तय करने के लिए उनके पास 96 घंटे से भी कम समय है। वहीं, शाह के पास बीसीसीआई



सचिव के रूप में लगातार दूसरे कार्यकाल में अभी एक साल बाकी है। नया आईसीसी चेयरमैन एक दिसंबर को कार्यभार संभालेगा और नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 27 अगस्त है।

सबसे अमीर क्रिकेट बोर्ड में वापसी के लिए अनिवार्य तीन साल का 'कूलिंग ऑफ पीरियड' शाह के लिए अक्टूबर 2025 में अपना कार्यकाल पूरा होने के बाद शुरू होगा। लेकिन इस बात पर बड़ा सवालिया निशान है कि बीसीसीआई में शाह की जगह कौन लेगा, क्योंकि उन्होंने और उनके करीबी लोगों ने अभी तक तत्काल योजनाओं का खुलासा नहीं किया है।

### मुंबई हाफ मैराथन को रवाना करेंगे तेंदुलकर



**मुंबई।** महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर रविवार को यहां होने वाली मुंबई हाफ मैराथन को हरी झंडी दिखाकर शुरू करेंगे जिसमें 6,000 से ज्यादा महिलाओं सहित करीब 20,000 प्रतिभागियों के हिस्सा लेने की उम्मीद है। तेंदुलकर यहां बांद्रा कुर्ला परिसर में सुबह पांच बजे मैराथन की मुख्य रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इसकी 10के रेस में सबसे ज्यादा 8,000 से अधिक पंजीकरण हुए हैं जबकि 21के (21 किमी) हाफ मैराथन में 4,000 धावक उतरेंगे जिसमें महाराष्ट्र के अलावा अन्य एलीट एथलीट शिरकत करेंगे।

## कम से कम 150 लाख अमेरिकी डॉलर का अलग से कोष पर विचार

# टेस्ट क्रिकेट को बचाने आईसीसी तैयार करेगा कोष

एजेंसी ▶▶| सिडनी

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद टेस्ट क्रिकेट के लिए कम से कम 150 लाख अमेरिकी डॉलर का अलग से कोष तैयार करने पर विचार कर रहा है। इससे खिलाड़ियों की मैच फीस बढ़ाने में मदद मिलेगी और उन्हें केवल आकर्षक टी20 फ्रेंचाइजी लीग पर ध्यान केंद्रित करने से रोका जा सकेगा।

रिपोर्ट के अनुसार क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने इस तरह का प्रस्ताव रखा है जिसे भारतीय क्रिकेट बोर्ड के सचिव जय शाह और इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड का समर्थन हासिल है। शाह अभी आईसीसी अध्यक्ष बनने की दौड़ में सबसे आगे हैं। इस कोष से टेस्ट क्रिकेटरों की न्यूनतम मैच फीस में बढ़ोतरी होगी और यह विदेशी दौरों पर टीमों को भेजने की लागत को कवर करेगा। इससे वेस्टइंडीज जैसे क्रिकेट बोर्ड को मदद मिलेगी जिसके खिलाड़ी के टेस्ट क्रिकेट के बजाय वैश्विक टी20 प्रतियोगिताओं में खेलने को प्राथमिकता दे रहे हैं। रिपोर्ट में कहा गया है, 'इस कोष के बनने के बाद सभी खिलाड़ियों के लिए न्यूनतम भुगतान सुनिश्चित होगा जो लगभग 10000 डॉलर होगा। इसके अलावा यह उन देश के विदेशी दौरों की लागत का भी भुगतान करेगा जो टेस्ट क्रिकेट में बने रहने के लिए संघर्ष कर रहे हैं।'



### सीए ने रखा था प्रस्ताव

*इस तरह का कोष गठित करने की अवधारणा क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के अध्यक्ष माइक बेयर्ड ने जनवरी में रखी थी और उन्हें खुशी है कि इस पर प्रगति हो रही है। उन्होंने कहा, 'हमें हर बाधा को दूर करने और टेस्ट क्रिकेट को सर्वश्रेष्ठ में से सर्वश्रेष्ठ बनाने के लिए प्रोत्साहित करने की जरूरत है। उस इतिहास और उस विरासत को बनाए रखने की जरूरत है, जो सीमित ओवरों की क्रिकेट के नए स्वरूपों के साथ आगे बढ़ रही है।'*
*इस कोष से तीन सबसे धनी क्रिकेट बोर्ड भारत, ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड को किसी तरह का लाभ होने की संभावना नहीं है क्योंकि वे पहले से ही अपने खिलाड़ियों को पर्याप्त वेतन प्रदान करते हैं।*

**खबर संक्षेप**

## रेप्को बैंक ने गृहमंत्री को लाभांश चेक सौंपा



**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने सरकारी उद्यम रेप्को बैंक से लाभांश के रूप में 19.08 करोड़ रुपये का चेक प्राप्त किया। यह बैंक गृह मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण में है। शाह ने वित्त वर्ष 2023-24 में 11 प्रतिशत की शानदार वृद्धि दर दर्ज करने पर रेप्को बैंक को बधाई दी।

## जेएसडब्ल्यू नियो को मिला एनटीपीसी से ठेका



**नई दिल्ली।** जेएसडब्ल्यू एनर्जी की इकाई जेएसडब्ल्यू नियो एनर्जी को 300 मेगावाट की पवन-सौर हाइब्रिड बिजली परियोजना स्थापित करने के लिए एनटीपीसी से ठेका मिला है। इससे कंपनी की कुल 'लॉक-इन' उत्पादन क्षमता बढ़कर 16.7 गीगावाट हो गई है, जिसमें 2.6 गीगावाट की कुल 'लॉक-इन' हाइब्रिड क्षमता भी शामिल है।

## बीएसई, एनएसई ने आरसीएफ पर जुर्माना लगाया



**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी राष्ट्रीय केमिकल्स एंड फर्टिलाइजर्स लिमिटेड पर निदेशक मंडल संरचना के नियमों का पालन नहीं करने पर शेयर बाजार बीएसई और एनएसई दोनों ने 9.66-9.66 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। जुर्माना माफ करने का अनुरोध किया है, क्योंकि निदेशकों की नियुक्ति का अधिकार सरकार के पास है।

## हिंडाल्को भारत और अमेरिका में विस्तार पर करेगी निवेश



**नई दिल्ली।** हिंडाल्को इंडस्ट्रीज निकट भविष्य में भारत और अमेरिका में चल रही और नियोजित विस्तार परियोजनाओं में 10 अरब डॉलर (करीब 83,900 करोड़ रुपये) का निवेश करेगी। इन परियोजनाओं में आदित्य फ्लैट रोल्ड प्रोडक्ट्स संयंत्र का विस्तार, ओडिशा के रायगढ़ में नई एल्युमिना रिफाइनरी और नोवेलिस इंक की बे मिनेट परियोजना शामिल है।

## जोमैटो ने अंतर-नगरीय सेवा लीजेंड्स बंद की



**नई दिल्ली।** ऑनलाइन ऑर्डर पर खान-पान के उत्पाद पहुंचाने वाली कंपनी जोमैटो ने अपनी अंतर-नगरीय सेवा 'लीजेंड्स'' को तत्काल प्रभाव से बंद करने का फैसला किया है। लीजेंड्स सेवा के तहत जोमैटो कुछ चुनिंदा शहरों के मशहूर उत्पादों को दूसरे शहरों में आपूर्ति करती थी। सीईओ ने पर कहा, "जोमैटो लीजेंड्स के संबंध में कुछ सूचना।

## एमउएम ने 3,911 करोड़ रुपए की संपत्तियां बेचीं

**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट कंपनी एम3एम इंडिया ने चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में 3,911 करोड़ रुपये की आवासीय और वाणिज्यिक संपत्तियां बेची हैं। भारी मांग के कारण कंपनी की बिक्री में सालाना आधार पर 37 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी की बिक्री बुकिंग 2,854 करोड़ रुपये रही थी। कंपनी ने बयान में कहा कि जून तिमाही में उसकी कुल बिक्री बुकिंग में आवासीय संपत्तियों की हिस्सेदारी 940 करोड़ रुपये रही।

# ऑटो सेक्टर में फंसी 7 लाख गाड़ियां, नहीं बिका 73,000 करोड़ रुपए का माल

एजेंसी ▸▸| मुंबई

यात्री वाहन की बिक्री में आई सुस्ती ने ऑटो डीलर्स को बड़ी मुसीबत में डाल दिया है। फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशंस (एफएडीए) के मुताबिक, ऑटो डीलर्स के पास मौजूद गाड़ियों का स्टॉक इस समय अपने ऑलटाइम हाई पर पहुंच गया है।


- फाडा के मुताबिक मौजूद गाड़ियों का स्टॉक ऑलटाइम हाई पर

करीब 7 लाख से ज्यादा गाड़ियां डीलर्स के पास फंसी हुई हैं, जिनकी कुल कीमत 73,000 करोड़ रुपए है। फाडा का दावा है कि जुलाई की शुरुआत में जो स्टॉक 65-67 दिनों का था, वह अब बढ़कर 70-75 दिनों तक पहुंच गया है। फाडा ने कहा कि सावधानी बरतने की जरूरत है। उन्होंने यात्री वाहन बनाने वाली कंपनियों से भी अपील किया है वे इनवेंट्री के इस ऊंचे स्तर को देखते हुए संभावित डीलर फेल्योर को लेकर सतर्क रहें।

**जुलाई में जो स्टॉक 65-67 दिन का था वह बढ़कर 70-75 दिनों तक पहुंचा**

### कंपनियां आंकड़ो को रीसेट करे

सिंघानिया ने कहा, कार कंपनियों को चाहिए कि वे अपने उत्पादन को रिटेल बिक्री के आंकड़ों के मुताबिक रीसेट करें। उन्हें डीलर्स को भेजी जाने वाली व्हीकल्स की संख्या घटानी चाहिए। हालांकि यह कमी एक महीने में नहीं हो सकती, लेकिन फिर भी (यात्री वाहन) रिटेल और थोक आंकड़ों के बीच का अंतर 50,000 से 70,000 यूनिट्स होनी चाहिए?



*इस माह यात्री वाहनों की बिक्री घटी : बता दें कि फाडा के आंकड़ों के मुताबिक, जुलाई में भारत में यात्री वाहनों की बिक्री में 10 प्रतिशत की तेजी आई और यह 3,20,129 यूनिट्स तक पहुंच गया। हालांकि इसी महीने में यात्री वाहनों की थोक बिक्री सालाना आधार पर 2.5 प्रतिशत घटकर 3.41 लाख यूनिट्स रही।*

### वाहनों की इनवेंट्री 30 दिनों की हो

फाडा प्रेसिडेंट के मुताबिक, ऑटो डीलर्स के पास वाहनों की इनवेंट्री औसतन 30 दिनों की होनी चाहिए और कुछ मामलों में इसे एक सप्ताह के लिए बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने कहा, 'कार कंपनियां आने वाले महीनों में अपने डिस्पैच को कम कर सकती है, लेकिन त्योहारी सीजन को देखते हुए सितंबर के अंत या अक्टूबर की शुरुआत में वे इसे फिर से बढ़ा सकती हैं।

### कंपनियां प्रमोशनल स्कीम लाए

सिंघानिया ने कहा, अगर कार कंपनियों की सच में दिलचस्पी है तो उन्हें अपने डीलर्स की सेहत का ख्याल रखना चाहिए। उन्हें ऐसे प्रमोशनल स्कीम लाने चाहिए, जिससे वे इन गाड़ियों को मार्केट में निकाल सके। साथ ही उन्हें अतिरिक्त लागत के मोर्च पर भी हमें सपोर्ट करना चाहिए, जो गाड़ियो के स्टॉक को अधिक दिन तक रखने से आ रहा है। अगर वे इस अतिरिक्त लागत को उठाते हैं।

*स्टॉक का बोझ डीलर्स पर न पड़े : इस बारे में सियाम के प्रेसिडेंट विनोद अग्रवाल का कहना है कि सभी ऑटो निर्माता अपने डीलर्स की सेहत को ध्यान में रखते हुए जिम्मेदारी से काम करेंगे। उन्हें उम्मीद है कि कंपनियां जल्दी ही आवश्यक कदम उठाएंगी ताकि स्टॉक का बोझ डीलर्स पर ज्यादा न पड़े।*

- आरएचएफएल के निदेशक मंडल ने कर्ज को लेकर चेतावनी दी थी
- ऋण मंजूरी प्रक्रिया में महत्वपूर्ण अनियमितताएं पाई गईं

### ऋण मंजूरी प्रक्रिया में महत्वपूर्ण अनियमितताएं पाई गईं

# आरएचएफएल के कोष को खपाने में अनिल अंबानी थे 'मास्टमाइंड': सेबी

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

पूंजी बाजार नियामक सेबी ने अपने आदेश में अनिल अंबानी को कोष को दूसरी कंपनियों में खपाने का 'मास्टमाइंड' बताते हुए कहा है कि रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड (आरएचएफएल) के निदेशक मंडल ने अयोग्य लेनदारों को कर्ज देने को लेकर चेतावनी दी थी। इस आदेश के मुताबिक, असल में आरएचएफएल की ऋण मंजूरी प्रक्रिया में महत्वपूर्ण अनियमितताएं पाई गईं, जिसमें कंपनी की कर्ज नीति से विचलन और अधूरे दस्तावेज भी शामिल हैं।

### कंपनी प्रबंधन ने आदेशों की अनदेखी की

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने अपने आदेश में कहा है कि आरएचएफएल के निदेशक मंडल ने इस तरह ऋण देने के व्यवहार पर लगाम लगाने और कंपनियों को कर्ज देने की नियमित समीक्षा करने के कड़े निर्देश जारी किए थे लेकिन कंपनी प्रबंधन ने उन आदेशों की अनदेखी की।

### सर्वाधिक राशि रिलायंस कैपिटल को मिली

सर्वाधिक राशि पाने वाली इकाइयों में रिलायंस कैपिटल लिमिटेड (2,359.91 करोड़ रुपये) और रिलायंस कमर्शियल फाइनेंस लिमिटेड (2,278.58 करोड़ रुपये) शामिल थीं।



### यह एक अजीबोगरीब मामला

सेबी ने आदेश में कहा, "यह एक अजीबोगरीब मामला है, जहां कंपनी के प्रबंधन ने अपने ही निदेशक मंडल के उस आदेश की खुलेआम अवहेलना की है, जिसने सामान्य जरूरतों के लिए कॉरपोरेट कर्ज देने के बारे में चिंता जताई थी। सेबी ने कहा, "धोखाधड़ी की इस योजना के पीछे का मास्टरमाइंड एडीएजी का चेयरमैन अनिल अंबानी होने की संभावना दिखाई देती है।

### रिपोर्ट में कई अहम बिंदुओं का उल्लेख

पीडब्ल्यूसी ने अपनी रिपोर्ट में नकारात्मक शुद्ध हैसियत, सीमित राजस्व या लाभ-रहित कर्जदारों, आरएचएफएल से उधार लेने के अलावा कोई व्यावसायिक गतिविधि नहीं, और उठाए गए कर्ज की तुलना में कम इक्विटी पूंजी जैसे कई अहम बिंदुओं का उल्लेख किया है। इसके साथ अप्रैल, 2016 से जून, 2019 तक की गई फॉरेंसिक ऑडिट ने चिंताओं को बढ़ा दिया।

### 150 ऋण मामलों में 12,573 करोड़ वितरित

मई, 2020 में जारी दूसरी फॉरेंसिक ऑडिट रिपोर्ट ने खुलासा किया कि आरएचएफएल ने इन संबंधित इकाइयों से जुड़े 150 ऋण मामलों में 12,573.06 करोड़ रुपये वितरित किए। ऑडिट में 43 संबद्ध इकाइयों में धन भेजने का पता लगाया गया, जिसने बाद में उन्हें 19 इकाइयों को हस्तांतरित कर दिया, जिनमें से 14 कथित तौर पर प्रवर्तक समूह से जुड़ी थीं।

- कंपनी प्रबंधन ने सेबी के आदेशों की अनदेखी की थी

### आठ कंपनियां रिलायंस पावर व इंफ्रा से संबंधित

इसमें पाया गया कि आरएचएफएल ने इस अवधि में कुल 14,577.68 करोड़ रुपये के कर्ज कंपनियों को दिया था जिनमें से 12,487.56 करोड़ रुपये 47 इकाइयां संभावित अप्रत्यक्ष रूप से जुड़ी थीं। इनमें से आठ कंपनियां रिलायंस पावर और रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर से संबंधित थीं।

### ग्रांट थॉर्नटन की रिपोर्ट को आधार बनाया गया

सेबी आरएचएफएल के कोष को दूसरी कंपनियों में भेजने के निष्कर्ष तक दो महत्वपूर्ण रिपोर्टों के आधार पर पहुंचा है। आरएचएफएल के वैधानिक ऑडिटर पीडब्ल्यूसी और आरएचएफएल के कर्जदाताओं के समूह के अगुवा बैंक बैंक ऑफ बड़ौदा की तरफ से नियुक्त फॉरेंसिक ऑडिटर ग्रांट थॉर्नटन की रिपोर्ट को आधार बनाया गया है।

### कॉरपोरेट कर्ज उत्पाद में तेजी आई

पीडब्ल्यूसी की रिपोर्ट में कहा गया है कि आरएचएफएल के सामान्य उद्देश्य वाले कॉरपोरेट कर्ज उत्पाद के तहत वितरित ऋणों में तेजी से वृद्धि हुई है। वितरित राशि 31 मार्च, 2018 को लगभग 900 करोड़ रुपये से बढ़कर 31 मार्च, 2019 तक लगभग 7,900 करोड़ रुपये हो गई।

## बिजली की अधिकतम मांग 15 गीगावाट सालाना की दर से बढ़ेगी : अधिकारी

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली



- एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने दी जानकारी
- अगले छह वर्षों में 15 गीगावाट सालाना की दर से बढ़ेगी

देश में बिजली की अधिकतम मांग अगले छह वर्षों में 15 गीगावाट सालाना की दर से बढ़ेगी। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पिछले एक दशक में बिजली की मांग सालाना 11 गीगावाट की दर से बढ़ी है। भारतीय बिजली एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माता संघ (आईईईएमए) द्वारा आयोजित एक उद्योग सम्मेलन में बिजली विभाग के अतिरिक्त सचिव श्रीकांत नागुलापल्ली ने कहा कि 2030 तक सौर ऊर्जा घंटों के दौरान लगभग 85 गीगावाट अतिरिक्त मांग बढ़ जाएगी और गैर सौर ऊर्जा घंटों के दौरान अधिकतम मांग में 90 गीगावाट से अधिक की वृद्धि होगी। सालाना बढ़ोतरी इन संख्याओं को सही रूप से प्रतिबिंबित नहीं कर सकती है, लेकिन यदि आप पूर्ण संख्या देखें तो यह एक बड़ी छलांग है और इस वृद्धि को पूरा करने के लिए हमारी कोयला क्षमता के साथ-साथ सौर, पवन, भंडारण और पारेषण का भी पर्याप्त विस्तार किया जा रहा है।' "पिछले 10 वर्षों में भारत की अधिकतम मांग औसतन 11 गीगावाट की दर से बढ़ी है और अगले छह साल में हम उम्मीद करते हैं कि मांग औसतन 15 गीगावाट सालाना की दर से बढ़ेगी।"

### नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्रों को प्राथमिकता

क्षमता संवर्धन के बारे में उन्होंने कहा कि इस योजना में राजस्थान, गुजरात, कर्नाटक, मध्य प्रदेश आदि के नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्रों को प्राथमिकता दी गई है, क्योंकि वहां सौर ऊर्जा की संभावनाओं वाली बड़ी भूमि उपलब्ध है।

## पहली छमाही में अमेरिका रहा सबसे बड़ा कारोबारी साझेदार

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली



- चीन के साथ सर्वाधिक व्यापार घाटा : रिपोर्ट
- भारत ने चीन के साथ 41.6 अरब डॉलर का घाटा दर्ज किया

चालू कैलेंडर साल के पहले छह महीनों (जनवरी-जून) में अमेरिका भारत का शीर्ष कारोबारी साझेदार बनकर उभरा है जबकि देश ने इस अवधि में चीन के साथ 41.6 अरब डॉलर का अपना अधिकतम व्यापार घाटा दर्ज किया है। एक रिपोर्ट में यह बात कही गई है। शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने अपनी रिपोर्ट में यह भी कहा कि जनवरी-जून, 2024 के दौरान देश का व्यापारिक निर्यात 5.41 प्रतिशत बढ़कर 230.51 अरब डॉलर हो गया।

रिपोर्ट के मुताबिक, चीन 41.6 अरब डॉलर के बड़े व्यापार घाटे के साथ सूची में सबसे ऊपर है, क्योंकि चीन को निर्यात 8.5 अरब डॉलर था, जबकि जनवरी-जून 2024 के दौरान आयात 50.1 अरब डॉलर तक पहुंच गया। आंकड़ों के विश्लेषण से पता चला है कि भारत 239 देशों को उत्पादों का निर्यात करता है और इनमें से 126 देशों ने निर्यात में सकारात्मक वृद्धि दिखाई है। इन देशों का भारत के कुल निर्यात में 75.3 प्रतिशत हिस्सा है। निर्यात में वृद्धि वाले प्रमुख देशों में अमेरिका, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), नीदरलैंड, सिंगापुर और चीन शामिल हैं।

हालांकि, 98 देशों को निर्यात में गिरावट आई है जिनमें इटली, बेल्जियम, नेपाल और हांगकांग प्रमुख हैं।

### व्यापारिक साझेदार के रूप में चीन दूसरे नंबर पर

चीन दूसरे सबसे बड़े व्यापारिक साझेदार के रूप में दूसरे स्थान पर रहा, जिसका कुल व्यापार 54.4 अरब डॉलर से 7.7 प्रतिशत बढ़कर 58.6 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया। माल के निर्यात में वृद्धि को लौह अयस्क, दवा, कीमती पत्थर, बासमती चावल, रसायन और स्मार्टफोन जैसे क्षेत्रों द्वारा बढ़ावा दिया गया।

## बीकाजी फूड्स ने अरीबा फूड्स में हिस्सेदारी खरीदी

**नई दिल्ली।** बीकाजी फूड्स इंटरनेशनल ने उज्जैन स्थित अरीबा फूड्स में बहुलांश हिस्सेदारी खरीदी है। अरीबा 'स्नैक्स' व 'फ्रोजन' खाद्य पदार्थ में विशेषज्ञता रखती है। एक संयुक्त बयान के अनुसार, बीकाजी फूड्स इंटरनेशनल ने कंपनी में 55 प्रतिशत इक्विटी हिस्सेदारी का अधिग्रहण किया है, जिसकी कुल कीमत 60.49 करोड़ रुपये बैठती है। इससे बीकाजी को अपने 'फ्रोजन' फूड उत्पादन क्षमताओं को बढ़ाने और बाजार में अपनी उपस्थिति का विस्तार करने में मदद मिलेगी। यह रणनीतिक कदम न केवल निर्यात वृद्धि के लिए हमारी क्षमता को मजबूत करता है, बल्कि त्वरित सेवा रेस्तरां (क्यूएसआर) खंड में हमारे प्रवेश का भी समर्थन करता है। अरीबा की अत्याधुनिक उत्पादन क्षमताओं को एकीकृत करके, हमारा लक्ष्य अपने 'फ्रोजन स्नैक्स' और नमकीन उत्पादन को बढ़ाना है।

## चीन में मांग घटने से भारतीय इस्पात बाजार हुआ प्रभावित

- सरकार को समयबद्ध तरीके से कार्रवाई करने की जरूरत

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

पूर्व इस्पात सचिव नागेन्द्र नाथ सिन्हा ने कहा है कि चीन में मांग में कमी के बीच भारतीय इस्पात बाजार 'अनुचित आयात और डंपिंग' से प्रभावित हुआ है और सरकार को समयबद्ध तरीके से कार्रवाई करने की जरूरत है। सिन्हा 31 जुलाई को सेवानिवृत्त हुए हैं। सिन्हा ने शुक्रवार को बिगमिंट के भारतीय लौह अयस्क और पेलेट शिखर सम्मेलन के सातवें संस्करण में कहा, "अगर आप फ्लैट इस्पात उत्पादों की बात करें तो आयात निश्चित रूप से एक समस्या है। चीनी बाजार में मंदी ने वास्तव में (घरेलू) बाजार को हिलाकर रख दिया है।"



*डंपिंग रोधी जांच की मांग*
*वाणिज्य मंत्रालय की जांच इकाई व्यापार उपचार महानिदेशालय (डीजीटीआर) 'मिश्र धातु या गैर-मिश्र धातु इस्पात के हॉट रोल्ड फ्लैट उत्पादों' की कथित डंपिंग की जांच कर रही है। जेएसडब्ल्यू स्टील लिमिटेड और आर्सेलर मित्तल निप्पॉन स्टील इंडिया लिमिटेड की ओर से एक आवेदन दायर किया है, जिसमें वियतनाम से आयात पर डंपिंग रोधी जांच शुरू करने की मांग की गई है।*

### अदाणी पावर लैंको का करेगी अधिग्रहण...



**नई दिल्ली।** अदाणी समूह की कंपनी अदाणी पावर ने कहा कि राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) ने 4,101 करोड़ रुपये का अग्रिम भुगतान कर लैंको अमरकंटक पावर लिमिटेड (एलएपीएल) का अधिग्रहण करने की योजना को मंजूरी दे दी है। अदाणी पावर ने बीएसई को दी एक सूचना में कहा कि लैंको अमरकंटक पावर लिमिटेड इस समय ऋणशोधन अक्षमता एवं दिवाला संहिता के तहत कर्ज समाधान प्रक्रिया से गुजर रही है। उसके अधिग्रहण के लिए अदाणी पावर ने अपनी समाधान योजना पेश की थी। कंपनी ने कहा कि एनसीएलटी की हैदराबाद पीठ से स्वीकृत अधिग्रहण समाधान योजना के तहत उल्लेखित पूर्ववर्ती शर्तों की संतुष्टि के अधीन होगा। अदाणी पावर इस योजना के तहत नकद विचार के लिए एलएपीएल में 100 प्रतिशत हिस्सेदारी का अधिग्रहण करेगी।

## सेंसेक्स, निफ्टी मामूली बढ़त के साथ हुए बंद

एजेंसी ▸▸| मुंबई



- पावेल के संबोधन से वैश्विक बाजार में मिलाजुला रुख

अमेरिकी केंद्रीय बैंक के चेयरमैन जेरोम पावेल के अहम संबोधन से पहले मिले-जुले वैश्विक रुझानों के बीच शुक्रवार को आईसीआईसीआई बैंक और भारती एयरटेल जैसी दिग्गज कंपनियों के शेयरों में लिवाली से स्थानीय शेयर बाजार मामूली बढ़त के साथ बंद हुए। उतार-चढ़ाव भरे कारोबार के बीच बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 33.02 अंक बढ़कर 81,086.21 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स लगातार चौथे कारोबारी सत्र में बढ़त पर रहा। एनएसई का मानक सूचकांक निफ्टी 11.65 अंक बढ़कर 24,823.15 अंक पर बंद हुआ। भारतीय

*टाटा मोटर्स रही लाभ में*
*सेंसेक्स की कंपनियों में टाटा मोटर्स, सन फार्मास्युटिकल, भारती एयरटेल, बजाज फिनसर्व, आईसीआईसीआई बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा और जेएसडब्ल्यू स्टील लाभ में रहीं।*
*एसबीआई के शेयरों में गिरावट*
*दूसरी तरफ टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, एशियन पेंट्स, टाइटन, इन्फोसिस, भारतीय स्टेट बैंक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और एचडीएफसी बैंक के शेयरों में गिरावट रही।*

सूचकांक सपाट स्तर के आसपास झूलते रहे और मिश्रित वैश्विक बाजार धारणा ने इस परिदृश्य को और अधिक तेजी दी।''

### दो साल में ही ब्रिटिश पार्टनर क्लार्क्स के साथ साझेदारी हुई खत्म

# ब्रिटिश पार्टनर ने छोड़ा ईशा अंबानी की रिलायंस रिटेल का साथ

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

भारत और एशिया के सबसे अमीर उद्योगपति मुकेश अंबानी ने बीते कुछ सालों में कई विदेशों कंपनियों के साथ साझेदारी की है। खासकर रिटेल सेक्टर में कंपनी लगातार अपने पैर पसार रही हैं। रिलायंस रिटेल की कमान संभाल रही ईशा अंबानी चीन, अमेरिका, ब्रिटेन की कंपनियों को भारत लेकर आई हैं, लेकिन अब एक बड़ी कंपनी ने रिलायंस रिटेल के साथ साझेदारी तोड़ ली है।

- एक के बाद एक कर बंद होने लगी है दुकानें

मुकेश अंबानी की कंपनी रिलायंस रिटेल और ब्रिटिश पार्टनर क्लार्क्स के बीच साझेदारी खत्म हो गई है। ब्रिटेन के पॉपुलर फुटवियर ब्रांड क्लार्क्स ने रिलायंस रिटेल के साथ अपनी डील तोड़ दी है। दोनों ने ज्वाइंट वेंचर बनाया था। एक रिपोर्ट के मुताबिक अब ये डील मतभेदों के चलते टूट गई है।

### क्या हुई थी डील

रिलायंस और ब्रिटिश फुटवेयर ब्रांड के बीच क्लार्क्स भारत में 30 स्टोर खोलने को लेकर साझेदारी हुई थी। इस डील के तहत रिलायंस रिटेल क्लार्क्स के स्टोर मुंबई, दिल्ली, बेंगलुरु, कोलकाता और हैदराबाद जैसे शहरों में खोल रही थी। बता दें कि देशभर में रिलायंस रिटेल के 18 हजार से ज्यादा स्टोर्स है। कंपनी के पास बड़ा यूजर बेस है। रिलायंस का नाम और सेफ निवेश है। ऐसे में भारत में कारोबार करने वाली विदेशी ब्रांड की पहली पसंद रिलायंस रिटेल है।




### मतभेदों के चलते टूटी डील

रिपोर्ट के मुताबिक साझेदारी की शर्तों को लेकर दोनों कंपनियों के बीच मतभेद शुरू हो गया। जिसके बाद दोनों ही कंपनियां ज्वाइंट वेंचर के तौर पर काम नहीं कर पा रही थी। इस विवाद को बढ़ाने के बजाए दोनों ने पार्टनरशिप को खत्म करने का फैसला किया। हालांकि पार्टनरशिप टूटने को लेकर रिलायंस और क्लार्क्स की ओर से कोई बयान नहीं दिया गया है।

### बंद हो रहे हैं स्टोर्स

रिलायंस के साथ साझेदारी खत्म होने के बाद क्लार्क्स ने भारत में अपने स्टोर बंद करना शुरू कर दिया है। कंपनी ने भारत से अपना कारोबार समेटना शुरू कर दिया है। हाल ही में ब्रिटिश फुटवियर ब्रांड ने इनऑर्बिट मॉल में अपने स्टोर बंद लिए। डीएलएफ मॉल में भी क्लार्क्स के स्टोर बंद हो गए।

*भारत में एक दशक से कारोबार*
*ब्रिटिश कंपनी क्लार्क्स ने रिलायंस रिटेल से पहले साल 2011 में फ्यूचर ग्रुप के साथ साझेदारी की थी, लेकिन फ्यूचर ग्रुप के दिवालिया होने के बाद कंपनी को नए पार्टनर की जरूरत थी।*

## सोना 350 रुपए टूटा, चांदी 200 रुपए कमजोर



**नई दिल्ली।** स्थानीय सराफा बाजार में शुक्रवार को सोने का भाव 350 रुपये की गिरावट के साथ 73,800 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। इससे पिछले कारोबारी सत्र में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोने का भाव 74,150 रुपये प्रति 10 ग्राम था। चांदी की कीमत भी 200 रुपये की गिरवट के साथ 87,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई, जबकि इसका पिछला बंद भाव 87,200 रुपये प्रति किलोग्राम था। गिरावट के साथ 73,450 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया जिसका पिछला बंद भाव 73,800 रुपये प्रति 10 ग्राम था।

## राष्ट्रपति मुर्मू पहुंचीं भारत मंडपम, अंतरिक्ष प्रदर्शनी का अवलोकन किया

# घोषणा...पहली रोबोट-मानव परीक्षण उड़ान दिसंबर में होगी

**1** केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र और इसरो चीफ सोमनाथ भी मौजूद रहे **2** चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग पर राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस खास

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को प्रथम राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस पर राष्ट्रीय राजधानी के भारत मंडपम में अंतरिक्ष प्रौद्योगिकियों और उपलब्धियों को प्रदर्शित करने वाली प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह और इसरो के अध्यक्ष एस सोमनाथ भी मौजूद रहे। राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस वर्ष 2023 में चंद्रयान-3 की चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सफल सॉफ्ट लैंडिंग के एक साल पूरे होने का प्रतीक है। प्रथम राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस चंद्रयान-3 मिशन की सफलता की वर्षगांठ है। इस साल की थीम 'चंद्रमा को छूते हुए जीवन को छूनाः भारत की अंतरिक्ष गाथा' है।

2023 में चंद्रयान-3 की चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सफल सॉफ्ट लैंडिंग के एक साल पूरे होने का गर्व






### गगनयान परियोजना में क्षमता का प्रदर्शन होगा

अब भारत की मानव अंतरिक्ष उड़ान परियोजना गगनयान की पहली रोबोट-मानव परीक्षण उड़ान इस साल दिसंबर में होने वाली है। गगनयान परियोजना में तीन सदस्यों के दल को तीन दिवसीय मिशन के लिए 400 किलोमीटर की कक्षा में भेजकर मानव अंतरिक्ष यान क्षमता का प्रदर्शन करने और उन्हें भारतीय समुद्र में उतारकर सुरक्षित रूप से पृथ्वी पर वापस लाने की परिकल्पना की गई है।

### विभिन्न प्लेटफॉर्मों पर लाइव स्ट्रीम किया गया

प्रथम राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस को विभिन्न प्लेटफॉर्मों पर लाइव स्ट्रीम किया गया। इसरो के यू-ट्यूब चैनल के साथ-साथ डीडी न्यूज पर कार्यक्रम को देखा गया। बच्चों को शिक्षित करने और अंतरिक्ष के बारे में प्रोत्साहित करने के लिए देशभर के स्कूलों में शैक्षिक कार्यक्रम किए जाएंगे। यह दिवस भारत की वैज्ञानिक और तकनीकी उपलब्धियों का उत्सव है। देश के अंतरिक्ष अन्वेषण इतिहास में अहम मोड़ है। इस उत्सव का उद्देश्य भावी पीढ़ियों को प्रेरित करना, अंतरिक्ष अनुसंधान के महत्व के बारे में जागरुकता बढ़ाना और इसरो के योगदान का सम्मान करना है।

### वैज्ञानिक डेटा शोध के लिए इस्तेमाल करेंगे

*विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा है कि इसरो 23 अगस्त को चंद्रयान-3 मिशन की ओर से एकत्र किए गए वैज्ञानिक डेटा को जारी करेगा जिसका उपयोग शोधकर्ता शोध कार्य के लिए इस्तेमाल करेंगे। पिछले दो महीनों में देश भर में एक हजार से अधिक कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू भारतीय अंतरिक्ष हैकाथॉन और इसरो रोबोटिक्स चैलेंज के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान करेंगी।*

### पीएम मोदी ने देशवासियों को बधाई दी



*इससे पहले पीएम मोदी ने ने देशवासियों को प्रथम राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस की बधाई दी है। पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा, प्रथम राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस पर सभी को बधाई। हम अंतरिक्ष क्षेत्र में अपने देश की उपलब्धियों को बड़े गर्व के साथ याद करते हैं। यह हमारे अंतरिक्ष वैज्ञानिकों के योगदान की सराहना करने का भी दिन है। हमारी सरकार ने कई भविष्योन्मुखी निर्णय लिए हैं और आने वाले समय में हम और भी निर्णय लेंगे।*

## खबर संक्षेप

### जापान की शिष्या कैवल्या संभालेंगी 'बाबा' का पदभार



**लखनऊ।** श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़े के वरिष्ठ महामंडलेश्वर ब्रह्मलीन महायोगी पायलट बाबा के उत्तराधिकारी की शुक्रवार को घोषणा कर दी गई है। पायलट बाबा की जापान की रहने वाली शिष्या योगमाता साध्वी कैवल्या देवी (केको आईकोवा) को उनका उत्तराधिकारी घोषित किया गया है। उन्हें पायलट बाबा आश्रम ट्रस्ट का अध्यक्ष भी बनाया गया है।

### पूर्व सीएम रेड्डी ने ब्लास्ट में घायलों से की मुलाकात



**अनकापल्ली।** आंध्र प्रदेश के अनकापल्ली में फार्मा कंपनी में हुए विस्फोट के तीसरे दिन राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री वाईएस जगनमोहन रेड्डी ने अस्पताल में इलाजरत घायलों से मुलाकात की है। इस दौरान घायलों के परिजनों से भी मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया है। उन्होंने कहा कि मृतकों को एक करोड़ का मुआवजा दिया जाए। साथ ही घायलों को भी इतनी ही राशि दें।

### पंजाब में वाहन टैक्स बढ़ा, वाहन महंगे




**चंडीगढ़।** पंजाब राज्य सरकार ने यात्री कारों और दोपहियों पर मोटर वाहन टैक्स बढ़ा दिया है, जिससे वे ज्यादा महंगे हो गए हैं। करों में 0.5 से 1 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है और यह वास्तविक वाहन लागत पर लागू होगा। ऑटो सेक्टर में उत्सव के मौसम से ठीक पहले कीमत में इजाफा हुआ है। यह साल का वह शुभ समय होता है जब बाजार में खरीदारी का माहौल होता है।

### केजरीवाल की जमानत अर्जी पर सुनवाई टली



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की जमानत याचिकाओं पर सुनवाई 5 सितंबर तक के लिए स्थगित कर दी। केजरीवाल ने आबकारी नीति घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार के एक मामले में सीबीआई की ओर से उनकी गिरफ्तारी को बरकरार रखने के दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती दी है। सीबीआई को एक सप्ताह का समय दिया है।

### नागांव में दुष्कर्म, सड़कों पर उतरे लोग



**नागांव।** असम के नागांव में तीन लोगों ने एक 14 वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म किया। इससे पूरे जिले में बवाल मच गया। स्थानीय लोग सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन करने लगे। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। यह घटना ढिंग इलाके में गुरुवार को घटी। नाबालिग शाम में ट्यूशन पढ़कर अपने घर वापस लौट रही थी। स्थानीय लोगों ने लड़की को सड़क किनारे बेहोश पाया था।

## गृहमंत्री शाह ने राहुल के नेकां संग चुनाव लड़ने पर किया सवाल

# क्या कांग्रेस 'नेकां' के जम्मू-कश्मीर में फिर से 'अलग झंडे' का समर्थन करेगी


*यह भी बोले- कांग्रेस ने नेशनल कांफ्रेंस से गठबंधन कर स्पष्ट कर दिए मंसूबे*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर में एक दशक बाद विधानसभा चुनाव होने जा रहे हैं। इस चुनाव के लिए नेशनल कांफ्रेंस और कांग्रेस पार्टी ने गठबंधन कर लिया है। अब भाजपा के वरिष्ठ नेता और देश के गृह मंत्री अमित शाह ने राहुल गांधी पर जबरदस्त हमला बोला है। उन्होंने कहा कि सत्ता के लालच में बार-बार देश की एकता और सुरक्षा के साथ खेलने वाली कांग्रेस पार्टी ने जम्मू-कश्मीर चुनाव में अब्दुल्ला परिवार की 'नेशनल कांफ्रेंस' के साथ गठबंधन करके फिर से अपने मंसूबों को देश के सामने रखा है।

जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव का ऐलान हो गया है। तीन चरणों में मतदान होगा। वोटों की गिनती चार अक्टूबर को होगी। चुनाव से पहले कांग्रेस ने नेशनल कॉन्फ्रेंस के साथ गठबंधन किया है। राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे के जम्मू-कश्मीर दौरे के दौरान गठबंधन को अंतिम रूप दिया गया। इसी के साथ उन्होंने कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी से 10 सवाल किए।

**शाह ने दागे 10 सवाल**



### जम्मू कश्मीर का अलग झंडा, अलग संविधान' यही मंशा दिखी

*केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस और नेशनल कांफ्रेंस के गठबंधन पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि सत्ता के लालच में कांग्रेस देश की एकता और सुरक्षा को बार-बार खतरे में डाल रही है। कांग्रेस ने जम्मू-कश्मीर चुनाव में अब्दुल्ला परिवार की नेशनल कांफ्रेंस साथ गठबंधन करके एक बार फिर अपने गुप्त इरादों को उजागर कर दिया है। नेशनल कांफ्रेंस के घोषणापत्र में किए गए वादों को देखते हुए कई प्रश्न किए।*

### इन सवालों के जवाब मांगे



- कांग्रेस 'नेशनल कांफ्रेंस' के जम्मू-कश्मीर में फिर से 'अलग झंडे' के वादे का समर्थन करती है?
- राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी धारा 370 और आर्टिकल 35ए को वापस लाकर जम्मू-कश्मीर को फिर से अशांति और आतंकवाद के युग में धकेलने के जेकेएनसी के निर्णय का समर्थन करती है?
- कांग्रेस कश्मीर के युवाओं के बदले पाकिस्तान के साथ वार्ता करके फिर से अलगाववाद को बढ़ावा देने का समर्थन करती है?
- कांग्रेस और राहुल , पाकिस्तान के साथ 'एलओसी ट्रेड' शुरू करने के नेशनल कांफ्रेंस के निर्णय से फिर से बॉर्डर पार से आतंकवाद और उसके इकोसिस्टम का पोषण करने का समर्थन करते हैं?
- कांग्रेस आतंकवाद और पत्थरबाजी की घटनाओं में शामिल लोगों के परिजनों को फिर से सरकारी नौकरी में बहाल करके आतंकवाद, दहशतगर्दी और बंद के दौर को फिर से लाने का समर्थन करती है?
- इस गठबंधन से कांग्रेस पार्टी का आरक्षण विरोधी चेहरा सामने आया है। क्या कांग्रेस दलितों, गुज्जर, बकरवाल और पहाड़ियों के आरक्षण को समाप्त कर फिर से उनके साथ अन्याय करने के डेके एनसी वादे के साथ है?
- कांग्रेस चाहती है कि 'शंकराचार्य पर्वत' 'तख़्त-ए-सुलिमान' और 'हरि पर्वत' 'कोह-ए-मारन' के नाम से जाने जाएं?
- कांग्रेस जम्मू-कश्मीर की अर्थव्यवस्था को एक बार फिर से भ्रष्टाचार की आग में झोंक कर पाकिस्तान समर्थित गिने चुने परिवारों के हाथों में सौंपने का समर्थन करती है?
- कांग्रेस पार्टी जेकेएनसी के जम्मू और घाटी के बीच भेदभाव की राजनीति का समर्थन करती है?

सरकार बनाएं, विकास गति बढ़ाएं

### केंद्र के विकास कार्यों पर चुनाव लड़ेगी

भाजपा पिछले दस सालों में केंद्र सरकार के माध्यम से जम्मू-कश्मीर में हुए विकास कार्यों को आधार बनाकर चुनाव में उतरने की योजना बना रही है। चुनाव में वह जम्मू-कश्मीर की जनता से यही वादा करने जा रही है कि यदि वह सत्ता में आती है, तो विकास का यह क्रम लगातार जारी रहेगा। कश्मीर में भी पार्टी मुसलमानों को यह कहते हुए रिझाने की कोशिश करेगी कि घाटी में पत्थरबाजी कम होने से वहां के युवाओं ने विकास की राह पकड़ी है। अब वे आतंक की चपेट में आने की बजाए घाटी के विकास में सहायक हो रहे हैं। पार्टी आम मुसलमानों को इसी मुद्दे के साथ रिझाने की योजना बना रही है।

### प्रभावशाली मुसलमानों का साथ लेगी

*पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा ने केवल जम्मू रीजन में चुनाव लड़ा था। उसे लगभग 29 विधानसभा क्षेत्रों में बढ़त मिली थी। पअनुमान है कि वह अकेले जम्मू रीजन में ही 35 सीटों तक पर जीत हासिल कर सकती है। उसकी कोशिश कश्मीर के कुछ प्रभावशाली मुसलमानों को साथ लेकर कश्मीर रीजन के हिस्से में आई 47 सीटों में से कुछ सीटें जीतने की हैं, जो उसे बहुमत के आंकड़े 46 तक पहुंचाएंगी।*

## स्वास्थ्य मंत्रालय का निर्देश

# दीक्षांत समारोह के लिए संस्थान भारतीय 'ड्रेस कोड' तैयार करें

ब्रिटिश काल की परंपरा को बदलने की जरूरत बताई




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश के तमाम मेडिकल शिक्षण संस्थानों में कुछ ही दिनों में दीक्षांत समारोह के दौरान भारतीय वेशभूषा देखने को मिलेगी। दरअसल केंद्रीय स्वारस्थ्य मंत्रालय ने मेडिकल कॉलेजों को निर्देश दिया है कि वे सभी दीक्षांत समारोह के दौरान राज्य की परंपरा के अनुसार भारतीय ड्रेस कोड पहने जाएं।

स्वास्थ्य मंत्रालय ने अपने सभी संस्थानों से कहा है कि वे दीक्षांत समारोहों के लिए उस राज्य की परंपराओं के आधार पर एक उपयुक्त भारतीय ड्रेस कोड तैयार करें। इसमें कहा गया है कि काले रंग का गाउन और टोपी पहनने की मौजूदा प्रथा एक ब्रिटिश विरासत है, जिसे बदलने की जरूरत है।

### काले रंग के गाउन-टोपी यूरोप में मध्य युग में चले

स्वास्थ्य मंत्रालय की तरफ से जारी एक पत्र में कहा गया है कि मौजूदा समय में स्वास्थ्य मंत्रालय के कई संस्थानों की तरफ से दीक्षांत समारोहों के दौरान काले रंग के गाउन और टोपी का उपयोग किया जा रहा है। यह पोशाक यूरोप में मध्य युग में शुरू हुई और अंग्रेजों की तरफ से अपने सभी उपनिवेशों में शुरू की गई थी।

### स्वास्थ्य सचिव पास करेंगे ड्रेस कोड



पत्र में कहा गया है कि मंत्रालय की तरफ से ये फैसला लिया गया है कि चिकित्सा शिक्षा प्रदान करने में लगे एम्स और आईएनआई समेत मंत्रालय के कई संस्थान अपने संस्थान के दीक्षांत समारोह के लिए एक उपयुक्त भारतीय ड्रेस कोड तैयार करेंगे। जो उस राज्य की स्थानीय परंपराओं पर आधारित होगा, जहां संस्थान मौजूद है। मंत्रालय ने उन्हें इस संबंध में प्रस्ताव प्रस्तुत करने के लिए कहा, जिसे केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव की तरफ से पास किया जाएगा।

## आज स्टाफ साइड की राष्ट्रीय परिषद के प्रतिनिधियों से करेंगे बात

*पुरानी पेंशन पर पीएम मोदी की बैठक*

# कर्मचारी संगठन दो-फाड़ एआईडीईएफ का बहिष्कार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश में 'पुरानी पेंशन' लागू होगी या 'एनपीएस' ही जारी रहेगी, इस पर अंतिम फैसले की घड़ी करीब आ गई है। शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, स्टाफ साइड की राष्ट्रीय परिषद (जेसीएम) के प्रतिनिधियों से बातचीत करेंगे। यह बैठक पीएम आवास पर बुलाई गई है। इस बैठक से पहले जेसीएम के सदस्यों के बीच तालमेल का अभाव साफ नजर आ रहा है।

रेलवे के बाद केंद्र में दूसरे सबसे बड़े कर्मचारी संगठन अखिल भारतीय रक्षा कर्मचारी महासंघ (एआईडीईएफ) ने पीएम की इस बैठक का बहिष्कार कर दिया है। इसके पदाधिकारियों का कहना है कि उन्हें ओपीएस के अलावा कुछ भी मंजूर नहीं है।

### पुरानी पेंशन पर सरकार का रुख स्पष्ट



*केंद्र सरकार संसद में कह चुकी है कि पुरानी पेंशन योजना उसके विचाराधीन नहीं है। बजट पेश करने के दौरान वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने ओपीएस का जिक्र तक नहीं किया। केंद्रीय कर्मियों के एक बड़े संगठन कॉन्फेडरेशन ऑफ सेंट्रल गवर्नमेंट एम्प्लाइज एंड वर्कर्स के महासचिव एसबी यादव ने बताया कि पीएम की बैठक से पहले हमारा हमारा रुख साफ है। सरकारी कर्मचारियों को ओपीएस ही चाहिए। एनपीएस में संशोधन किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं करेंगे।*

## आरजी कर मेडिकल कॉलेज मामले में अदालत में फूटा गुस्सा

*कोलकाता में रेप-मर्डर का मामला*

# सीबीआई को मिली आरोपी संजय की रिमांड, पेशी में वकीलों ने किया हंगामा

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

कोलकाता मामले के आरोपी संजय रॉय की रिमांड सीबीआई को मिल गई है। पुलिस हिरासत खत्म होने के बाद आरोपी संजय रॉय को अदालत में पेश किया गया।

कोर्ट ने आरोपी की रिमांड सीबीआई को सौंप दी। कोर्ट ने सीबीआई को रॉय की 14 दिन की रिमांड दी है। इस दौरान अदालत में जमकर हंगामा हुआ क्योंकि वकील संजय का विरोध कर रहे थे। वकीलों में आरोपी के खिलाफ भारी गुस्सा है।






### नंदीग्राम में पुलिस से भिड़े भाजपा समर्थक

*घटना को लेकर भाजपा समर्थकों ने शुक्रवार को नंदीग्राम पुलिस स्टेशन में हंगामा किया। भाजपा समर्थकों ने थाना घेराव कार्यक्रम का आयोजन किया था। इस दौरान भाजपा समर्थक पुलिसकर्मियों से भिड़ गए। भाजपा के 100 से ज्यादा समर्थकों ने पुलिस स्टेशन में बैरिकेड तोड़ दिए और पुलिसकर्मियों के साथ धक्का-मुक्की भी की।*

### मेडिकल कॉलेज में वित्तीय गड़बड़ी की जांच करेगी सीबीआई

*आरजी कर मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में वित्तीय अनियमितताओं की जांच सीबीआई को सौंप दी है। अदालत ने जांच राज्य सरकार की ओर से गठित विशेष जांच दल से सीबीआई को स्थानांतरित करने का आदेश दिया। यह फैसला चिकित्सा प्रतिष्ठान के पूर्व उपाधीक्षक अख्तर अली की याचिका के बाद आया है। जस्टिस राजर्षि भारद्वाज ने सीबीआई को 3 सप्ताह के भीतर जांच संबंधी प्रगति रिपोर्ट उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। अगली सुनवाई 17 सितंबर को होगी।*

## प्रॉपर्टी कंसल्टेंसी फर्म नाइट फ्रैंक की रिपोर्ट में दावा

# संपत्ति मूल्य वृद्धि में दिल्ली सबसे आगे, फिर मुंबई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश में प्रॉपर्टी के दाम हर महीने बढ़ रहे हैं। मुंबई और नई दिल्ली में रियल एस्टेट की कीमतों में सालाना आधार पर क्रमशः 13और 10.6 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई है।

बेंगलुरु में मामूली 3.7 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है। वैश्विक स्तर पर मनीला 26 फीसदी की वृद्धि के साथ नाइट फ्रैंक के प्राइम ग्लोबल सिटीज इंडेक्स में शीर्ष पर है। वहीं मुंबई दूसरे नंबर पर है। प्रॉपर्टी कंसल्टेंसी फर्म नाइट फ्रैंक द्वारा जारी अंतरराष्ट्रीय सूचकांक प्राइम ग्लोबल सिटीज इंडेक्स जो दुनिया भर के 44 शहरों में प्राइम आवासीय कीमतों के उतार-चढ़ाव पर नजर रखता है। यह सूचकांक स्थानीय मुद्रा में कीमतों पर नजर रखता है।

### वैश्विक स्तर पर मनीला सबसे ऊपर

प्राइम ग्लोबल सिटीज इंडेक्स क्यू 2 2024 में खुलासा






**मुंबई 13% की वृद्धि के साथ दूसरे, दिल्ली का तीसरा स्थान**

अंतरराष्ट्रीय प्रॉपर्टी कंसल्टेंसी नाइट फ्रैंक ने अपनी रिपोर्ट 'प्राइम ग्लोबल सिटीज इंडेक्स क्यू 2 2024' में बताया कि मुंबई और नई दिल्ली जैसे प्रमुख आवासीय बाजारों में सालाना प्रॉपर्टी की कीमतों में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। मुंबई, आवासों में वर्ष-दर-वर्ष 13% की वृद्धि हुई है, वहीं उसने वर्ष 2024 की दूसरी तिमाही में 6वें स्थान से दूसरे स्थान पर पहुंच गई।

### दिल्ली ने भी छलांग लगाई

*विश्लेषण के अनुसार नई दिल्ली, जिसने प्रमुख आवासीय संपत्ति की कीमतों में वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 10.6% की वृद्धि दर्ज की है, उसने भी रैंकिंग में छलांग लगाई और वर्ष 2023 की दूसरी तिमाही के 26वें स्थान से वर्ष 2024 की दूसरी तिमाही में तीसरे स्थान पर पहुंच गया।*

### बेंगलुरू 15वें स्थान पर

*बेंगलुरू (3.7%) ने 2023 की दूसरी तिमाही और 2024 की दूसरी तिमाही में 15वें स्थान पर अपनी यथास्थिति बनाए रखी। देश का सबसे बड़ा आवासीय बाजार होने के नाते प्राइम आवासीय संपत्तियों में मजबूत मूल्य वृद्धि देश की समृद्ध आबादी की बढ़ती संपत्ति और बढ़ती आकांक्षाओं का एक मजबूत संकेतक है। प्रीमियम मूल्य वाली श्रेणी में मांग विशेष रूप से मजबूत रही है, जो इस वर्ष अब तक की समग्र बिक्री के लिए सबसे मजबूत चालक बन गई है। इसके लिए विश्व भर के 44 शहरों में सर्वक्षण किए गए। वार्षिक मूल्य वृद्धि क्यू1 में 4.1% से घटकर क्यू 2 2024 में 2.6% हो गई, जो दीर्घकालिक औसत 5.3% से नीचे रही।*

## हुड्डा से मिली विनेश फोगाट

# विनेश के कांग्रेस में शामिल होने पर भूपेंद्र बोले- काल्पनिक सवाल

▶▶ नई दिल्ली

पहलवान विनेश फोगाट ने हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा और सांसद दीपेंद्र हुड्डा से नई दिल्ली में मुलाकात की। कहा जा रहा विनेश जल्द ही कांग्रेस ज्वाइन कर सकती हैं। अटकलें हैं कि कांग्रेस फोगाट को उनकी चचेरी बहन और भाजपा नेता बबीता फोगाट के सामने विधानसभा चुनाव लड़ाने की योजना बना रही है। ओलम्पिक में ज्यादा वजन के चलते अयोग्य घोषित फोगाट को लेकर हरियाणा प्रदेश में सहानुभूति की लहर है और कांग्रेस को मालूम है कि विधानसभा चुनाव में इसका राजनैतिक फायदा मिल सकता है। भूपेंद्र ने कांगरेस में शामिल होने को काल्पनिक बताया।



हुड्डा परिवार से मुलाकात के दौरान विनेश के साथ उनके पति सोमबीर राठी भी थे। भूपेंद्र ने इसे शिष्टाचार भेंट बताया। दीपेंद्र हुड्डा की पत्नी श्वेता हुड्डा ने विनेश फोगाट का स्वागत किया।


स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक राजेश मीणा द्वारा अम्बर ऑफसेट प्रा. लि., डी एल टॉवर, 3-ए, विद्याआश्रम संस्थानिक क्षेत्र, जेएलएन मार्ग, जयपुर से मुद्रित एवं बी-66, कुसुम विहार, जगतपुरा, मालवीया नगर, जयपुर से प्रकाशित।
सम्पादक-राजेश मीणा, Email : sanjeevnitoday@gmail.com मोः 8094811115, (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी)